औद्योगिक क्षेत्र का प्रमुख दैनिक (स्थापित : 15 अगस्त, 1947)

# आवाज

धनबाद, हजारीबाग, देवघर व आसनसोल (पश्चिम बंगाल) से प्रकाशित



नरसिंह यादव डब्ल्यूएफआई के एथलीट पैनल के बने अध्यक्ष

दक्षिण एशियाई ट्रायथलॉन सिनिमोल करेंगे भारतीय दल की अगुवाई



# विरासत टैक्स पर मचा बवाल, 20 देशों में क्या है हाल !

- विरासत टैक्स होता क्या है, इसको लेकर आम यूजर्स में क्यों फैला कन्फ्यूजन !

**एजेंसी। 24 अप्रैल**

**नई दिल्ली।** देश में लोकसभा चुनाव हर 5 साल में एक बार होता है, लेकिन अप्रैल-मई में टैक्सपेयर्स को हर साल आईटीआर फाइल करना पड़ता है. हालांकि इसकी लास्ट डेट 31 जुलाई है. मुद्दे की बात करें तो चुनाव में किसे वोट देना है यह जनता तय करती है और जनता से कितना टैक्स वसूलना है यह जनता द्वारा चुनी गई सरकार. अब इन सभी घटनाक्रम के बीच में इंडियन ओवरसीज कांग्रेस के अध्यक्ष पित्रौदा ने एक ऐसा बयान दे दिया है, जिसने टैक्स की गणित को जनता के साथ सरकार के लिए भी त्रिकोणमिति सा कठिन बना दिया है. उन्होंने कहा है कि अमेरिका में विरासत टैक्स लगता है. अगर किसी के पास 100 मिलियन डॉलर की संपत्ति है और जब वह मर जाता है तो केवल 45% ही उसके बच्चों को दी जाती है जबकि 55% सरकार रख लेती है.अब सवाल ये है कि विरासत टैक्स होता क्या है और यह भारत के टैक्स सिस्टम से कितना अलग है. सोशल मीडिया पर इसको लेकर आम यूजर्स में क्यों कंफ्यूजन फैला हुआ है. आज के इस एक्सप्लेनर में आपके इन सभी सवालों का जवाब देने वाले हैं. साथ में 20 देशों में लगने वाले टैक्स पर भी एक नजर डालेंगे ताकि यह समझ आ सके कि दुनिया में टैक्स के तौर पर कौन देश कितना पर्सेंट वसूलता है।

## टॉप 20 देशों में अधिकतम कितना लगता है टैक्स !

- जापान - 55%
- दक्षिण कोरिया - 50%
- फ्रांस - 45%
- यूनाइटेड किंगडम - 40%
- संयुक्त राज्य अमेरिका - 40%
- स्पेन - 34%
- आयरलैंड - 33%
- बेल्जियम - 30%
- जर्मनी - 30%
- इंडिया- 30%
- चिली - 25%
- यूनान - 20%
- नीदरलैंड - 20%
- फिनलैंड - 19%
- डेनमार्क - 15%
- आइसलैंड - 10%
- टर्की - 10%
- पोलैंड - 7%

## भारत में विरासत टैक्स के नाम पर कोई भी कर नहीं वसूलती सरकार

*भारत की बात करें तो यहां विरासत टैक्स नाम से कोई भी टैक्स सरकार नहीं वसूलती है. इंडिया का टैक्स सिस्टम एज ग्रुप के हिसाब से डिवाइड किया गया है, जिसमें 60 वर्ष से नीचे वालों के लिए अलग प्रावधान और छूट है, जबकी 60-80 वालों के लिए अलग व्यवस्था बनाई गई है. वहीं अमेरिका के टैक्स सिस्टम की बात करें तो वहां सिंगल व्यक्ति के लिए अलग प्रावधान है, जिसमें अनमैरेड और डिवोर्स पर्सन आते हैं. वहीं विवाहित जोड़े के लिए ज्वाइंट इनकम के आधार पर अलग से टैक्स सिस्टम तैयार किया गया है. भारत में 2.5 लाख से नीचे के कमाई को टैक्स फ्री रखा गया है. जबकि अमेरिका में 9950 डॉलर (8.28 लाख रुपए) की कमाई वाले सिंगल लोगों को टैक्स फ्री के दायरे में रखा गया है. उससे अधिक कमाने पर 10% का टैक्स लगता है. वहीं जब कमाई उससे अधिक होती है तो 12% का टैक्स वसूला जाता है. साथ में वहां कि सरकार कुछ शर्तों के साथ 12,550 डॉलर यानी 10.45 लाख की टैक्स छूट भी देती है।*

## किसको देना पड़ता है विरासत टैक्स !

विरासत टैक्स एक तरह से संपत्ति पर एक टैक्स है, जिसमें किसी मृत व्यक्ति से पैसा या घर किसी को विरासत में मिला है तो जिस व्यक्ति को संपत्ति विरासत में मिलती है, वह टैक्स का भुगतान करता है. टैक्स की दरें विरासत में मिली संपत्ति और मृतक के साथ उत्तराधिकारी के रिश्ते के पर अलग-अलग होती है. आमतौर पर आप मृतक के जितना करीब होंगे, आपको यह टैक्स चुकाने की संभावना उतनी ही कम होगी. पति-पत्नी को हमेशा विरासत टैक्स का भुगतान करने से छूट दी जाती है, परिवार के सदस्यों को भी अक्सर कम दर का भुगतान करना पड़ता है।

## विरासत टैक्स लगाने का क्या है नियम !

नियम के मुताबिक, अमेरिका में विरासत टैक्स तो लगाया जाता है, लेकिन सिर्फ छह राज्यों में विरासत टैक्स लगाया जाता है और आयोवा ने टैक्स रेट कम करके अगले वर्ष तक इसे घटाकर 5 कर दिया जाएगा और 2025 में इसको खत्म करने की घोषणा की है. टैक्स की दरें राज्य के आधार पर अलग-अलग होती हैं, लेकिन 1% से कम से लेकर 20% तक होती हैं और आमतौर पर छूट सीमा से ऊपर की राशि पर लागू होती हैं. टैक्स दरें आपकी विरासत के आकार, राज्य टैक्स कानूनों और मृतक के साथ आपके संबंधों पर निर्भर करती हैं.

## कितनी राशि पर लगता है विरासत टैक्स !

ऐसा नहीं है कि जब भी किसी शख्स की मौत हो और वह अपने पीछे संपत्ति को अपने बच्चे या किसी दूसरे को विरासत में दे तो उसके ऊपर टैक्स देना जरूरी है. 2024 में यहां पर 13.06 मिलियन डॉलर तक की संपत्ति टैक्स मुक्त है. इसका मतलब है कि 13.06 मिलियन डॉलर से कम की संपत्ति वाले मृतकों के उत्तराधिकारियों को विरासत टैक्स नहीं देना होगाइसके साथ ही अगर किसी दंपति के पास 27.2 मिलियन डॉलर की संपत्ति है तो वह भी टैक्स मुक्त होगी।

## अमेरिका में विरासत टैक्स का इतिहास

संयुक्त राज्य सरकार ने गृह युद्ध में पैसे की जरूरत को पूरा करने के लिए 1862 से शुरू होकर आठ वर्षों के लिए अस्थायी रूप से विरासत टैक्स लगाया. शुरूआत में टैक्स की दर 5% थी और केवल $600 से अधिक की संपत्ति पर लागू होती थी।

## सैम पित्रोदा ने विरासत टैक्स को लेकर क्या दिया बयान !



इंडियन ओवरसीज कांग्रेस के अध्यक्ष सैम पित्रोदा ने कहा, 'अमेरिका में विरासत कर (टैक्स) लगता है। अगर किसी के पास 100 मिलियन डॉलर की संपत्ति है और जब वह मर जाता है तो वह केवल 45 फीसदी अपने बच्चों को दे सकता है। 55 फीसदी सरकार द्वारा हड़प लिया जाता है। यह एक दिलचस्प नियम है। यह कहता है कि आपने अपनी पीढ़ी में संपत्ति बनाई और अब आप जा रहे हैं, आपको अपनी संपत्ति जनता के लिए छोड़नी चाहिए। हालांकि पूरी नहीं, आधी ही। ये जो निष्पक्ष कानून है मुझे अच्छा लगता है।' कांग्रेस नेता ने आगे कहा, 'भारत में आपके पास ऐसा नियम नहीं है। अगर किसी की संपत्ति 10 अरब है और वह मर जाता है, तो उसके बच्चों को 10 अरब मिलते हैं और जनता को कुछ नहीं मिलता।

## सैम पित्रोदा के बयान पर पीएम मोदी ने कांग्रेस को घेरा



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को छत्तीसगढ़ के सरगुजा में चुनावी रैली को संबोधित करते हुए सैम पित्रोदा के विरासत टैक्स वाले बयान पर जमकर निशाना साधा. उन्होंने कहा कि कांग्रेस के इरादे नेक नहीं है. अब उनके खतरनाक इरादे खुलकर सबके सामने आ गए हैं. इसलिए अब वे इंहेरिटेंस टैक्स की बात कर रहे हैं. मोदी ने कहा कि कांग्रेस के इरादे नेक नहीं है, संविधान और सामाजिक न्याय के अनुरूप नहीं है. कांग्रेस की नजर आपकी कमाई, आपके मकान, दुकान, खेत और खलिहान पर भी है. कांग्रेस के शहजादे का कहना है कि ये देश के हर घर, हर अलमारी और हर परिवार की संपत्ति का एक्सरे करेंगे. हमारी माताओं और बहनों के पास जो थोड़ा बहुत स्त्रीधन है, गहने और जेवर हैं, कांग्रेस उनकी भी जांच कराएगी।

## सैम पित्रोदा के बयान के बाद भड़के अमित शाह



केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने केरल के कोच्चि में सैम पित्रोदा के बयान के बाद कांग्रेस पर हमला बोला है. उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी सैम पित्रोदा के बयान के बाद पूरी तरह बेनकाब हो गई है. सबसे पहले घोषणापत्र, फिर पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह का पुराना बयान कि हम देश के संसाधन पर सबसे पहला अधिकार अल्पसंख्यकों का मानते हैं' और अब इनके घोषणापत्र बनाने में अहम भूमिका निभाने वाले सैम पित्रोदा का बयान कि संपत्ति के बंटवारे पर विचार होना चाहिए. अमित शाह ने कहा, जब पीएम मोदी ने यह मुद्दा उठाया तो राहुल गांधी, सोनिया गांधी और पूरी कांग्रेस बैकफुट पर आ गई लेकिन सैम पित्रोदा के बयान ने इनका मकसद स्पष्ट कर दिया है।

# ईडी की कार्रवाई और गिरफ्तारी के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट पहुंचे हेमंत



■ **मांगी अंतरिम जमानत**

**एजेंसी। 24 अप्रैल**

**रांची।** झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने अपनी गिरफ्तारी और ईडी की कार्रवाई के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में एसएलपी दाखिल की है. शीर्ष अदालत में हेमंत सोरेन ने कहा कि हाईकोर्ट से फैसला लंबित है. उन्हें लोकसभा चुनाव में प्रचार करने का मौका नहीं मिल रहा है. हेमंत सोरेन ने अपनी गिरफ्तारी के बाद झारखंड उच्च न्यायालय में रिट दाखिल की थी, जिस पर 28 फरवरी को एक्टिंग चीफ जस्टिस एस चंद्रशेखर और जस्टिस नवनीत कुमार की बेंच ने सुनवाई पूरी करने के बाद फैसला सुरक्षित रख लिया था. इस पर कोई फैसला नहीं आया है. अब सुप्रीम कोर्ट में दाखिल एसएलपी में हेमंत सोरेन की ओर से गुहार लगाई गई है कि फैसला नहीं आने से वह लोकसभा चुनाव के प्रचार में भाग नहीं ले पा रहे हैं. उन्होंने सुप्रीम कोर्ट से अंतरिम जमानत की भी मांग की है. हेमंत सोरेन को 31 जनवरी को ईडी ने जमीन घोटाले में करीब आठ घंटे की पूछताछ के बाद गिरफ्तार कर लिया था. ईडी की कार्रवाई को चुनौती देते हुए पूर्व सीएम हेमंत सोरेन ने 31 जनवरी को सुप्रीम कोर्ट में भी एसएलपी दाखिल की थी. लेकिन, जस्टिस संजीव खन्ना और जस्टिस बेला एम त्रिवेदी की बेंच ने हेमंत सोरेन को पहले झारखंड हाईकोर्ट जाने को कहा था।

# एक ही परिवार के चार लोगों पर एसिड अटैक

**आवाज प्रतिनिधि। 24 अप्रैल**

**साहिबगंज।** साहिबगंज जिले में एक ही परिवार के चार सदस्यों पर एसिड से हमला किया गया है. जिससे सभी लोग गंभीर रूप से घायल हो गये. घटना राजमहल अनुमंडल क्षेत्र में मंगलवार रात दो बजे घटी है. पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है. आरोपियों की तलाश की जा रही है. उस्थानीय लोगों के मुताबिक पीड़ित परिवार एक छोटा सा होटल चलाता है. वह राजमहल अनुमंडलीय अस्पताल के सामने नगर पंचायत द्वारा निर्मित दुकान में ही रहकर होटल चलाता है. रात में परिवार के सभी सदस्य उसी दुकान की छत पर सो रहे थे. इसी दौरान पहले से घात लगाए लोगों ने उन पर एसिड से हमला कर दिया. जिसमें एक नाबालिग भी घायल हो गया है. घायलों में 35 वर्षीय शेख हसीना, 30 वर्षीय आलम शेख, 60 वर्षीय गुलबानो बेवा और उनकी नाबालिग बेटी शामिल हैं।

# मनीष सिसोदिया की न्यायिक हिरासत सात मई तक बढ़ी



**एजेंसी। 24 अप्रैल**

**नई दिल्ली।** दिल्ली आबकारी नीति से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग के मामले में आप नेता और पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया को बुधवार को झटका लगा है। दिल्ली की राउज एवेन्यू अदालत ने सिसोदिया की न्यायिक हिरासत सात मई तक बढ़ा दी है। इससे पहले मनी लॉन्ड्रिंग के मामले में कोर्ट ने सिसोदिया की न्यायिक हिरासत 26 अप्रैल तक बढ़ाई थी। इसी के साथ कोर्ट ने सीबीआई को निर्देश दिया है कि वह इस मामले में बयान और सबूत दिखाने के लिए एक टेबल बनाए। राउज ऐवन्यू कोर्ट में मामले में अगली सुवनाई 7 मई को होगी।


## झारखंड हाई कोर्ट ने बीसीसीएल के चेयरमैन से पूछा

# धनबाद में बंद पड़ी खदानों में क्यों हो रहा अवैध खनन !



**आवाज प्रतिनिधि। 24 अप्रैल**

**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट ने बीसीसीएल, धनबाद में बंद पड़ी खदानों से अवैध खनन रोकने को लेकर दायर जनहित याचिका की सुनवाई बुधवार को की। कोर्ट ने बीसीसीएल के चेयरमैन को शपथ पत्र दाखिल कर बताने को कहा है कि धनबाद क्षेत्र में बंद पड़ी खदानों से अवैध माइनिंग क्यों हो रही है? इस अवैध माइनिंग में कई लोगों की जान चली जाती है। ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए क्या कार्रवाई की गई। इससे पहले याचिकाकर्ता की ओर से कोर्ट को बताया गया कि वर्ष 2022 में बीसीसीएल धनबाद के क्षेत्र में एक ही दिन में 23 लोगों की मौत अवैध खनन के दौरान हुई थी। ऐसी दुर्घटना में मृत लोगों के परिजन समूह को लेकर भाग जाते हैं। मामले को लेकर ना तो प्राथमिकी दर्ज होती है और न ही अवैध खनन में मरे लोगों के परिजनों को मुआवजा मिलता है। इसकी जांच होनी चाहिए कि बंद पड़े खदानों से अवैध माइनिंग क्यों हो रही है। बीसीसीएल को बंद पड़े खदानों से माइनिंग पर रोक के लिए कोई ठोस कदम उठाना चाहिए, ताकि माइनिंग के दौरान दुर्घटना में लोगों की जान बचायी जा सके।



# मतदाताओं को जागरूक करने के लिए स्थानीय भाषा के कार्टून फिल्मों का सहारा ले रही पुलिस

■ वोटर को फोकस कर बनाया गया कार्टून फिल्म

**आवाज प्रतिनिधि। 24 अप्रैल**
**रांची।** राज्य में लोकसभा चुनाव में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए जागरुकता अभियान चलाया जा रहा है। एक तरफ जहां शांतिपूर्ण और सुरक्षित चुनाव संपन्न कराना पुलिस की जिम्मेदारी है, वहीं दूसरी तरफ पुलिस लोकतंत्र के महापर्व में हर कोई अपना योगदान दे इसके लिए भी जोरदार प्रयास कर रही है। पुलिस स्थानीय भाषाओं में कार्टून फिल्में तैयार कर लोगों को जागरूक कर रही है। झारखंड में चार चरणों में चुनाव होने हैं। पहले चरण में 13 मई को चार संसदीय सीटों सिंहभूम, खूंटी, लोहरदगा तथा पलामू में मतदान होगा। वोटिंग प्रतिशत बढ़ सके, इसके लिए हर विभाग अपने-अपने तरह से प्रयास कर रहा है। झारखंड पुलिस भी अलग-अलग तरह से आम लोगों को मतदान करने के लिए प्रेरित कर रही है। इसके लिए बाकायदा स्थानीय भाषा में कार्टून फिल्में भी बनाई गई हैं, जिसके माध्यम से लोगों तक लोकतंत्र के महापर्व में भाग लेने की अपील की जा रही है। राज्य के विभिन्न जिलों में अलग-अलग स्थानीय भाषाएं बोली जाती हैं। ऐसे में यदि उनकी भाषा में ही उन्हें लोकतंत्र के महापर्व के बारे में बताया जाए तो



यह बेहद कारगर सिद्ध होगा। यही वजह है कि राज्य के विभिन्न जिलों में पुलिस कार्टून सीरीज बनाकर उसके जरिए वोट देने के लिए लोगों को प्रेरित कर रही है। नागपुरी भाषा में बनाया गया कार्टून फिल्म काफी लोकप्रिय हो रहा है। इस कार्टून फिल्म में दो गांव वाले आपस में बात करते नजर आते हैं। इनमें से एक पूछता है कि वोट देने जाना है कि नहीं, तो दूसरा उसे समझाता है कि मतदान करना उनका अधिकार है। पहले मतदान करना है और फिर जलपान करना है। स्थानीय भाषा में ही लोगों को यह भी कार्टून के जरिए समझाया गया है कि यदि आपको कोई भी वोट देने से मना करता है, डरता है या धमकाता है तो आप उसकी शिकायत तुरंत पुलिस से करें। इसके लिए डायल 100 और डायल 112 की मदद लें। वीडियो को पुलिस ने सोशल मीडिया पर प्रचार प्रसार के लिए तो डाला ही है, साथ ही पंचायत स्तर पर काम करने वाले यूथ टीम को भी वीडियो भेजा गया है। कार्टून फिल्मों में उस लोकसभा क्षेत्र में होने वाले मतदान की तिथि को लेकर भी जानकारी दी गई है। इस संबंध में डीजीपी अजय कुमार सिंह ने बताया कि जिले की पुलिस अपने-अपने स्तर से विभिन्न तरह के जागरुकता अभियान चला रही है, ताकि वोटिंग प्रतिशत बढ़ाया जा सके। पुलिस के पास जो भी साधन हैं उसका प्रयोग कर आम लोगों को मतदान के लिए जागरूक किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि इस बार के मतदान में कोई भी मतदाता छूटे नहीं, इस ध्येय से कार्य किया जा रहा है।

## झारखंड के लोग खुद बनाते हैं अपनी राह : कल्पना सोरेन



**रांची।** पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन ने विदेश में रहकर पढ़ाई पूरी करने वाले छात्र संजय को बधाई दी है। उन्होंने बुधवार को ट्वीट कर लिखा है खूब बधाई। कोई भी विपत्ति आए झारखंडी अपनी राह खुद बनाता है। उस राह पर चलकर अपनी मंजिल को भी पाता है। क्योंकि, झारखंडियों ने कभी झुकना सीखा ही नहीं है। कल्पना ने लिखा है कि हेमंत सोरेन से जेल में अपनी अगली मुलाकात में मैं आपकी उपलब्धि के बारे में उन्हें जरूर बताऊंगी। वो आपकी इस उपलब्धि पर बहुत खुश होंगे। मुझे वह कहते थे कि झारखंड से 50 से अधिक आदिवासी, दलित, पिछड़ा और अल्पसंख्यक समाज के युवा विदेश में सौ फीसदी सरकारी खर्चे पर पढ़ाई के लिए जा चुके हैं। कुछ की तो विदेश में ही नौकरी भी लग गयी है। वह यह भी कहते थे कि देखना जब यह युवा विदेश में नई-नई जानकारी सीखेंगे तो उसका उपयोग वह अपने लिए, अपने परिवार के लिए, अपने गांव के लिए, अपने समाज के लिए, अपने झारखंड के लिए और देश के लिए कर पाएंगे और यह भी कि अब झारखंड पीछे मुड़कर नहीं देखेगा, आगे बढ़ने का यह जो कारवां शुरू हुआ है, वह बढ़ता ही जायेगा।

## चिह्नित वन क्षेत्र स्थित मतदान केंद्रों के आसपास सतर्क रहें वनरक्षी : रवि कुमार



**रांची।** राज्य के वन क्षेत्रों में स्थित मतदान केंद्रों पर सुगम ढंग से मतदान सम्पन्न कराने के उद्देश्य से बुधवार को हुई बैठक की अध्यक्षता करते हुए मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने कहा कि संबंधित वन प्रमंडल पदाधिकारी अपने-अपने क्षेत्रों में चिह्नित वन क्षेत्र के मतदान केंद्रों के आसपास मतदान दिवस के दिन मानव एवं वन्यजीव टकराव को रोकने का भरसक प्रयास करें। इसके लिए संबंधित मतदान केंद्र के आसपास के निवासियों को भी सचेत करें कि किसी अनहोनी की संभावना नहीं बने और सुगमता से लोग अपने मतदान केंद्रों पर जाकर अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकें। रवि कुमार ने कहा कि समय रहते स्थिति का आकलन कर संबंधित जिला निर्वाचन पदाधिकारी से समन्वय स्थापित करते हुए जरूरी कार्रवाई सुनिश्चित करें। उन्होंने निर्देशित किया कि स्थानीय पुलिस प्रशासन के साथ बेहतर तालमेल के साथ वन क्षेत्रों में मादक पदार्थों और शराब इत्यादि की आवाजाही पर रोक लगाएं। साथ ही दोषियों पर कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित करें।

## एकाउंटेंट हत्याकांड के मुख्य आरोपित सहित नौ लोगों पर हुआ आरोप गठित

**आवाज प्रतिनिधि। 24 अप्रैल**
**रांची।** अपर न्यायायुक्त मनोज चंद्र झा की अदालत में बुधवार को बिल्डर सह जमीन कारोबारी कमल भूषण के एकाउंटेंट संजय कुमार की हत्या के मुख्य आरोपित राहुल कुजूर सहित नौ आरोपितों पर बुधवार को आरोप गठित किया गया। अदालत में आरोप गठन के दौरान आरोपितों को वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिये पेश किया गया। अदालत ने आरोपितों पर लगे आरोप को पढ़कर सुनाया।

आरोपितों ने लगे आरोप को निराधार बताया। सभी ने कहा कि मामले में वह निर्दोष हैं। मामले में





वह आगे ट्रायल फेस करना चाहते हैं। अदालत ने राहुल कुजूर, उसके पिता डब्लू कुजूर, उसकी मां सुशीला कुजूर, आशीष कुजूर, आकाश कुमार वर्मा उर्फ बालकटी, संदीप कुमार प्रसाद उर्फ धबुश, साहिल बाड़ा, सोनू कुमार उर्फ सोनू यादव और विवेक कुमार शर्मा उर्फ गुड्डू पर आरोप गठित किया। इसके बाद अदालत ने अभियोजन पक्ष को मामले में गवाही प्रस्तुत करने का निर्देश दिया। इसके लिए अदालत ने 20 मई की अगली तिथि निर्धारित की है। इस हत्याकांड में कमल भूषण की बेटी सह राहुल कुजूर की पत्नी यामिनी कुमारी और मुख्य शूटर रोहित सिंह भी आरोपित हैं। दोनों जेल में है। दोनों पर अगले महीने आरोप तय किये जाने की संभावना है। बिल्डर सह जमीन कारोबारी कमल भूषण की हत्या के बाद एकाउंटेंट संजय कुमार ही उनका सारा कारोबार देख रहा था। पांच जुलाई, 2023 को रातू रोड के काली मंदिर लेन में अपराधियों ने दिनदहाड़े गोली मारकर उसकी हत्या कर दी थी। घटनास्थल से संजय का घर मात्र 200 मीटर की दूरी पर था। घटना को लेकर सुखदेव नगर थाने में कांड संख्या 238/2022 दर्ज की गई थी।

## संक्षिप्त खबरें

### रांची में कृषि पाठ्यक्रम पर आधारित दो दिवसीय कार्यशाला शुरू

**रांची।** राज्य के 30 सरकारी स्कूलों में पायलट प्रोजेक्ट के रूप में शुरू हो रहे कृषि पाठ्यक्रम पर आधारित दो दिवसीय कार्यशाला की बुधवार को रांची के झारखंड शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद में शुरूआत हुई। इस दो दिवसीय कार्यशाला में छह बुनियादी विद्यालय, 24 नेताजी सुभाषचंद्र बोस आवासीय विद्यालय के शिक्षक एवं ग्राम शिक्षा समिति के सदस्य शामिल हो रहे हैं। कार्यशाला का उद्देश्य स्कूली शिक्षा में कृषि के महत्त्व और कृषि क्षेत्र की व्यावहारिकताओं की व्यापकता का विस्तार करते हुए गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करना है। कार्यशाला का नेतृत्व रामकृष्ण मिशन के संन्यासी सशाकानंद महाराज ने किया। कार्यशाला का संचालन जेसीईआरटी के प्रशासनिक उप निदेशक महीप सिंह, बिरसा कृषि विश्वविद्यालय के रिटायर्ड निदेशक आरपी सिंह रतन, गढ़वा कृषि विश्वविद्यालय के डीन डॉ. अशोक कुमार, व्यावसायिक शिक्षा के राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी स्वप्निल कुजूर ने किया।

### आतंकी फैजान अंसारी की डिस्चार्ज पिटीशन पर सुनवाई पूरी, फैसला तीन को

**रांची।** एनआईए के विशेष न्यायाधीश एमके वर्मा की अदालत में बुधवार को लोहरदगा से गिरफ्तार आतंकी संगठन आईएसआईएस के संदिग्ध आतंकी फैजान अंसारी उर्फ फैज की डिस्चार्ज पिटीशन पर सुनवाई हुई। सुनवाई के बाद अदालत ने फैसला सुरक्षित रख लिया है। अदालत तीन मई को फैसला सुनाएगा। आरोपित ने मामले में खुद को निर्दोष बताते हुए 20 मार्च को डिस्चार्ज पिटीशन दाखिल की थी। अदालत आरोपित की जमानत याचिका पिछले सप्ताह खारिज कर चुका है। एनआईए ने उसे 19 जुलाई, 2023 को गिरफ्तार किया था। तब से वह जेल में है। उस पर आतंकी संगठन आईएसआईएस के विदेशी संचालकों के संपर्क में रहने और भारत में हिंसक कार्रवाई की योजना बनाने का आरोप है।

### आर्म्स एक्ट के एक मामले में साक्ष्य के अभाव में जयनाथ साहू बरी

**रांची।** ज्यूडीशियल मजिस्ट्रेट मान्या टंडन की अदालत ने बुधवार को कुख्यात अपराधी जयनाथ साहू को आर्म्स एक्ट के मामले में साक्ष्य के अभाव में बरी कर दिया है। यह मामला 25 वर्ष पुराना है, जिसमें रांची के लापुंग थाना में वर्ष 1999 में जयनाथ साहू के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई थी। पिछले वर्ष ही जयनाथ साहू ने रांची सिविल कोर्ट में सरेंडर किया था। जब उसने सरेंडर किया था, तब उसके खिलाफ कई गंभीर आपराधिक मामले दर्ज थे। पिछले एक वर्ष में साहू को कई मामलों में साक्ष्य के अभाव में रिहा किया जा चुका है।

### रांची में नाबालिग को कुल्हाड़ी से मारकर जख्मी करने का आरोपित भेजा गया जेल

**रांची।** राजधानी के कांके थाना क्षेत्र में नौ साल के नाबालिग को कुल्हाड़ी से मारकर गंभीर रूप से जख्मी करने के मामले में पुलिस ने बुधवार को आरोपित विजय लोहार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। नाबालिग को रिम्स अस्पताल में भर्ती करवाया गया है, जहां उसकी स्थिति अब खतरे से बाहर बताई जा रही है। मिली जानकारी के अनुसार नाबालिग पर उसके पड़ोसी विजय लोहार ने घर में घुसकर कुल्हाड़ी से कई वार किया। इस हमले में नाबालिग गंभीर रूप से जख्मी हो गया। घटना मंगलवार रात की है। कांके थाना प्रभारी रामकुमार वर्मा ने बताया कि बच्चे के पिता के साथ आरोपित विजय लोहार का कई वर्षों से कुछ बातों को लेकर विवाद चल रहा था। विजय लोहार शराब के नशे में धुत होकर नाबालिग के पिता को जान से मारने के लिए हाथ में कुल्हाड़ी लेकर गया था लेकिन वह घर में नहीं थे। नशे में विजय ने नाबालिग पर ही हमला कर दिया।

## रामगढ़ अंचल का स्टाफ 10 हजार रिश्वत लेते गिरफ्तार

**आवाज प्रतिनिधि। 24 अप्रैल**
**रामगढ़।** एंटी करप्शन ब्यूरो की टीम ने बुधवार को रामगढ़ अंचल के कर्मी अनिल कुमार महली को 10 हजार रुपये रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। एसीपी की टीम ने हल्का तीन के कर्मचारी अमित कुमार लोहरा को भी हिरासत में लिया और उनके कार्यालय की तलाशी ली, जहां से कई अहम दस्तावेज बरामद हुए हैं। इस बाबत एसीबी एसपी आरिफ इकराम ने बताया कि हजारीबाग जिले के कोर्रा थाना क्षेत्र अंतर्गत चुरचू गांव निवासी प्रेम शंकर मेहता ने एक शिकायत भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो में की थी। उन्होंने कहा था कि रामगढ़ अंचल अंतर्गत ग्राम बनखेता में 10 डिसमिल जमीन उन्होंने खरीदी है, जिसका दाखिल खारिज हो गया है। वर्ष 2016-17 तक का रसीद कटा हुआ है। उस जमीन को अपने नाम से ऑनलाइन चढ़ाने और ऑनलाइन रसीद निर्गत करने के लिए अंचल कार्यालय में उन्होंने आवेदन दिया था। एसपी ने बताया कि प्रेम शंकर मेहता ने कई बार कार्यालय के चक्कर लगाए लेकिन उनका काम नहीं हुआ। इसके बाद कार्यालय के स्टाफ अनिल कुमार महली ने उनसे 25 हजार रिश्वत के तौर पर मांगे। बाद में 10 हजार में यह डील हो गई, जिसका सत्यापन भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के पदाधिकारी ने 23 अप्रैल को कराया। इसके बाद भी अंचल कार्यालय के स्टाफ अनिल कुमार महली ने यह कहा कि 10 हजार अभी देना होगा और बाकी पैसे काम होने के बाद देना होगा। बुधवार को जब एसीबी की टीम ने ट्रैप की तो अनिल कुमार महली जो रामगढ़ अंचल में चौकीदार के पद पर कार्यरत है, वह 10 हजार रिश्वत लेते रंगे हाथों पकड़ा गया। चौकीदार ने यह बयान दिया कि यह रिश्वत राजस्व कर्मचारी अमित कुमार लोहरा से काम करने के लिए गए थे। बयान के आधार पर हल्का तीन के कार्यालय में तलाशी ली गई। यहां से जमीन की डीड, दाखिल खारिज तथा रसीद की छाया प्रति बरामद हुई। इस बिंदु पर अनुसंधान जारी है।

## हाई कोर्ट ने विनोबा भावे विश्व विद्यालय के वीसी और रजिस्ट्रार को जवाब के लिए दिया एक और मौका

**आवाज प्रतिनिधि। 24 अप्रैल**
**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट की ओर से प्रमोशन के एक मामले में विनोबा भावे विश्वविद्यालय के वाइस चांसलर (वीसी) और रजिस्टर को दिये गये शोकॉज का जवाब दाखिल नहीं किया जा सका। मामले में हाई कोर्ट ने बुधवार को विनोबा भावे विश्वविद्यालय के वीसी और रजिस्टर को जवाब दाखिल करने के लिए एक और मौका दिया है। कोर्ट ने इन दोनों के अलावा जेपीएससी के सचिव से पूछा है कि याचिकाकर्ता को जो प्रमोशन मिलना है उसे अबतक क्यों नहीं दिया गया? कोर्ट ने याचिकाकर्ता को उसे दिये जाने वाले प्रमोशन जल्द देने का निर्देश देते हुए मौखिक कहा कि कोर्ट के आदेश का अनुपालन नहीं होने पर विनोबा भावे विश्वविद्यालय के वीसी और रजिस्ट्रार पर कड़ी कार्रवाई भी संभव है। इससे पहले सुनवाई के दौरान विनोबा भावे विश्वविद्यालय की ओर से कोर्ट को बताया गया कि उसने याचिकाकर्ता के प्रमोशन से संबंधित दस्तावेज जेपीएससी को भेज दिया है। जेपीएससी की ओर से कहा गया कि उसे अब तक दस्तावेज नहीं मिले हैं। याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता रोहित रंजन सिन्हा ने पैरवी की। कोर्ट ने पिछली सुनवाई में विनोबा भावे वीसी और रजिस्ट्रार को दिये गये शोकॉज पर जवाब दाखिल करने का निर्देश देते हुए पूछा था कि याचिकाकर्ता के पक्ष में प्रोन्नति देने संबंध में जेपीएससी से सहमति मिलने के बाद भी अदालत के समक्ष तथ्य को छुपा कर शपथ पत्र क्यों दाखिल किया गया? उल्लेखनीय है कि डॉ पवन कुमार सिंह विनोबा भावे विश्वविद्यालय के तहत मार्खम कॉलेज, हजारीबाग में पदस्थापित हैं। उन्होंने लेक्चरर सीनियर स्केल एवं रीडर के पद पर प्रोन्नति के लिए हाई कोर्ट में याचिका दाखिल की है।





## लोहरदगा के चार शातिर बदमाश हुए तड़ीपार

### उपायुक्त और पुलिस अधीक्षक ने जारी किए आदेश

**लोहरदगा।** जिला प्रशासन ने भंडरा प्रखंड के चार अपराधियों को तड़ीपार करने की कार्रवाई शुरू कर दी है। इनके खिलाफ डीसी सह जिला दंडाधिकारी ने नोटिस जारी किया है। इन्हें तीन माह के लिए तड़ीपार किया गया है। एसएसपी हरीश बिन जमा ने इन अपराधियों को तड़ीपार करने की अनुशंसा डीसी से की थी। बताया गया है कि भंडरा थाना क्षेत्र के रिजवान अंसारी, अरमान अंसारी, मेहंदी अंसारी एवं कुलदीप लोहरा को जिला तड़ीपार का नोटिस भंडरा पुलिस ने दिया है। तड़ीपार की अवधि में ये चारों शातिर जिले में कहीं भी दिखाई देंगे तो पुलिस कड़ी करवाई करेगी। भंडरा थाना प्रभारी अरविंद कुमार सिंह ने बताया कि लोकसभा चुनाव के दौरान क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से प्रखंड के चार शातिर अपराधियों को जिला तड़ीपार किया गया है।

## रांची में बर्ड फ्लू की पुष्टि, विभाग अलर्ट, आरआरटी का गठन, अंडा की खरीद-बिक्री पर लगी रोक

**आवाज प्रतिनिधि। 24 अप्रैल**
**रांची।** राजधानी रांची में बर्ड फ्लू की पुष्टि हुई है। आईसीएआर-एनआइएचएसएडी भोपाल में रांची के होटवार स्थित क्षेत्रीय कुक्कुट प्रक्षेत्र के कुक्कुटों के जांच किये गये नमूनों में एच फाइव एन वन एवियन इन्फ्लुएंजा की पृष्टि बुधवार को हुई है। बर्ड फ्लू की पुष्टि के बाद जिला प्रशासन की ओर से एक्शन प्लान के तहत रैपिड रिस्पांस टीम (आरआरटी ) का गठन किया गया है। उपायुक्त सह-जिला-दंडाधिकारी, राहुल कुमार सिन्हा ने इस संबंध में आदेश जारी कर रैपिड रिस्पांस टीम का गठन किया है। प्रत्येक टीम में पशु चिकित्सा पदाधिकारियों एवं





कर्मियों की प्रतिनियुक्ति की गयी है। प्रतिनियुक्त पदाधिकारियों एव कर्मियों को जिला पशुपालन पदाधिकारी एवं सहायक निदेशक, कुक्कुट, क्षेत्रीय कुक्कुट प्रक्षेत्र, होटवारी रांची से समन्वय स्थापित करते हुए कार्य करने का निर्देश दिया गया है। एक्शन प्लान के तहत आरआरटी के जरिये क्षेत्रीय कुक्कुट प्रक्षेत्र, होटवार, रांची के शेष बचे कुक्कुटों की कलिंग, वैज्ञानिक विधि से निस्तारण एवं इसके बाद संक्रमित क्षेत्र का वैज्ञानिक विधि से संपूर्ण क्लीनिंग एंड डिसइन्फेक्शन का कार्य किया जाना है। एक्शन प्लान के तहत एपिसेंटर से एक किलोमीटर की परिधि में कुक्कुट पालन से संबंधित सर्वेक्षण का कार्य किया जायेगा। ताकि प्रशासनिक स्तर पर कुक्कुटों की कलिंग के लिए शीघ्र निर्णय लिया जा सके। साथ ही टीम की ओर से एपिसेंटर से 10 किलोमीटर की परिधि के क्षेत्र का मानचित्र बनाकर सर्विलांस जोन के रूप में चिन्हित करते हुए इस क्षेत्र में एवियन इंफ्लुएंजा की सघन निगरानी का कार्य भी किया जाएगा। उपायुक्त ने एहतियात के तौर पर रांची के होटवार स्थित क्षेत्रीय कुक्कुट प्रक्षेत्र (संक्रमित क्षेत्र) से एक किलोमीटर की परिधि में किसी भी जिंदा-मृत कुक्कुटों-कुक्कुट उत्पाद और अंडा की खरीद-बिक्री पर रोक लगाई गई है। साथ ही इनके परिवहन पर भी अगले आदेश तक रोक रहेगा।




औद्योगिक क्षेत्र का प्रमुख दैनिक (स्थापित : 15 अगस्त, 1947)

# आवाज

धनबाद, हजारीबाग, देवघर व आसनसोल (पश्चिम बंगाल) से प्रकाशित

**मौसम**

| स्थान | अधिकतम | न्यूनतम | वर्षा |
|---|---|---|---|
| धनबाद | 39 | 23 | 0% |
| देवघर | 44 | 23 | 0% |
| हजारीबाग | 41 | 19 | 0% |
| आसनसोल | 44 | 25 | 0% |
| रांची | 35 | 23 | 1% |
| पटना | 42 | 26 | 0% |

# थम गया दूसरे चरण के प्रचार का शोर

## 12 राज्यों की 88 सीटों पर 26 अप्रैल को होगा दूसरे चरण का मतदान

- राहुल गांधी, हेमा मालिनी समेत कई दिग्गजों का भविष्य दांव पर



**एजेंसी। 24 अप्रैल**

**नई दिल्ली।** अठारहवीं लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण के लिए 12 राज्यों की 88 सीट पर बुधवार शाम को चुनाव प्रचार थम गया। दूसरे चरण के मतदान में कई दिग्गजों का भविष्य दांव पर लगा है, इनमें बीजेपी के प्रह्लाद जोशी, हेमा मालिनी, ओम बिरला, अरुण गोविल, नवनीत राणा, महेश शर्मा शामिल हैं। इसके अलावा कांग्रेस के शशि थरूर और राहुल गांधी की सीटों पर वोटिंग भी दूसरे चरण में होगी। शशि थरूर तिरुवनंतपुरम और राहुल गांधी केरल के वायनाड से चुनाव लड़ रहे हैं। इस दौरान प्रधानमंत्री मोदी आज मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ में धुआंधार चुनाव प्रचार करने वाले हैं। पीएम मोदी आज सुबह 10:45 बजे छत्तीसगढ़ के सरगुजा में रैली को संबोधित करेंगे। इसके बाद मध्य प्रदेश के सागर में दोपहर 2:45 बजे जनसभा को संबोधित करेंगे। वहीं, शाम 5:15 बजे पीएम बैतूल से सियासी हुंकार भरेंगे। पीएम मोदी आज पुराने भोपाल में रोड शो भी करेंगे। पीएम मोदी का ये रोड शो शाम 7:00 बजे पुरानी विधानसभा के सामने से शुरू होगा और रोशनपुरा चौराहे से होता हुआ अपेक्स बैंक प्वॉइंट के पास खत्म होगा। वहीं, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी अमरावती (एससी) और सोलापुर (एससी) लोकसभा सीटों पर चुनाव लड़ रहे इंडिया अलायंस-महा विकास अघाड़ी के उम्मीदवारों के लिए प्रचार करने के लिए आज महाराष्ट्र में होंगे।

### दूसरे चरण में वोटरों को झुलसा देगी गर्मी

*26 अप्रैल को लोकसभा चुनाव का दूसरा चरण है. पहले चरण का मतदान 19 अप्रैल को हो गया जिसमें वोटिंग प्रतिशत कम रहा था. इसका कुछ कारण गर्म मौसम भी रहा था. मतदाता गर्मी के चलते पोलिंग बूथ पर नहीं गए थे. शुक्रवार को दूसरे चरण में 13 राज्यों की 89 लोकसभा सीटों पर मतदान है. मौसम विभाग ने इस दिन कई राज्यों में दोपहर के समय हीटवेव का अलर्ट जारी किया है.दूसरे चरण में 6 राज्यों की 58 लोकसभा सीटों पर वोटिंग के समय हीटवेव चलने के आसार है. इनमें उत्तर प्रदेश की 8, बिहार की 5, पश्चिम बंगाल की 3, महाराष्ट्र की 8, कर्नाटक की 14, केरल की सभी 20 लोकसभा सीट शामिल हैं. इनके अलावा मध्य प्रदेश की 7, राजस्थान की 13, छत्तीसगढ़ की 3 और असम की 5 सीटों पर तामपान गर्म रहेगा. देश के कई राज्यों में इनदिनों गर्मी का असर देखा जा रहा है. कई स्थानों पर मौसम बिगड़ा हुआ है. कहीं आंधी-बारिश तो कहीं लोगों को लू के थपेड़ों का सामना करना पड़ रहा है।*

# नितिन गडकरी भाषण के दौरान मंच पर गिरे




**एजेंसी। 24 अप्रैल**

**यवतमाल।** केंद्रीय मंत्री और बीजेपी नेता नितिन गडकरी की प्रचार के दौरान तबीयत बिगड़ गई और वह चक्कर खाकर मंच पर ही गिर गए। नितिन के साथ यवतमाल में महायुति की उम्मीदवार राजश्री पाटिल के प्रचार के दौरान ऐसा हुआ। भाषण के दौरान नितिन को चक्कर आया और वह मंच पर गिर गए। फिलहाल उनकी तबीयत स्थिर बताई जा रही है।गडकरी की पहले भी इसी तरह तबीयत बिगड़ चुकी है। वो साल 2018 का समय था, जब महाराष्ट्र के अहमदनगर में एक कार्यक्रम के दौरान वह अचानक मंच पर बेहोश हो गए थे।

## संक्षिप्त खबर

### चुनावी बॉन्ड मामले की एसआईटी जांच की मांग

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट में चुनावी बॉन्ड की जांच से जुड़ी के लिए एक याचिका दायर की गई है। याचिका में इलेक्टोरल बॉन्ड्स (चुनावी बॉन्ड्स) के माध्यम से कॉरपोरेट्स और राजनीतिक दलों के बीच परस्पर सांठगांठ के कथित उदाहरणों की जांच एक विशेष जांच दल (एसआईटी) से कराने की मांग की गई है।याचिका में अधिकारियों को शेल कंपनियों और घाटे में चल रही कंपनियों की ओर से विभिन्न राजनीतिक दलों को मिलने वाले वित्त पोषण के स्रोत की जांच करने का निर्देश देने की भी मांग की गई है। याचिका में कहा गया है कि चुनावी बॉन्ड डेटा के जरिए जिन तथ्यों का खुलासा किया गया है, उनकी विस्तृत जांच कराई जानी चाहिए।

### बंगाल सरकार की याचिका पर एक मई को होगी सुनवाई

**कोलकाता।** सुप्रीम कोर्ट ने पश्चिम बंगाल सरकार द्वारा दाखिल एक मुकदमे पर सुनवाई बुधवार (24 अप्रैल) को एक मई तक के लिए स्थगित कर दी. बंगाल सरकार ने केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) पर राज्य से बिना मंजूरी प्राप्त किए चुनाव के बाद हिंसा मामलों में जांच को आगे बढ़ाने का आरोप लगाया है. बंगाल सरकार का आरोप है कि सीबीआई को राज्य के मामलों की जांच के लिए दी गई मंजूरी वापस लिए जाने के बावजूद भी जांच एजेंसी प्राथमिकियां दर्ज कर रही है और अपनी जांच आगे बढ़ा रही है. जस्टिस बी. आर. गवई और जस्टिस संदीप मेहता की पीठ ने सुनवाई को स्थगित करने के सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता के अनुरोध के बाद मामले को स्थगित कर दिया।

## बंगाल : शिक्षकों और शिक्षाकर्मियों की नौकरी रद्द करने का मामला

# सुप्रीम कोर्ट पहुंची ममता सरकार

**एजेंसी। 24 अप्रैल**

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में 25 हजार शिक्षकों और शिक्षाकर्मियों की नौकरियों को रद्द करने का मामला अब सुप्रीम कोर्ट पहुंच गया है. पश्चिम बंगाल सरकार ने कलकत्ता हाई कोर्ट के आदेश के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की है. राज्य सरकार ने अपनी याचिका में कहा कि पूरा पैनल रद्द होने से योग्य अभ्यर्थियों की नौकरी पर सवाल खड़ा हो गया है. योग्य शिक्षकों और शिक्षाकर्मियों की नौकरी क्यों जानी चाहिए. पिछले दिनों कलकत्ता हाई कोर्ट के जस्टिस देबांशु बसाक और जस्टिस शब्बर रशीदी की खंडपीठ ने पूरे पैनल को ही रद्द करने का आदेश दिया था.कलकत्ता हाई कोर्ट की विशेष पीठ के आदेश पर 25,000 से ज्यादा शिक्षकों और शिक्षाकर्मियों की नौकरियां रद्द की गई हैं. हाई कोर्ट के आदेश के बाद स्कूल सर्विस कमीशन 2016 का पूरा पैनल रद्द कर दिया गया है. इसके बाद आयोग ने कहा था कि वह फैसले को चुनौती देने के लिए सुप्रीम कोर्ट जाएगा. राज्य सरकार ने अपनी याचिका में सवाल उठाया है कि शिक्षकों और शिक्षाकर्मियों की नौकरियां क्यों जाए. पिछले सोमवार को न्यायमूर्ति देबांशु बसाक और न्यायमूर्ति शब्बर रशीदी की खंडपीठ ने आदेश के बाद ग्रुप सी, ग्रुप डी, नौवीं-दसवीं और ग्यारहवीं-बारहवीं की कुल 25 हजार 753 नौकरियां रद्द कर दी है. दूसरी तरफ एसएससी ने दावा किया है कि उसकी तरफ से हाईकोर्ट में सभी अभ्यर्थियों की जानकारी दे दी गई है। नौकरियां रद्द करने के कलकत्ता हाई कोर्ट के फैसले के खिलाफ आम लोगों ने विरोध करना भी शुरू कर दिया है. हजारों की संख्या में लोगों ने कोलकाता के शहीद मीनार मैदान में विरोध प्रदर्शन किया है।



## यूएन में भारत की स्थायी प्रतिनिधि रुचिरा कंबोज बोलीं

# महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए भारत ने किया संविधान में संशोधन

**एजेंसी। 24 अप्रैल**

**नई दिल्ली।** संयुक्त राष्ट्र में भारत की स्थायी प्रतिनिधि रुचिरा कंबोज ने महिलाओं की सुरक्षा के प्रति भारत की प्रतिबद्धता को लेकर बात की। उन्होंने अंतर्राष्ट्रीय सहयोग, राष्ट्रीय नीति सुधारों और जमीनी स्तर की पहल के लिए देश के समर्पण पर जोर दिया। साथ ही कहा कि बदलाव के रूप में सशक्त महिलाओं की महत्वपूर्ण भूमिका को स्वीकार करते हुए भारत सरकार ने हाल ही में महिलाओं के लिए राष्ट्रीय और राज्य विधानसभाओं में 1/3 सीटें आरक्षित करने के लिए अपने संविधान में संशोधन किया है। यह कदम शांति और सुरक्षा में उनके महत्वपूर्ण योगदान को दशार्ता है। कंबोज बुधवार को संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में संघर्ष-संबंधित यौन हिंसा (सीआरएसवी) को रोकने पर एक खुली बहस को संबोधित कर रही थीं। इस दौरान उन्होंने कहा कि महिला शांति और सुरक्षा एजेंडे के प्रति हमारे देश का समर्पण संघर्ष संबंधी यौन हिंसा का मुकाबला करने के लिए एक व्यापक दृष्टिकोण के माध्यम से प्रदर्शित होता है। इस दृष्टिकोण में अंतर्राष्ट्रीय सहयोग, राष्ट्रीय नीति सुधार और जमीनी स्तर की पहल शामिल हैं। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर, भारत ने संयुक्त राष्ट्र शांति मिशन में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। शांति और सुरक्षा नीतियों में लैंगिक दृष्टिकोण को शामिल करने की आवश्यकता के बारे में बहुत मुखर रहा है।


रुचिरा कंबोज

# झारखंड में मतदान के दिन रहेगा सार्वजनिक अवकाश




**आवाज प्रतिनिधि। 24 अप्रैल**

**रांची।** राज्य में चार चरणों में होने वाले लोकसभा चुनाव को देखते हुए संबंधित संसदीय क्षेत्रों व संबद्ध जिलों में निर्वाचन के दिन सार्वजनिक अवकाश घोषित कर दिया गया है। निर्धारित मतदान की तिथि को निगोशिएबल इंस्ट्रूमेंटल एक्ट के तहत संबंधित लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों एवं गांडेय विधानसभा क्षेत्र में स्थित सभी सरकारी कार्यालय और सार्वजनिक प्रतिष्ठान मतदान की तिथि को बंद रहेंगे। इस दिन बैंक भी बंद रहेंगे। मंत्रिमंडल निर्वाचन विभाग के पत्र के बाद कार्मिक विभाग ने बुधवार को इस संबंध में अधिसूचना जारी की है।

# झारखंड : चुनाव में तैनात होंगे 13,879 होम गार्ड के जवान



**एजेंसी। 24 अप्रैल**

**रांची।** लोकसभा चुनाव 2024 को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने में झारखंड के होम गार्ड जवान भी अपनी सर्वश्रेष्ठ भूमिका निभायेंगे. लोकसभा चुनाव 2024 में कुल 13879 होम गार्ड तैनात किए जा रहे हैं. राज्य के 70% होम गार्ड जवानों को चुनाव कार्य के लिए ड्यूटी से वापस बुला लिया गया है. पुलिस मुख्यालय की ओर से जारी आदेश में बताया गया है कि कुल 13879 होम गार्ड जवानों को लोकसभा चुनाव 2024 में ड्यूटी के लिए 6 मई 2024 से 4 जून 2024 तक प्रतिनियुक्त किया जाना है. सूची के मुताबिक, हजारीबाग और रामगढ़ जिला/इकाई के कुल प्रभावित बल का 70% होम गार्ड्स को कंपनीवार गठन करते हुए नियंत्रण एवं पर्यवेक्षण के लिए रामगढ़ जिला समादेष्टा मोहम्मद इम्तियाज के नेतृत्व में होम गार्ड बटालियन का गठन किया गया है. लोकसभा चुनाव 2024 में गृह रक्षा वाहिनी, हजारीबाग और रामगढ़ से चुनाव ड्यूटी में प्रतिनियुक्त होने वाले सभी होमगार्ड के कमांडिंग ऑफिसर मोहम्मद इम्तियाज होंगे. दूसरी ओर, 70 फीसदी होम गार्ड जवानों को एक साथ ड्यूटी से वापस बुलाये जाने पर झारखंड होम गार्ड वेलफेयर एसोसिएशन ने नाराजगी जतायी है. झारखंड होम गार्ड वेलफेयर एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष रवि मुखर्जी ने कहा कि काफी कानूनी लड़ाई लड़ने के बाद विभिन्न सरकारी संस्थानों, पुलिस स्टेशनों और बैंकों में ड्यूटी के लिए होम गार्ड जवानों के लिए पद सृजित किये गये।

## और बढ़ी भारत की मिसाइल पावर, सकते में चीन-पकिस्तान

# बैलिस्टिक मिसाइल का नया संस्करण लांच

**एजेंसी। 24 अप्रैल**

**नई दिल्ली।** भारत लगातार अपनी मिसाइली ताकत बढ़ने में लगा है. देश सैन्य क्षमताओं को मजबूत करते हुए नए-नए मिसाइलों का परीक्षण कर रहा है. इसी बीच देश ने एक और बैलिस्टिक मिसाइल के नए संस्करण का सफलतापूर्वक लांच किया है. ये मिसाइल 250 किलोमीटर से अधिक दूरी तक लक्ष्य को मार सकती है. मंगलवार को हुए मिसाइल के प्रक्षेपण में यह अपने सभी मानकों पर खरी उतरी है.अंडमान और निकोबार द्वीप समूह में भारतीय वायु सेना द्वारा परीक्षण की गई मिसाइल इजराइली मूल की क्रिस्टल मेज 2 हवा से लॉन्च की जाने वाली बैलिस्टिक मिसाइल है. इसे रॉक्स के नाम से भी जाना जाता है।

### मिसाइलों का सफल परीक्षण



भारतीय वायुसेना अब मेक इन इंडिया के जरिए बड़ी संख्या में इजराइली मिसाइलें हासिल करने की योजना बना रही है क्योंकि यह एक अनोखी क्षमता देती है. इस मिसाइल भारतीय वायुसेना द्वारा एसयू-30 लड़ाकू विमान से दागा गया था. ये मिसाइल ऊपर की ओर जाती है और फिर तेज गति से अपने लक्ष्य की ओर बढ़ती है. आपको बता दें, मंगलवार को हुए मिसाइल के प्रक्षेपण में यह अपने सभी मानकों पर खरी उतरी है. भारत ने पहले भी कई अत्याधुनिक मिसाइलों का सफल परीक्षण किया है।

### हवा से करती है वार

*क्रिस्टल मेज 2 एक विस्तारित स्टैंड-ऑफ रेंज वाली हवा से सतह पर मार करने वाली मिसाइल है. इसे भारतीय वायुसेना द्वारा भारतीय विरोधियों के लंबी दूरी के रडार और वायु रक्षा प्रणालियों जैसे उच्च-मूल्य वाले स्थिर और स्थानांतरित लक्ष्यों पर हमला करने के लिए उपयोग करने की योजना है. दावा किया जाता है कि मिसाइल जीपीएस-अस्वीकृत वातावरण में लक्ष्यों के खिलाफ प्रभावी है, जैसा कि कारगिल युद्ध के दौरान भारत ने सामना किया था।*



# कांग्रेस करती है तुष्टिकरण की राजनीति : नारायण दास

आवाज संवाददाता

**देवघर।** देवघर विधायक नारायण दास ने शहरी क्षेत्र के एक निजी होटल के सभागार में प्रेस वार्ता करते हुए बताया कि 60 के दशक से कांग्रेस ने तुष्टिकरण की राजनीति को चुनाव जीतने का हथियार बनाया। हम वर्षों से इसके खिलाफ लड़ रहे थे। 2014 से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विकास का एजेंडा देश में सेट किया, जिसके बाद कांग्रेस लगातार पराजित हो रही है। अब कांग्रेस फिर से एक बार तुष्टीकरण के आधार पर आगे बढ़ना चाहती हैं। उन्होंने कहा कि इंडी गठबंधन की नजर अब आपकी कमाई और संपत्ति पर है । आपकी संपत्ति पर कांग्रेस अपना पंजा मारना चाहती है। जिसके पास कितनी प्रॉपर्टी है किसके पास कितना धन है किसके पास कितने मकान है कांग्रेस सरकार इसकी जांच कराएगी यह जो संपत्ति है उनको सरकार अपने कब्जे में लेकर सभी को बांट देगी। माता बहनों का मंगलसूत्र अब सलामत नहीं रहेगा। मौके पर जिला अध्यक्ष सचिन रवानी, महामंत्री अधिर चंद्र भैया, पंकज सिंह भदोरिया, जिला प्रवक्ता सचिन सुल्तानिया, धनंजय खवाड़े, अजीत सिंह व अन्य मौजूद थे



प्रेस वार्ता करते विधायक नारायण दास

### परिवारवाद से देश में खड़ा किया साम्राज्य

प्रेस वार्ता के दौरान विधायक नारायण दास ने कहा कि इन परिवारवादी लोगों ने देश को लूटकर अपना इतना साम्राज्य बना लिया है। और देश को कुछ नहीं दिया है, जनता के धन को लूटने देश को लूटने ही कांग्रेस अपना जन्मसिद्ध अधिकार समझती है। कहा कि, कांग्रेस के घटक दल बिहार, उत्तर प्रदेश, झारखण्ड, बंगाल व अन्य राज्यों में परिवारवाद को बढ़ावा दे रहा है। अकुट संपती अर्जित किया है जिसका खामियादा हेमंत सोरेन भुगत रहा है।

## समीक्षा : यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों को ऑनलाइन चालान भेजने का दिया निर्देश

आवाज संवाददाता



समीक्षा बैठक में दिशा-निर्देश देते डीसी-एसपी

**देवघर।** उपायुक्त विशाल सागर की अध्यक्षता में शहरी परिवहन, यातायात एवं सड़क सुरक्षा से जुड़े विभिन्न बिंदुओ की समीक्षा बैठक का आयोजन समाहरणालय सभागार में किया गया। इस दौरान उन्होंने पूर्व की बैठक में दिए गए निदेर्शों के अनुपालन की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक व उचित दिशा-निर्देश दिया गया। साथ ही जिला अन्तर्गत चिन्हित ब्लैक स्पॉटों पर सुधारात्मक व सुरक्षात्मक व्यवस्था सुनिश्चित करने के उदेश्य से राष्ट्रीय उच्च पथ, पथ निर्माण विभाग के कार्यपालक अभियंता व जिला परिवहन पदाधिकारी को आपसी समन्वय के साथ कार्य करने का निदेश दिया। बैठक के दौरान उपायुक्त विशाल सागर ने देवघर जिला अन्तर्गत हो रहे सड़क हादसों में कमी लाने के उदेश्य से थानावार हादसों से जुड़े जानकारी व आंकड़ों को एकत्रित कर एनालाईसिस करने का निदेश दिया, ताकि सड़क हादसों के कारणों की जानकारी इकठा कर उस दिशा में कार्य करते हुए सड़क हादसों में कमी लाई जा सके। उपायुक्त ने शहरी क्षेत्र अन्तर्गत यातायात व्यवस्था को सुगम बनाने के उद्देश्य से विभिन्न बिन्दुओं की समीक्षा करते हुए नगर निगम क्षेत्र अन्तर्गत सड़क सुरक्षा नियमों का उल्लंघन करने के अलावा बिना रजिस्ट्रेशन, बिना लाईसेंस, वाले टोटो, ट्रैक्टर, बड़े-छोटे मालवाहक वाहनों पर कार्रवाई करने का निदेश दिया। साथ ही शहरी क्षेत्र अन्तर्गत लगाये गये सीसीटीवी कैमरा का उपयोग करते हुए नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहनों का ज्यादा से ज्यादा चालान करें, ताकि अन्य लोग भी इससे सबक लेते हुए सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करें। इसके अलावे उपायुक्त ने नगर निगम के अधिकारियों को ट्रैफिक डीएसपी एवं जिला परिवहन पदाधिकारी का आपसी समन्वय स्थापित करते हुए अतिक्रमण व ट्रैफिक नियमों का अनुपालन शत प्रतिशत सुनिश्चित करने का निर्देश दिया, ताकि आम जनों को ट्रैफिक के कारण किसी प्रकार की परेशानी ना हो। उपायुक्त ने चौपा मोड़, देवघर एयरपोर्ट मोड़, समाहरणालय ओवर ब्रिज के दोनों ओर सुरक्षात्मक व सुधारात्मक व्यवस्था सुनिश्चित करने का निदेश संबंधित कार्यपालक अभियंता को दिया गया।

## संक्षिप्त खबर

### पारिवारिक विवाद में मारपीट, चार घायल

आवाज संवाददाता।

**देवघर।** देवीपुर थाना क्षेत्र के दरंगा गांव के जीतुआ बाजार गांव में परिवारीक विवाद को लेकर मारपीट हो गयी. जिसमें तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गये. जिसे इलाज के लिये सदर अस्पताल लाया गया. जहां पर ऑन ड्यूटी चिकित्सक के द्वारा इलाज कर वार्ड में भर्ती कर दिया गया. घटना के संबंध में घायल राजेश मंडल ने बताया कि घर में सास और बहु के बीच किसी पारिवारिक विवाद को लेकर झगड़ा हो रहा था. जिसको लेकर आपस में बात विचार कर रहे थे. तभी भाभी के मायके वाले वहां पहुंचे और मारपीट करना शुरू कर दिया. जिसमें राजेश मंडल, पार्वती देवी, मंगल मडल, प्रदीप मंडल घायल हो गया. वहीं दूसरे पक्ष के बाबूलाल साह भी गंभीर रूप से घायल हो गए हैं. इन सभी का इलाज सदर अस्पताल में कराया जा रहा है. वही घटना की जानकारी संबंधित थाना की पुलिस को दे दी गई है पुलिस मामले को लेकर जांच कर रही है.

### बाइक से गिरकर युवक घायल, भर्ती

आवाज संवाददाता।

**देवघर।** सातवां थाना क्षेत्र के जिया पानी चंदना मोड़ के पास बाइक से गिरकर एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया. जिसे इलाज के लिये सदर अस्पताल लाया गया. जहां पर ऑन ड्यूटी चिकित्सक के द्वारा इलाज कर वार्ड में भर्ती कर दिया गया. घटना के संबंध में घायल विशाल यादव ने बताया कि वह एक शादी समारोह में जा रहा था, उसी दौरान जिया पानी चंदना मोड़ के पास रोड पर गिरे गिट्टी पर बाइक फिसल गया, जिससे बाइक असंतुलित हो कर बाइक सवार विशाल यादव बाइक से गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया. जिसके बाद स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना परिजनों को दी, जिसके बाद परिजन घटनास्थल पर पहुंचे और घायल को इलाज के लिए सदर अस्पताल पहुंचाया. जहां पर इलाज जारी है. वही घटना की जानकारी वैद्यनाथ धाम ओपी पुलिस को दे दी गयी.

### अज्ञात वाहन ने एक व्यक्ति को मारी टक्कर, भर्ती

आवाज संवाददाता।

**देवघर।** रिखिया थाना क्षेत्र के पिपरा मोड हनुमान मंदिर के पास मारपीट में एक व्यक्ति घायल हो गया. जिसे इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया गया. जहां पर ऑन ड्यूटी चिकित्सक के द्वारा इलाज कर छुट्टी दे दी गई है. घटना के संबंध में घायल कटोरिया थाना क्षेत्र के बगड्डबा गांव निवासी मिश्री यादव ने बताया कि वह अपने परिजन के यहां पूजा में जा रहा था. उसी दौरान पिपरा हनुमान मंदिर के पास बाइक को किनारा रखकर टॉयलेट कर रहा था, तभी अज्ञात युवा बाइक से आए और मेरे बाइक में धक्का मारते निकल गया और गाली गलौज करने लगा जिसको टोकने पर युवक बाइक खड़ा करके आया और मेरे साथ मारपीट करने लगा. इसी बीच दो युवकों के द्वारा मेरा बाइक लेकर अपने घर चले गये. इसकी सूचना रिखिया थाना पुलिस को दी गयी. जिसके बाद पुलिस ने जांच पड़ताल शुरू कर दी, जिसके पुलिस पिपरा गांव पहुंचे, जहां पर घटना के संबंध में पूछताछ करना शुरू किया उसी क्रम में युवक के परिजन वहां पहुंच और पथराव शुरू कर दिया. जिसमें कई पुलिस कर्मियों को भी चोट लगी. इसके बाद पुलिस वहां से वापस चली आयी और घायल मिश्री यादव को इलाज के लिए सदर अस्पताल भेजा गया. जहां पर इलाज के बाद डॉक्टर के द्वारा घायल को छुट्टी दे दी गई है वहीं पुलिस मामले को लेकर जांच पड़ताल कर रही है.

## राज्य शहरी प्रबंधक ने अटल मोहल्ला क्लीनिक व यूपीएचसी का किया निरीक्षण



निरीक्षण करते राज्य शहरी प्रबंधक

आवाज संवाददाता

**देवघर।** बुधवार को राज्य शहरी प्रबंधन मो यूसुफ अंसारी एवं राज्य एम आई एस प्रबंधक संतोष पात्रों द्वारा देवघर शहरी क्षेत्र संचालित अटल मोहल्ला क्लीनिक थाड़ी दुलमपुर और शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कल्याणपुर का निरीक्षण किया गया. इस निरीक्षण के क्रम में अटल मोहल्ला क्लीनिक थाड़ी दुलमपुर में चिकित्सा पदाधिकारी डा प्रियंका, डॉ सुबोध प्रसाद साह, ए एन एम पूजा कुमारी एवं सहयोग कर्मी विकाश सहिया सोनाली देवी और मीनू देवी उपस्थित थी. निरीक्षण में ओपीडी कक्ष, स्टोर, लैब, दवा वितरण पंजी का निरीक्षण किया. अटल मोहल्ला क्लीनिक में उपस्थित आयुष चिकित्सा पदाधिकारी को निदेशित किया कि ज्यादा से ज्यादा लोगों को आयुष चिकित्सा पद्धति के बारे में प्रचार प्रसार किया जाये, जिससे इसका लाभ आम जनता उपलब्ध हो सके. अटल क्लिनिक मे प्रति माह 700 से 800 एनसीडी की स्क्रीनिंग करने साथ ही परिवार कल्याण सेवाओं को सुदृढ़ करने का निदेश दिया गया, इसके बाद शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कल्याणपुर का निरीक्षण किया गया. जिसमें निरीक्षण के क्रम में चिकित्सा पदाधिकारी डॉ मोहम्मद हुजैफा, सीएफएम विभाग एम्स के डॉ बिजीत बिस्वास को सभी रिकॉर्ड को पूर्ण रूप से अपडेट करने तथा साफ सफाई एवं व्यवस्थित रखने का निर्देश दिया. शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर फिक्स दे अप्रोच के तहत परिवार कल्याण सेवाओं को सुदृढ़ करने तथा गुणवत्ता आश्वासन कार्यक्रम के तहत कायाकल्प एवं एनक्वास के तहत मूल्यांकन करने का निदेशित किया गया. इस दौरान जिला शहरी स्वास्थ्य प्रबंधक सुनील मणि त्रिपाठी, सुनील कुमार, देवराज चौधरी, प्रशांत कुमार, आशीष झा, डॉ अंकित अनमोल उपस्थित थे.

## बोलेरों ने पेड़ में मारी टक्कर चार घायल, भर्ती

आवाज संवाददाता।

**देवघर।** सरैयाहाट थाना क्षेत्र के दिघी गांव के पास अनियंत्रित बोलेरो गाडी ने पेड़ में टक्कर मार दी, जिसमें चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गये. जिसे इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया गया. जहां पर ऑन ड्यूटी चिकित्सक के द्वारा चारो घायलों का इलाज कर वार्ड में भर्ती कर दिया. घटना के संबंध में परिजनों ने बताया कि सभी लोग टेलवा बाजार बारात गये थे, वहां से सुबह 4:30 निकलने पर दीघी गांव के पास ड्राइवर का आंख लग जाने से बोलोरो ने पेड़ में टक्कर मार दी, जिससे गाड़ी में बैठे चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गये एवं अन्य को हल्की-फुल्की चोट लगी है. जिसमें जमुनिया गांव निवासी अशोक पंडित, नीतीश कुमार, कृष्ण पंडित एवं मिट्ठू पंडित गंभीर रुप से घायल हो गये, जिसका इलाज सदर अस्पताल में किया जा रहा है वहीं घटना की जानकारी संबंधित थाना की पुलिस को दे दी गई है पुलिस मामले को लेकर जांच पड़ताल कर रही है।

## अंडर 16 इंटर डिस्ट्रिक्ट टूर्नामेंट : चतरा ने साहिबगंज को 95 रनों से हराया

आवाज संवाददाता




विजेता टीम को सम्मानित करते

**देवघर।** आज का मैच स्थानीय के के एन स्टेडियम में झारखंड क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा आयोजित अंडर 16 इंटर डिस्ट्रिक्ट टूनामेंट में आज का मैच चतरा बनाम साहिबगंज के बीच खेला गया। देवघर में अंडर 16 का मैच देवघर, चतरा ,गिरिडीह साहिबगंज, बोकारो और गोड्डा के बीच खेला जाएगा। आज के खेले गए मैच में चतरा ने साहिबगंज को 95 रनो से हरा दिया। चतरा के कप्तान रविकांत ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। चतरा की टीम पहले बल्लेबाजी करते हुए न 46 ओवर में सभी विकेट खोकर 295 रन ही बन सका। चतरा के तरफ से बल्लेबाजी करते हुए सत्यम राज ने शानदार बल्लेबाजी का प्रदर्शन करते हुए अपने टीम के लिए शतक लगाया उन्होंने 74 गेंद में चार छक्के 15 चौका की मदद से 106 रन बनाए वहीं दूसरे बल्लेबाज अर्श अद्योत ने 81 गेंद खेल कर नौ चौकों की मदद से 55 रन बनाएं। साहिबगंज के तरफ से गेंदबाजी करते हुए अमित राज ने तीन विकेट लिया,अब्राहम शेख और एमडी हजरत ने दो-दो विकेट लिया ,मोहम्मद जुनैद और एमडी कैफ ने 1-1 टिकट लिया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी साहिबगंज की टीम ने 37 ओवर 3 गेंद में सभी विकेट खोकर 200 रन ही बन सका। साहिबगंज की तरफ से बल्लेबाजी करते हुए ज्ञान दैविक ने 54 गेंद में आठ चौका की मदद से 47 रन ,वहीं दूसरे बल्लेबाज आदित्य ज्ञान ने 36 गेंद में पांच चौकों की मदद से 27 रन बनाएं। वहीं छात्रा के तरफ से गेंदबाजी करते हुए वेंकटेश दुबे ने चार विकेट लिया,अंकित कुमार और श्रेयांश ने दोनों गेंदबाजों ने दो-दो विकेट लिया रविकांत और मेहुल ने एक विकेट लिया। आज के मैच में चतरा के तरफ से बेहतरीन बल्लेबाजी करने के लिए सत्यम राज को मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया गया। मैच में अंपायर की भूमिका में रमेश कुमार और ओ पी गुप्ता थे जबकि स्कोर की भूमिका में सूरज कुमार थे। आज के मैच झारखंड क्रिकेट एसोसिएशन के द्वारा टी आर डी ओ की भूमिका में देवेश चंद्रा थे। आज के मैच में देवघर क्रिकेट एसोसिएशन के तरफ से सचिव विजय झा, संजय मालवीय, वीरेंद्र सिंह,अनिल झा,नवीन शर्मा,राजेश कुमार,मिंटू सिंह , इफ्तिखार शेख, राजेश सिंगारी, अरविंद , नीरज सिन्हा,अमरेंद्र कुमार, ज्ञान सिंह,अभय गुप्ता, हिमांशु कुमार सिंह, राकेश पांडे मौजूद थे।

## पूर्णिमा से तीन कीर्तन मंडली ने की भजनों की शुरूआत



आवाज संवाददाता

**देवघर।** बाबा मंदिर में चल रहे बैशाख मासव्यापी कीर्तन के अंतर्गत तीन दलों के कीर्तन का शुभारंभ पूर्णिमा से किया गया है. इसमें सिंह द्वार स्थित बम बम बाबा कीर्तन मंडली, टावर चौक स्थित बालेश्वर गोपाल कीर्तन मंडली तथा बसंत कीर्तन मंडली शामिल हुये. मंगलवार को पूर्णिमा पर तीन कीर्तन मंडली बम बम बाबा कीर्तन मंडली, बालेश्वर मंदिर गोपाल कीर्तन मंडली, बसंत कीर्तन मंडली के द्वारा बाबा व हरि की पुजा कर कार्यक्रम की शुरूआत की. पुर्णिमा में बसंत कीर्तन मंडली के सदस्यों ने परंपरा का निर्वाह करते हुए बसंत कीर्तन मंडली मुख्य गायक लक्ष्मीकांत सरेवार, प्रफुल्ल राज जजवाडे. के नेतृत्व में अपने स्थायी मंदिरों में गणेश वंदना लाले लाल सुन्दर बदनवा...., छमा करो हो दोष ओ है आशुतोष..., आदि भजनों की वर्षा की. भजन मंडली में प्रो रूद्र नंद झा, बॉबी राज जजवाड़े, नुनु मणि मिश्र, सनातन मिश्र, शिवपूजन झा, मुकुल फलाहारी, मधु झा आदि मौजूद रहे. इसके अलावा मासव्यापी कीर्तन में परंपरा का निर्वाह करते हुए टावर चौक स्थित बालेश्वर मंदिर गोपाल कीर्तन मंडली के मुख्य गायक मनोज झा के नेतृत्व में अपने स्थायी मंदिरों में गणेश वंदन गाइये गणपति जग वंदन..., जो मैं होती जल की मछलियां प्रभु करते स्नान चरण चूम लेती है माधो..., भजनों की झड़ी लगा दी.भजन मंडली में श्रीराम झा, कमल पुरोहितवार, सोहन झा, किशोरी ठठेरा, राजेश झा, सदाशिव झा आदि सदस्य शामिल हुए. इसके अलावा तीसरे किर्तन मंडली बम बम कीर्तन मंडली के अध्यक्ष हीरामन द्वारी के नेतृत्व में अपने स्थायी मंदिरों में गणेश वंदना....., हो भोले शंकर हो दानी शंकर तुम पतित पावन हो अधम उधार..., भजन करके बाबा मंदिर भजनों की वर्षा कर भक्तों को झुमने पर मजबुर कर दिया।

# रोष : ग्रामीण लगा रहे सड़क बनाने की गुहार, करेंगे चुनाव का बहिष्कार



विरोध प्रदर्शन करते ग्रामीण

आवाज संवाददाता

**देवघर।** लोकसभा चुनावे में इस बार जनता अलग मूडे में दिख रही है। चुनावे को लेकर तमाम दले के नेता प्रत्याशी बड़े बड़े वादे कर अपने पक्षे में मतदान कराने में भरसक प्रयास कर रहे हैं, परंतु कई क्षेत्रों में विकासे के दावे खोखले साबित हो रहे हैं। जनता ने इस बार किसी पार्टी के उम्मीदवार को नहीं देख रही है। मुद्दो सिर्फ क्षेत्रे के विकास से जुड़ो रहेगो और उम्मीदवारों से इसका हिसाब मांगा जाएगा। दरअसल मामला मोहनपुर प्रखंड क्षेत्र के पोस्तवारी पंचायत अंतर्गत हथवारी गांव का है । जहां सैकड़ों ग्रामीणों ने सड़क की मांग को लेकर वोट का बहिष्कार करने की बात बताई । गांवे के ग्रामीणों ने वर्तमान विधायक पूर्व विधायक व सांसद से लेकर प्रशासनिक विभाग पर ध्यान न देने का आरोप लगाया है। ग्रामीण विष्णु यादव बताते हैं कि कई बार आला अधिकारी को सड़के की समस्या से निजात दिलाने के लिए आवेदन कर चुका हूं। परंतु कोई सुनवाई नहीं होती हैं, डिजिटल युगे में सड़के का ना होना दुर्भाग्य की बात है, सड़के ना होने के कारण कई परिवार अन्य जगह गांव से बाहर चले गए हैं। वहीं कई ग्रामीणों ने विरोध जताते हुए नोटा पर मतदान करने का बात कही है। कहा आज तक किसी नेता विधायक सांसद ने हमारे गांव का सुध नहीं लिया है।

### क्या कहते हैं ग्रामीण

गांव में सड़क नहीं रहने के कारण आपातकालीन स्थिति में एम्बुलेंस , फायर ब्रिगेड की गाड़ी नहीं पहुंच पाती है। ग्रामीणों को काफी समस्या झेलना पड़ता है। सड़क का समाधान नहीं होने पर चार गांव के लगभग 1500 ग्रामीण वोट का बहिष्कार करेंगे।

**विष्णु यादव**

आजाद भारत के इतने वर्ष बीत जाने के बाद भी सड़क नहीं बन पाया। सड़क का समाधान नहीं हुआ तो हम लोग वोट देने घर से नहीं निकलेंगे ।

**लक्ष्मी देवी**

यदि गांव में कोई बीमार हो जाता है तो बरसात के मौसम में खटिया में टांग कर एंबुलेंस तक पहुंचाया जाता है। गांव के बच्चे उच्च शिक्षा से वंचित रह जाते हैं। पिछले बार भी जनप्रतिनिधियों ने लुभावने भाषण देकर वोट ले गए लेकिन सड़क नहीं बना।

**मनोज कुमार**

हम लोग खुद मेहनत करके चावल दाल कमा लेंगे , अबकी बार वोट उसी को मिलेगा जो सड़क की मांग को पूरा करेगा, नहीं तो नोटा विकल्प का उपयोग करेंगे।

**भोला यादव**

चुनाव के वक्त नेताजी गांव आकर बड़े-बड़े वादे कर जाते हैं , यदि मतदान से पहले सड़क का समाधान नहीं हुआ तो सभी ग्रामीण एकजुट होकर नोटा का इस्तेमाल करेंगे।

**भूदेव**

ग्रामीणों से बातचीत करेंगे कि चुनाव के समय ही यह मांग कहां तक जायज है। अभी आचार संहिता लगा हुआ है इसीलिए चुनाव के बाद समस्या का समाधान कराया जाएगा। ग्रामीण मतदान कर सही जनप्रतिनिधि को चुने, वोट बहिष्कार कोई भी समस्या का समाधान नहीं है।

**संतोष चौधरी**
**प्रखंड विकास पदाधिकारी**
**मोहनपुर**

### आवाज अपील

एक अच्छी सरकार चुनने के लिए हमें एक बार फिर से पाच साल बाद मौका मिल रहा है। इसलिए इस मौका का फायदा सभी मतदाताओं को उठाना चाहिए। मताधिकार हमारी सबसे बड़ी ताकत है, हमें मजबूत राष्ट्र व मजबूत लोकतंत्र के लिए मतदान अवश्य करना चाहिए। वोट बहिष्कार कोई भी समस्या का समाधान नहीं है। मतदान कर ऐसे प्रत्याशी को चुने जो मतदाता के लिए सही हो। यदि आपके आवश्यकता पर कोई प्रत्याशी खरा नहीं उतरता है तो नोटा का भी उपयोग कर सकते हैं।

## संक्षिप्त खबर

### मातृत्व जांच शिविर का हुआ आयोजन

**सारवां (आवाज)।** सारवां सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डा बीके सिन्हा की देखरेख में पीएम मातृत्व सुरक्षा जननी कार्यक्रम के तहत मातृत्व जांच शिविर का आयोजन किया गया. शिविर में उपस्थित लोगों को जानकारी देते हुए कहा अब सीएचसी में प्रत्येक माह के अंतिम बूधवार को मातृत्व जांच शिविर का आयोजन किया जायेगा . जिसमें सारवां , सोनारायठाढी प्रखंड क्षेत्र के गर्भवती माताओं की जांच कर आवष्यक सुझाव दिया जायेगा. षिविर में डा सुबोध कुमार वर्मा व डा अभय कुमार के द्वारा षिविर में आये महिलाओं की स्वास्थ्य कर्मियों के सहयोग से जांच की गई. मौके पर उन लोगों की बीपी, हेपेटाइटिस जांच की गई इस अवसर पर अल्ट्रा साउंड रिपोर्ट की जांच की गई. इस दौरान नियमित जांच कराने के साथ पौश्टिक आहार में हरा साग सब्जी के प्रयोग की सलाह दी गई.कैल्सियम व आयरन की गोली के साथ विटामीन की दवा दी गई. जानोरी देते बताया षिविर में 35 लोगों की जांच की गई. संचालन में बीडीएम प्रषांत कुमार, मलेरिया निरीक्षक मनोज पांडे, लैब टैक्नेषियन विभुति कुमार, एएनएम उशा किरण के साथ अन्य कर्मियों ने अहम योगदान दिया.

### मारपीट व जानलेवा हमला करने का आरोप

**सारवां (आवाज)।** सारवां थाना अंतर्गत रक्ति पंचायत के नया भदियारा गांव निवासी गीता देवी के द्वारा थाना में आवेदन देकर अपनेभैयाद हिरामन दास भीम दास सहित चार पर मामुली विवाद में मारपीट करने व जानलेवा हमला करने का आरोप लगाया है. आवेदन में कहा गया है कि मामुली विवाद हुई जिसमें उक्त लोगों के द्वारा इंट से मार कर घायल कर दिया गया. पीडित महिला ने इसकी जांच कर कानूनी कार्रवाई की मांग की है. घायल महिला सीएचसी इलाज कराने पहुंची जहां भर्ती कर इलाज किया गया.

# लोकसभा चुनाव : बीडीओ ने डोर टू डोर निरीक्षण कार्यों को ले की समीक्षा

आवाज प्रतिनिधि



**मधुपुर ।** सहायक निर्वाचक निबंधन सह प्रखंड विकास पदाधिकारी संजय कुमार की अध्यक्षता में मधुपुर नगर परिषद सभागार में शहरी क्षेत्र के सभी बीएलओ सुपरवाइजर के साथ समीक्षा बैठक की! सहायक निर्वाचक निबंध पदाधिकारी ने बीएलओ द्वारा किए जा रहे डोर टू डोर निरीक्षण कार्यों का बारी-बारी सभी बीएलओ से जानकारी ली गई! इस मौके पर सहायक निर्वाचक निबंध पदाधिकारी श्री कुमार ने सभी बीएलओ को सख्त निर्देश देते हुए कहा के अपने-अपने क्षेत्र मैं जनसंख्या के साथ 18 प्लस मतदाताओं का भी डाटा तैयार करना है ताकि यह पता चल सके जनसंख्या के आधार पर आपकी क्षेत्र में कितने मतदाता है! उन्होंने बताया जनसंख्या के आधार पर कम से कम 65% मतदाता होनी चाहिए तभी पता चलेगा कि आपके यहां मतदाता पुण्य निरीक्षण का कार्य अच्छे ढंग से हो रहा है! उन्होंने बताया कि आपकी द्वारा किए जा रहे सर्वेक्षण कार्यों में कितने मतदाता क्षेत्र से एब्सेंट है और कितने मतदाता उपस्थित है साथ में कितने मतदाता जिसका उम्र 18 प्लस हो चुका है अभी तक मतदाता सूची में उनका नाम नहीं जुटा है ऐसे मतदाताओं की जांच कर मतदाता सूची में नाम जोड़ने का कार्य करें ताकि कोई भी मतदाता मतदान करने से वंचित ना रहे और सभी का नाम मतदाता सूची से जुट जाए! इसके अलावे सहायक निर्वाचन पदाधिकारी श्री कुमार ने पीडब्ल्यूडी बूथों पर रैम्प, साईनेज, हेल्पडेस्क, व्हीलचेयर की व्यवस्था सुनिश्चित करने का निदेश दिया, ताकि दिव्यांग मतदाताओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो और आराम से अपना मतदान कर सके इसको लेकर सभी बीएलओ सुपरवाइजर को आवश्यक व उचित दिशा-निर्देश दिया गया। इस मौके पर प्रशासक पदाधिकारी श्रीमती शिखा कुमारी कार्यपालक दंडाधिकारी विनय कुमार पांडे सभी बीएलओ सुपरवाइजर शहरी क्षेत्र के बीएलओ संबंधित विभाग के कर्मी आदि उपस्थित थे।

## जंगल में आग लगने कि सूचना पर प्रखंड से आग बुझाने पहुंचा अग्निशामक वाहन



आवाज प्रतिनिधि

**चितरा।** चितरा कोलियरी क्षेत्र अंतर्गत चितरा -नौनी, जामताड़ा मुख्य मार्ग के किनारे स्थित कटहरा जंगल में आज बुधवार को असमाजिक तत्वों द्वारा जंगल में चोरी छुपे आग लगा देने से पूरे जंगल जलने लगा। जिसकी जानकारी होते ही ग्रामीणों व पंचायत प्रतिनिधियों द्वारा सारठ प्रखंड कार्यालय में इस भीषण आग पर काबू पाने के लिए सहयोग हेतु सूचना दी गई। जिसके आलोक में प्रखंड सीआई अक्षय कुमार सिंन्हा एवं सहयोगियों द्वारा आग बुझाने के लिए अग्निशमन वाहन के साथ पहुंचे आग लगी जंगल के पास। जहां पर अग्निशमन वाहन द्वारा बेकाबू आग पर काबू पाने के लिए पानी के फुहारे दिए गए। जबकि वन विभाग द्वारा प्रशिक्षण के आधार पर आग बुझाने की पद्धति अपनाते हुए भारी मशक्कत किए जा रहे थे। जब तक आग पर काबू पाया गया तब तक भारी संख्या में शिशु पौधे जलकर राख हो चुके थे। जबकि जंगल के बड़े पेड़ भी झुलसने से बाज नहीं आए। बता दें कि अग्निशमन वाहन के पहुंचने से और भी लाखों शिशु पौधे के जलने व हजारों पेड़ के झुलसने से बचे। जिसको लेकर आग लगने के संबंध में अभी तक कोई जानकारी नहीं प्राप्त हुई है। जबकि प्रखंड के अधिकारियों एवं वन विभाग द्वारा क्षेत्रीय गांव में पूछताछ की जा रही है ताकि जंगल में आग फैलाने वाले असमाजिक तत्वों तक पहुंच कर उसके ऊपर कारवाई की जा सके।

## प्रवासी मजदूर बनकर रोजगार करने गए बाप के मृत शरीर लेकर बेटा के पहुंचते ही पूरा गांव गमगीन

आवाज प्रतिनिधि

**चितरा।** चितरा थाना क्षेत्र अंतर्गत शिमला पंचायत स्थित शिमला गांव निवासी हरि दत्ता एवं उनके पुत्र वरुण दत्ता आर्थिक तंगी से काफी पीड़ित होने के कारण रोजी रोजगार के अभाव में पलायन कर उत्तर प्रदेश के बदायूं काम करने पहुंचे। जबकि झारखंड जैसे सोने की चिड़िया के नाम से पहचाने जाने वाले राज्य खनिज संपदा से भरे रहने के बावजूद क्षेत्रीय जरूरतमंदों को रोजगार के लिए अन्य प्रदेश में पलायन करना एक विडंबना सी महसूस हो रही है। लेकिन बदकिस्मती से उत्तर प्रदेश के बदायूं में काम के लिए कर्म क्षेत्र पहुंचने के दौरान वाहनों के चपेट में आ जाने से 55 वर्षीय हरि दत्ता का घटनास्थल पर ही मृत्यु हो गई। इसके पश्चात पुलिस द्वारा पंचनामा व पोस्टमार्टम के बाद कंपनी की ओर से एंबुलेंस के



प्रवासी मजदूर के लाश आने से जूटी भीड

माध्यम से उन्हें उनके पैतृक आवास शिमला पहुंचाने में मदद किया गया। रोजगार की तलाश में गए बाप बेटे द्वारा मोटी रकम लाने के आस में बैठे परिजनों को पुत्र वरुण दत्ता द्वारा दुर्घटना में मृत्यु हुई गार्जियन का शव को निकाल कर परिजनों को दिया। इस तरह रोजगार के लिए घर पहुंचे प्रवासी मजदूर ने पिता का शव लाकर परिजनों के समक्ष रखने से कोलाहल मच गई। जबकि क्षेत्र के बड़बाद से जगेश्वर यादव व प्रदीप रजवार उड़ीसा में, संतोष पहाड़िया चेन्नई में, पहाड़ीह निवासी मंतोष यादव हैदराबाद में, रात जोर निवासी धीरेन पहाड़िया तमिलनायडु में, बाशा निवासी वीरेंद्र रजवार बेंगलुरु में समेत कई ऐसी दुर्घटनाएं रोजगार के लिए अन्य प्रदेश गए यहां के मजदूरों के साथ घटित हो चुकी है। जिस मजदूर पलायन को रोकने के लिए सरकार द्वारा कई योजनाएऐं लाने के बाद भी सारी कोशिश नाकाम सी दिख रही है। इस संबंध में जेएलकेएम के युवा नेता रघुनंदन सिंह ने वेदना प्रकट करते हुए कहा कि प्रदेश कमाने जाने से या फिर कुछेक मजदूरों को काम उपलब्ध करा देने से नहीं बल्कि क्षेत्र में उद्योग बैठाने से बेरोजगारी समाप्त होती है। जिसके लिए क्षेत्रीय हमदर्दों की आवश्यकता है। मौके पर मुखिया प्रतिनिधि हितलाल रवानी समेत गांव के सैकड़ो शोकाकुल महिला एवं पुरुष उपस्थित थे।

# शिविर लगाकर की गई गर्भवती महिलाओं की जांच

आवाज प्रतिनिधि



**मधुपुर ।** विस्तारित प्रधानमंत्री मातृत्व सुरक्षित अभियान के तहत बुधवार को अनुमंडल अस्पताल में शिविर लगाकर गर्भवती महिलाओं की जांच महिला चिकित्सक डॉ. आविजा निगार के द्वारा की गई। जिसमें 44 गर्भवती महिलाओं का प्रसव पूर्व जांच हुआ। इस दौरान गर्भवती महिलाओं का रूटीन जांच, ब्लड प्रेशर, एचआइवी ,वजन आदि की जांच की गई। जांच के क्रम में एक भी हाई रिस्क गर्भवती महिला चिह्नित नहीं हुई है। 2 गर्भवती महिलाओं में हीमोग्लोबिन सामान्य से कम पाया गया। इस दौरान 15 महिला को अल्ट्रासाउंड के लिए भेजा गया। प्रधानमंत्री मातृत्व सुरक्षित अभियान के तहत गर्भवती महिलाओं की काउंसिलिग करके चिकित्सक ने गर्भावस्था के दौरान जच्चा-बच्चा के स्वास्थ्य की देखभाल के बारे में जानकारी दी । प्रसव के बाद परिवार कल्याण के तरीके के बारे में भी विस्तार से बताया। हाई रिस्क कैटेगरी, हीमोग्लोबिन की कमी एवं उच्च रक्तचाप वाली गर्भवती महिलाओं को भी चिकित्सक ने जांच कर इलाज किया। मौके पर उपाधीक्षक डॉ मो इकबाल अंसारी ने कहा कि इस अभियान के तहत अब प्रत्येक महीने की नौ तारीख के अलावे महीना के अंतिम बुधवार को भी सभी गर्भवती महिलाओं की जांच करके उचित इलाज किया जाएगा । जांच में जोखिम वाली गर्भवती महिलाओं की पहचान करके भी इलाज किया गया। कहा कि समय पर इन खतरों की पहचान करके बहुत सी जटिलताओं को कम किया जाता है। गर्भावस्था के दौरान हर महीना ए एन सी जांच जरूरी है। इस दौरान गर्भवती महिलाओं को जांच उपरांत आयरन की गोली, कैल्शियम ,विटामिन की दवा भी मुफ्त में दी गई ।वही गर्भवती महिलाओं का हिमोग्लोबिन, आईसीटीसी और अन्य खून जांच निशुल्क किया गया। मौके पर परिचारिका श्रेणी ए सरिता कुमारी, नमिता कुमारी, डिंपल कुमारी , श्याम हासदा, शोएब आलम, संदीप कुमार, समेत बीटीटी, सहिया साथी और सहिया मौजूद थे।

## अनुज कुमार मंडल का स्कूल आफ एक्सीलेंस में चयन होने से प्रखंड वासियों में हर्ष



आवाज प्रतिनिधि

**सारठ ।** पंचायत में स्थित राजकीय कृत मध्य विद्यालय सारठ बालक के छात्र अनुज कुमार मंडल पिता हीरालाल मंडल सारठ निवासी का चयन स्कूल आफ एक्सीलेंस में होने से परिजनो में हर्ष है। बताते चले की स्कूल आफ एक्सीलेंस आर मित्रा प्लस 2स्कूल देवघर में चयन हेतु प्रतियोगिता परीक्षा आयोजित हुई थी जिसमें सारठ प्रखंड क्षेत्र से एक मात्र छात्र अनुज कुमार मंडल का अंतिम रुप से चयन हुआ है।जिले में इसे पांचवां स्थान प्राप्त हुआ है।इनकी सफलता पर सारठ मुखिया ममता देवी , मुखिया प्रतिनिधी अनिल कुमार राव समेत राजकीय कृत मध्य विद्यालय सारठ बालक के प्रधानाध्यापक गोपाल कृष्ण पंडित शिक्षक स्कंद कुमार ,भास्करानंद झा , रीना झा, रामजीवन साह, बीरेंद्र कुमार शर्मा, सहित विद्यालय प्रबंध समिति की अध्यक्ष गुड्डी देवी उनके माता पिता ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुऐ उज्जवल भविष्य की शुभकामनाऐं दी है।

## प्रेम प्रसंग में गोड्डा से फरार युवती को मधुपुर आरपीएफ ने चाइल्ड लाइन के समक्ष किया परिजनो के हवाले



आवाज प्रतिनिधि

**मधुपुर ।** प्रेम प्रसंग में गोड्डा से फरार 18 वर्षीय युवती को मधुपुर आरपीएफ ने परिजनो के हवाले किया है । बता दें कि युवती अपने प्रेमी के संग गोड्डा से फरार हो गयी थी पर प्रेमी दगा दे गया ।जिस कारण युवती मधुपुर प्लटफार्म पर अकेले संधिग्ध रूप से भटक रही थी । गश्ती के दौरान आरपीएफ ने पूछताछ की तो युवती ने आपबीती बतायी जिसे रोककर पूछताछ करने पर सर्वय का मोतिया थाना जिला गोड्डा की रहने वाली बताई और प्रेम प्रसंग में घर से भाग कर आना बताई। मधुपुर आरपीएफ ने आरपीएफ पोस्ट लाया और मोबाइल के द्वारा उनके परिजनों को इसकी सूचना दी सूचना पर उनके माता और मामा आरपीएफ पोस्ट पहुंचा जहां चाइल्डलाइन के मोहम्मद मुजम्मिल हुसैन के सहयोग से उसके परिजनों को सूचित कर आरपीएफ पोस्ट मधुपुर बुलाया गया जहां लड़की ने कही व अपने माता-पिता के घर जाने की इच्छा जाहिर की । बाद में आरपीएफ ने युवती को उसके परिजनो को चाइल्डलाइन के मोहम्मद मुजम्मिल हुसैन आश्रय संस्था के समक्ष उनके परिजनों को सुपुर्द कर दिया गया।

# मई दिवस की तैयारी: बैठक में पहुंचे भाकपा के दुमका लोकसभा प्रत्याशी ने चुनाव में मांगा हर संभव सहयोग

आवाज प्रतिनिधि

**चितरा।** चितरा कोलियरी क्षेत्र स्थित एटक यूनियन कार्यालय में प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी आगामी 1 मई को प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी मनाए जाने वाले मई दिवस में झंडोत्तोलन से लेकर रैली व होने वाले सभा लेकर एटक यूनियन कार्यालय में यूनियन के सदस्य सजनी किस्कु की अध्यक्षता में एक बैठक आहुत किया। जिसमें यूनाइटेड कोल वर्कर्स यूनियन के एरिया सचिव पशुपति कोल द्वारा आमंत्रण के आधार पर भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के दुमका लोकसभा प्रत्याशी राजेश सोरेन, संगठन के राष्ट्रीय परिषद सदस्य कन्हाई चंद्र माल पहाड़िया के अलावे संगठन के क्षेत्रीय नेता व सदस्यों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। जिसमें सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि हर वर्ष की भांति 1मई को रैली निकाली जाएगी।जिसके पश्चात वर्कशॉप में आम सभा की जाएगी। ठीक उसके बाद यूनियन कार्यालय में



मई दिवस का बैठक में उपस्थित सभी को संबोधित दुमका लोकसभा के भाकपाप्रत्याशी

झंडोत्तोलन करने पर सहमति बनी। जिसमें संगठन के सभी अधिकारियों और सदस्यों को उपस्थित होना अनिवार्य बताया गया।बैठक में उपस्थित भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के दुमका लोकसभा प्रत्याशी ने उपस्थित सभी को संबोधित करते हुए कहा कि किसान व गरीब विरोधी केंद्र सरकार को उखाड़ फेंकने के लिए आप सभी एकजुट होकर भाकपा को अपने बहुमूल्य बम मतदान के अलावे आर्थिक सहयोग करते हुए अपना अधिकार पाने के लिए तैयार हो जाऐं। क्योंकि कुछ पाने के लिए होना आवश्यक है। कहा कि झूठ के निव पर 2 करोड़ जनता को प्रति वर्ष नौकरी एवं प्रत्येक के खाते में स्विस बैंक से लाए गए15 लाख दिलाने के झूठी वादे से मुकरने के पश्चात धर्म के नाम पर फिर जनता को गुमराह करना चाहती है।

इसलिए अब आप सभी एक होकर मुझे तन मन और धन से सहयोग करते हुए अपना अधिकार की लड़ाई लड़ने के लिए तैयारी करते हुए दुमका सांसद निर्वाचित करने में लग रहें। क्योंकि यह लड़ाई भाजपा बनाम पूरे देशवासियों के हित की लड़ाई है। जिस पर भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी की नहीं बल्कि क्षेत्रीय जनता के अधिकारों की जीत के लिए संघर्ष करें।ताकि झारखंड जैसे खनिज पदार्थ से लबालब प्रदेश की जनता को दर-दर की ठोकरें नहीं खानी पड़े। मौके पर राजीव मुर्मू, तहारत हुसैन, नुनु लाल मुर्मू, सुदीप किस्कु, बाबू जान मरांडी, साहेब लाल हेंब्रम, गलोनी हेंब्रम आदि उपस्थित थे।

## संक्षिप्त खबर

### भाजपा नेत्री अन्नुकान्त दुबे ने की मार्गोमुंडा का दौरा



**मार्गोमुंडा (आवाज)।** भाजपा प्रखंड अध्यक्ष गुलाब मंडल के नेतृत्व में डॉ निशिकांत दुबे की पत्नी भाजपा नेत्री अनु कांत दुबे सहित भाजपा कार्यकताओं का मार्गो मुंडा दौरा मार्गो मुंडा क्षेत्र के खजुरियाटांड़ पर्शिया समलापुर बनसीमी लोधना मधुपुर देहात छोटीचरपा ताराजोरी गरीनजोरी बाघशिला आदि गांव में पहुंचकर मतदाता व कार्यकताओं से मिलकर मोदी के पक्ष में मतदान करने की अपील किया। मोदी सरकार द्वारा किए गए जनकल्याणकारी योजनाओं को गिनते हुए भाजपा के पक्ष में मतदान करने की अपील किया। मौके पर भाजयुमो अजय सिंह गगन तिवारी मुकेश यादव दिलीप तिवारी जगदीश महतो अमर सिंह ललन मंडल आदि दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### स्काउट गाइड और वाणिज्य विभाग ने यात्रियों की बुझाई प्यास



**मधुपुर (आवाज)।** पुर्व रेलवे के मधुपुर जंक्शन से होकर गुजरने वाली ट्रेनों में यात्रियों को मधुपुर स्काउट एंड गाइड एवं वाणिज्य विभाग समेत आरपीएफ के पदाधिकारी ने भीषण गर्मी को देखते हुए मधुपुर स्टेशन पर विभिन्न ट्रेनों के सामान्य बोगी में बुधवार को शीतल पेयजल पिलाया गया। जिससे यात्रियों को काफी राहत महसूस हुई। पूर्व रेलवे भारत स्काउट्स एंड गाइड्स के द्वारा ग्रीष्मकालीन सेवा कार्य के अंतर्गत निशुल्क शीतल पेयजल वितरण कार्यक्रम की शुरूआत रेलवे स्टेशन पर हुई। स्टेशन पर स्काउट गाइड ने यात्रियों की बुझाई प्यास। इस सेवा का शुभारंभ आसनसोल रेल मंडल के अंतर्गत मधुपुर सीआईटीजी एस सैन गुप्ता, रंजीत कुमार ग्रुप लीडर स्काउट एर्व आरपीएफ के पदाधिकारी ने संयुक्त रूप से पिलाया। साथ ही सीआईटी अमरदीप कुमार भी उपस्थित रहे। गर्मी से परेशान यात्रियों को पानी पिलाने में व्यस्त दिखे। जैसे ही कोई ट्रेन आती दिखाई देती, वे दौड़ कर उसमें यात्रा करने वाले यात्रियों को पानी पिलाते। यात्री अपने साथ मौजूद बोतलों को भी उनके सामने रखते जिसे बच्चे उन्हें अपने हाथ में थामे जग से भर देते। इसके अलावा प्लेटफॉर्म पर चलते वृद्धों और दिव्यांगों को भी पूरे उत्साह के साथ पानी पिला रहे थे। वहीं छोटे-छोटे बच्चों के बीच टॉफी का वितरण किया गया। वहीं उन लोगों के द्वारा सामाजिक दायित्व के निर्वहन के स्काउट एंड गाइड के सदस्यों और रेल कर्मी द्वारा किए जा रहे इस कार्य की रेल यात्री ने सराहना की है। मौके पर टीई घनश्याम गुप्ता, मुकेश कुमार, ग्रुप लीडर (स्काउट) रंजीत कुमार, स्काउट मास्टर अनिल कुमार स्काउट सुजीत कुमार गौरव कुमार, रोवर्स अनिकेश कुमार शर्मा, बजरंग दे, शाहनवाज अंसारी शाहनवाज आलम, आलोक कुमार राम, उत्तम कुमार ठाकुर का सराहनीय भूमिका रही।

### पुतुल कुमारी ने 374 अंक लाकर परिवार समेत प्रखंड का नाम किया रौशन

**सोनारायठाढी (आवाज)।** मान लो तो हार और ठान लो तो जीत ऐसा ही कर दिखाया है। जो विपरीत परिस्थिति में भी ठान ली थी की कुछ कर दिखाना है।दिव्यांग पुतुल कुमारी ने मैट्रिक की परीक्षा में 374 अंक ला कर पूरे प्रखंड में अपना परचम लहराया है। दिव्यांग पुतुल प्रखंड के सुदुर क्षेत्र ढोलपहरी गांव के नंदकिशोर यादव की पूत्री है जो पैसे से किसान हैं। वही पुतुल कुमारी झारखंड बालिका आवासीय विद्यालय की छात्रा है। उनकी यह सफलता से वार्डेन इंदिरा मिश्रा समेत मां विन्ती देवी, दादा नीलकंठ महतो, दादी शनिचरिया देवी, भाई सुमन कुमार में काफी खुषी है। वही विद्यालय के वार्डन ने बताया कि जिस तरह से पुतुल कुमारी ने विपरीत परिस्थिति में भी अपने आप को साबित किया इससे युवा पीढ़ी को सीखने की जरूरत है।वहीं उनके पिता बताते हैं कि पुतुल षुरू से पठन पाठन से काफी लगाव था। जब भी समय मिलता कॉपी कलम लेकर बैठ जाती। वही पुतुल बताती बताते है कि पढ लिख कर डॉक्टर बनना चाहती है ताकि समाज के दिव्यांग समेत सभी जनो की सेवा कर सकुं।

### बीडीओ ने सुपरवाइजर एवं सेक्टर पदाधिकारी के साथ की बैठक

**सारठ (आवाज)।** बुधवार को प्रखंड मुख्यालय सभागार में सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी सह प्रखंड विकास पदाधिकारी चंदन कुमार सिंह ने 22 मतदान केन्द्रों के बीएलओ सुपरवाइजरों एवं सेक्टर पदाधिकारियों के साथ के साथ बैठक करके प्रखंड क्षेत्र के सभी बूथों में ज्यादा से ज्यादा मतदान हो इसको लेकर बैठक आहूत की गई। जिसको लेकर विगत लोकसभा चुनाव 2019 में 22 मतदान केन्द्रों पर राष्ट्रीय औसत से कम मतदान होने के बारे में विस्तार से जानकारी लेते हुए सभी बीएलओ सुपर वाईजर एवं सेक्टर पदाधिकारियों को निर्देश दिया गया कि ऐसे 22 मतदान केन्द्रों के परिक्षेत्रों में मतदाताओं को जागरूक करने हेतु चलाई जा रही अभियान को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया। ताकि आगामी लोकसभा चुनाव में मतदान प्रतिशत कम नही हो।साथ ही सभी बीएलओ एवं बीएलओ सुपरवाइजर को निर्देश दिया गया कि अधिक से अधिक संख्या में फॉर्म 6 प्राप्त करना सुनिश्चित करें। मौके पर प्रखंड सांख्यिकी पदाधिकारी मोहन लाल ठाकुर, प्रखंड पंचायती राज पदाधिकारी लखन सोरेन समेत सभी केन्द्रों के बीएलओ, बीएलओ सुपरवाइजर एवं सेक्टर पदाधिकारी मौजूद थे

### संथाल परगना के प्रमंडल स्तरीय मुखिया के बैठक

**पालोजोरी (आवाज)।** संथाल परगना प्रमंडल के सभी मुखिया को संथाल परगना प्रमंडल स्तरीय मुखिया बैठक 5 मई 2024 को कराने के लिए सहमति जिला अध्यक्ष से वार्ता के पश्चात निर्णय लिया गया है। जिसको लेकर देवघर जिला के पालोजोरी में बैठक रखने पर सहमति बनी है। जबकि स्थान चयन के लिए मुखिया के अन्य सदस्यों का सुझाव भी अत्यंत ही आवश्यक है। उक्त आशय की जानकारी जिला मुखिया संघ सचिव कुमार राजीव रंजन ने प्रेस कांफ्रेंस के दौरान दिया। जिसमें जिला के मुखिया संघ के पदाधिकारी को पंचायती राज विभाग में पंजीकरण कराना, जेपीसी की बैठक में उत्पन्न बधाओं के समाधानार्थ बायोमेट्रिक मशीन लगवाना, पंचायत के 15000 रुपए को पंचायत कार्यालय में सुसज्जित करने हेतु खर्च कराने में अहम निर्णय लेना समेत पंचायती विकास के लिए कई अहम बिंदुओं पर चर्चा कर सुधार हेतु बैठक करने का निर्णय लिया गया है। जिससे पंचायती विकास को गति मिल सकेंगे। वहीं दूसरी और राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस के उद्देश्य से गांव की सरकार को सशक्त करना। गांव की छोटी समस्याओं को ग्राम पंचायत की बैठक में समस्याओं का समाधान करना। जिसमें गांव के अन्य लोगों के अलावे दलित, पिछड़ी आदि की समस्याओं का समाधान ग्राम पंचायत में कराने को लेकर अधिकारियों को इस पर मजबूती देने के लिए आग्रह किया गया है। आगे कहा कि ग्राम पंचायत के 29 विषयों पर काम कर पंचायती राज को सशक्त करने की सभी शक्तियां आज तक प्रदान नहीं की गई है। जिस पर अहम निर्णय लेने की आवश्यकता है। ताकि ग्राम पंचायत सशक्त होने से पूरा भारत के विकास कार्य सशक्त हो सके।

**संक्षिप्त खबर**

### स्कूली बच्चों व शिक्षकों ने निकाला जन जागरूकता जुलूस

आवाज प्रतिनिधि।

**बरहेट/साहिबगंज।** लोकसभा आम चुनाव 2024 के लिए प्रखंड अंतर्गत उत्क्रमित मध्य विद्यालय बरमसिया के स्कूली बच्चों और शिक्षकों के द्वारा बरहेट प्रखंड विकास पदाधिकारी अंशु कुमार पांडे की उपस्थिति में चुनाव पाठशाला, चुनाव संवाद, नए मतदाता पंजीकरण के तहत मतदान हेतु जन जागरूकता जुलूस निकाला गया। जुलूस के दौरान विकास का गंगा बहाना है, मतदान का फर्ज निभाना है! पहले मतदान, फिर जलपान! चुनाव नहीं मतदान करें, नए भारत का निर्माण करें, जो है सच्चा और ईमानदार, वह है वोट का अधिकार... जैसे नारा लगाकर मतदाताओं को जागरूक करने का कार्य किया गया। इस मौके पर बीपीओ रजनीश पाराशर, बाल विकास परियोजना की महिला पर्यवेक्षिका मोनिका कुमारी, प्रभारी पंचायत राज पदाधिकारी सह निर्वाचन सहायक धीरेंद्र कुमार, विद्यालय के प्रधानाध्यापक सीताराम यादव, शिक्षक सुरेश प्रसाद यादव, कमल मुर्मू, आशालता मरांडी, इंद्रियास मालतो के अलावे स्कूली बच्चे सहित अन्य मौजूद थे।

### बाइक चोरी की शिकायत दर्ज

आवाज प्रतिनिधि।

**बरहेट/साहिबगंज:** बुधवार को लक्ष्मी महुआटाड निवासी 29 वर्षी दिलीप पहाड़िया ने बरहेट थाना में आवेदन देकर बताया है कि बीते शुक्रवार को बरहेट आया हुआ था और हाट क्षेत्र में अपना हीरो स्प्लेंडर बाइक खड़ा कर सब्जी लेने के लिए चला गया। जब वहां से वापस आया तो अपना बाइक गायब पाया। इसके बाद काफी खोजबीन की, लेकिन बाइक का पता नहीं चला। दिलीप ने बताया है कि उनका बाइक किसी अज्ञात चोरों द्वारा चोरी कर ली गई है। दिलीप के आवेदन पर थाना में कांड संख्या 42/24 बाइक चोरी का मामला दर्ज कर पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

### अलग अलग मामले के दो वारंटी गिरफ्तार

आवाज प्रतिनिधि।

**बोरियो/साहिबगंज।** बोरियो पुलिस ने बुधवार को अलग अलग मामले में दो पुराने वारंटी को गिरफ़्तार कर जेल भेज दिया गया। जिसमें वारंटी रामजतन मड़ैया सकिन रांझौन को गुप्त सूचना पर उनके आवास से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। वहीं दूसरा एक लाल वारंटी रामपुर बांसजूरी निवासी सारा हांसदा को गिरफ़्तार कर जेल भेज दिया गया है। वहीं इस तरह की कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

# राजमहल में एसिड अटैक मामले में पुलिस ने तीन को दबोचा, एसआईटी का हुआ गठन

- एसिड अटैक मामले में यूपी का युवक मुख्य आरोपी, गुनाह को किया स्वीकार
- आरोपी का पूर्व से था पीड़ित परिवार के यहां आना जाना

आवाज प्रतिनिधि

**राजमहल/साहिबगंज।** जिले के राजमहल थाना क्षेत्र में दिल दहला देने वाला मामला प्रकाश में आया है, थाना क्षेत्र के एक ही परिवार के चार लोगों पर सोए हुए अवस्था में ऐसिड से हमला किया गया, और चारो घायल हो गया। जिसमे दो की हालत गंभीर बताई जा रही है। मिली जानकारी के अनुसार राजमहल नगर पंचायत स्थित अस्पताल परिसर में होटल चला रही 35 वर्षीया हसीना बेगम मंगलवार की रात गर्मी अधिक होने के कारण उपर छत पर परिवार के तीन अन्य सदस्यों, जिनमें 30 वर्षीय भाई आलम शेख, 60 वर्षीय मां गुलबानो बेवा एवं 15 वर्षीया नाबालिग बेटी के साथ सो रही रही थी। बुधवार की सुबह करीब दो बजे कुछ असामाजिक तत्वों ने एसिड अटैक कर चारों को घायल कर दिया।



पीड़ित को बेहतर इलाज के लिए बाहर ले जाते परिजन व पुलिस टीम



प्रेस कांफ्रेंस करते एसपी कुमार गौरव



आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में ले जाती पुलिस

### मामले का एसपी ने किया खुलासा

वहीं मामले को लेकर पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव ने राजमहल एसडीपीओ कार्यालय में संबोधित करते हुए बताया कि सुबह घटना की सूचना मिलते ही एसडीपीओ विमलेश त्रिपाठी, पुलिस निरीक्षक श्यामलाल हांसदा, थाना प्रभारी गुलाम सरवर ने घटना के मूल बिन्दुओं पर काम किया और होटल संचालिका हसीना बेगम के भाई आलम शेख के बयान पर तीन लोगों के विरूद्ध प्राथमिकी दर्ज कर तीनों को हिरासत में लिया गया हैं। जिसमें उत्तर प्रदेश के मनीष कुमार ने घटना में अपनी संलिप्तता स्वीकार कर ली।

### पुलिस निरीक्षक ने किया घटनास्थल का निरीक्षण

घटना की सूचना मिलने पर पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव ने फोरेंसिक टीम और पुलिस पदाधिकारियों के संग घटनास्थल का निरीक्षण किया। इस क्रम में उन्होंने फोरेंसिक टीम से जानकारी प्राप्त किया और दिशा-निर्देश भी दिए।

### आरोपी और पीड़िता का पूर्व से ही था संबंध- पुलिस

पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव ने बताया कि पूछताछ के क्रम में पता चला है कि घटना का मुख्य आरोपी मनीष कुमार और पीड़िता का पूर्व से संबंध है और आरोपी का उसके घर आना-जाना लगा रहता था। पीड़िता का अन्य कई लोगों के साथ भी बोलचाल था, जो आरोपी को पसंद नहीं था और संभवतः इसी चिढ़ और गुस्से में आरोपी ने उक्त घटना को अंजाम दिया होगा, फिलहाल मामले को गंभीरता पूर्वक जांच की जा रही है।

### घटनास्थल से मिला हाइड्रोक्लोरिक एसिड का बोतल

पुलिस ने घटनास्थल से हाइड्रोक्लोरिक एसिड का बोतल प्राप्त किया है। इस संदर्भ में पुलिस अधीक्षक ने बताया कि आरोपी मनीष राजमहल के पैकेजिंग वाटर और बाथरूम क्लीनर्स बनाने वाली एक कंपनी में काम करता है। वहां बाथरूम क्लीनर्स की पैकेजिंग में एसिड का प्रयोग किया जाता है और आरोपी वहीं से एसिड को लाया था। यह प्रतिबंधित नहीं बल्कि रेगुलेटिंग एसिड है। आरोपी के कार्यस्थल की भी जांच की जा रही है।

### ऐसिड अटैक में एसआईटी का हुआ गठन

घटना को लेकर पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर एसआईटी दल का गठन एसडीपीओ विमलेश कुमार त्रिपाठी के नेतृत्व में किया गया। दल में पुलिस निरीक्षक श्यामलाल हांसदा, थानाप्रभारी गुलाम सरवर व अन्य पुलिस पदाधिकारियों को शामिल किया गया है। उन्होंने बताया कि एसआईटीई दल तकनीकी और मानवीय स्तर पर जांच कर मामले के हरेक पहलू को स्पष्ट करेगी।

### पीड़ित के बयान पर मामला दर्ज

पीडित आलम शेख के फर्दबयान के आधार पर राजमहल थाना में काण्ड संख्या- 50/24 दर्ज कर धारा-341/379/450/504/326 (अ)/34 भा०द०वि० के तहत अन्तर्गत तीन अभियुक्तों के विरूद्ध दर्ज किया गया। फर्दबयान में आये तीन व्यक्तियों को पूछताछ के लिए पुलिस अभिरक्षा में लिया गया। पूछताछ के दौरान मनीष कुमार उम्र करीब 28 वर्ष पे० रविन्द्र कुमार सा०-बाराकेशव थाना-नवाबगंज जिला-फरूखाबाद (उ०प्र०) के द्वारा इस काण्ड में अपनी संलिप्तता स्वीकार किया गया है।

## मतदाता जागरूकता रैली और संवाद कार्यक्रम का हुआ आयोजन

आवाज प्रतिनिधि

**उधवा/साहेबगंज।** सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी सह प्रखंड विकास पदाधिकारी उधवा विशाल पांडे के नेतृत्व में बुधवार को आगामी लोकसभा चुनाव में मतदान प्रतिशत बढ़ाने हेतु मतदाता जागरूकता रैली और संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रखंड कार्यालय से सिद्धों कान्हू चौक होते हुए उच्च विद्यालय उधवा तक सभी प्रखंड कर्मी, अंचल कर्मी, जेएसएलपीएस की दीदी,जल सहिया, बीएलओ, विद्यार्थी और आम जन भाग लिए। इस दौरान बीडीओ विशाल पांडे ने सभी से अपील किया की सभी अपने कर्तव्य का निर्वहन करते हुए एक जिम्मेदार नागरिक का दायित्व मतदान देकर निभाए। मौके पर निर्वाचन नोडल बीपीओ गगन बापू, स्वीप नोडल मो सोहर वर्दी, प्रधान सहायक अरुण गुप्ता, सुमित कुमार, बाबूधन हेंब्रम, मनीष यादव, शिवराम मुर्मू, मोनिका मुर्मू, सत्यनारायण रजवार, मो शाहजहां अंसारी, रमीज राजा, देवाशीष साहा ,हीरा साह, सहित अन्य उपस्थित थे।

### आवासन केन्द्र का किया औचक निरीक्षण

**उधवा/साहेबगंज (आवाज)।** आगामी लोकसभा चुनाव को शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने के लिए पुलिस प्रशासन सजग है। चुनाव में पुलिस के जवान को ठहराव के लिए आवासन केंद्र व मूलभूत सुविधाओं की व्यवस्था की भी तैयारी की जा रही है। वही इसी क्रम में बुधवार को जवानों के ठहराव आवासन केन्द्र का औचक निरीक्षण सीआरपीएफ के डीआईजी जयदेव केशरी के द्वारा किया गया। मिली जानकारी के अनुसार डीआईजी ने राधानगर थाना क्षेत्र के उच्च विद्यालय उधवा, मध्य विद्यालय पियारपुर, उच्च विद्यालय राधानगर एवं उच्च विद्यालय श्रीधर में पुलिस प्रशासन के साथ पहुंचकर मूलभूत सुविधाओं के बारे विस्तृत जानकारी लिया। मौके पर एसडीपीओ विमलेश त्रिपाठी, पुलिस निरीक्षक श्यामलाल हांसदा,थाना प्रभारी अमित कुमार सोनी, एसआई हसनैन अंसारी,जय बहादुर सिंह आदि थे।

डीबीएल के साइट पर काम करने के दौरान हुआ हादसा

## सुरक्षा किट नहीं होने के कारण मजदूर ने गवाई जान

आवाज प्रतिनिधि

**साहिबगंज।** मुफस्सिल थाना क्षेत्र अंतर्गत डीबीएल कंपनी द्वारा गंगा पुल निर्माण कार्य जारी है, वहीं बुधवार को कंपनी के साइट पर एक बार फिर सुरक्षा में बड़ी चूक से एक मजदूर की मौत हो गई। जबकि एक घायल हो गया। वहीं दो प्रत्यक्षदर्शी मजदूर इस हादसे को देख मूर्छित हो गए। मिली जानकारी के अनुसार बड़ा महादेवगंज निवासी शत्रुघन मंडल (18) व लालजी यादव (18) पिलर पर ग्राइंडर मशीन से छड़ काट रहा था। इस दौरान ग्राइंडर मशीन हाथ से छिटक गया। और पिलर पर काम कर रहे दोनों मजदूरों में शत्रुघन मंडल गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसके बाद शत्रुघन को सदर अस्पताल लाने की तैयारी चल ही रही थी कि उसने दम तोड़ दिया। और लालजी यादव गंभीर रूप से घायल हो गया। इसके पूर्व दो प्रत्यक्षदर्शी मजदूर मुकेश यादव (22) बीरू यादव (22) वर्ष हादसे को देख वहीं मूर्छित हो गए। इधर आननफानन में घायलों को सदर अस्पताल लाया गया। जहां शत्रुघन मंडल को चिकित्सकों ने शत्रुघन मंडल को मृत घोषित कर दिया। जबकि गंभीर रूप से घायल लालजी यादव को हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। वहीं मूर्छित हुए दो मजदूरों का सदर अस्पताल में इलाज चल रहा है। बता दें कि मृतक मजदूर शत्रुघन मंडल बड़ी कोदरजन्ना के पूरब टोला का निवासी है। घटना के बाद परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है। इधर मुफस्सिल थाना एसआई उमाकांत ओझा व जिरवाबाड़ी थाना के एसआई लव कुमार ने सदर अस्पताल पहुंच मामले की जांच-पड़ताल की।

**परिजनों का बड़ा आरोप: कंपनी में कार्य करने वाले मजदूरों को नहीं मिलती है सुरक्षा किट**





कंपनी के एजीएम भानु प्रताप सिंह व मृतक के शव के साथ रोते बिलकते परिजन

### सुरक्षा किट नहीं होने के कारण गबाई जान: परिजन

मृतक के चचेरा चाचा मिथिलेश कुमार ने बताया कि उनका भतीजा आलोक कुमार ठेकेदार के अंडर काम करता था। वहीं गंभीर मजदूर लालजी यादव के चाचा भरत यादव के बताया कि पिछले कई वर्षों से भतीजा व अन्य वहां काम करते हैं। लेकिन उन सबों के सुरक्षा का कोई प्रबंध नहीं किया गया है।

### सुरक्षा किट की सुविधा उपलब्ध, पहनने में मजदूर करते है आनाकानी : भानु प्रताप

इधर, डीबीएल के एजीएम भानू प्रताप सिंह ने सदर अस्पताल पहुंच मजदूरों का हाल जाना। मीडिया से बातचीत के दौरान एजीएम भानु प्रताप ने बताया कि कंपनी के द्वारा सभी सुरक्षा मानकों का ध्यान रखा जाता है, परंतु गर्मी अधिक होने के कारण लेबर सुरक्षा किट पहनने में आनाकानी करते है। उन्होंने कहा कि जिस समय घटना घटी उस समय काम शुरू होने का समय नहीं था, आखिर कैसे मजदूर की मौत हुई है, इसकी जांच लेबर कांट्रेक्टर आलोक कुमार की जा रही है। फिलहाल घायल के बेहतर इलाज के लिए मालदा भेजा गया है, उनके इलाज का पूरा खर्च कंपनी के द्वारा को जायेगी, साथ ही मृतक के परिजनों को कंपनी के नियमानुसार जो सहयोग मिलना होगा, उनके आश्रितों को दी जाएगी।

## मैट्रिक परीक्षा में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को किया पुरस्कृत

**साहिबगंज जिले को मिला 23वां स्थान, बेहद दुखद : डीसी**



सफल बच्चो को सम्मानित करते डीसी समेत अन्य

आवाज प्रतिनिधि

**साहिबगंज।** बुधवार को सिद्धो-कान्हो सभागार में उपायुक्त हेमंत सती की अध्यक्षता में मैट्रिक परीक्षाफल- 2024 की समीक्षा कर जिले में सर्वोच्च स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत किया गया। वहीं मैट्रिक का परीक्षाफल की समीक्षा करते हुए उपायुक्त ने बताया कि झारखंड राज्य के 24 जिलों में साहेबगंज को 23वां स्थान प्राप्त हुआ है जो की बहुत खेद का विषय है। बैठक में सभी प्रधानाचार्य द्वारा बताया गया कि कुछ ऐसे कारणों के वजह से जिला में छात्र-छात्राओं के परीक्षाफल को प्रभावित किया है। उपायुक्त ने उन कारणो की समीक्षा कर शिक्षा विभाग के पदाधिकारियो को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने प्रधानाध्यापकों को इन समस्याओं से जल्द निराकरण करने का आश्वासन दिया, ताकि छात्रों का परीक्षाफल बेहतर हो और जिला का नाम रोशन हो।

### डीसी ने किया सम्मानित

उपायुक्त ने मैट्रिक बोर्ड परीक्षा में साहेबगंज जिला में सर्वोच्च स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को उपायुक्त के हाथों पुरस्कृत किया गया। पुरस्कार पाने वालों में विष्णु कुमार पंडित, एस एस डी हाई स्कूल बरहेट, आलोक कुमार राजस्थान इंटर हाई स्कूल साहेबगंज, नैना कुमारी सिद्धू कान्हू आदिवासी हाई स्कूल पतना, सुमित चौधरी प्लस टू जेके हाई स्कूल राजमहल थे।

## ग्रामीणों ने पार्टकूप को निजी उपयोग में लाने का लगाया आरोप

आवाज प्रतिनिधि

**साहेबगंज।** सरकार प्रत्येक पंचायत में आमजनों को पेयजल पहुंचाने के उद्देश्य से करोड़ों रुपए खर्च कर पंचायत के प्रधान को फंड देकर पार्टकूप का निर्माण करा रही है लेकिन पार्टकूप को निजी उपयोग में लाकर सरकार के राशि का दुरुपयोग किया जा रहा है। दरअसल प्रखंड क्षेत्र की चांदशहर पंचायत में 15 वें वित्त मद आयोग से पार्टकूप का निर्माण कराया गया। जहां पार्टकूप को निजी उपयोग में लाने को लेकर बुधवार को ग्रामीणों ने बीडीओ सह सीओ को लिखित आवेदन देकर संबंधित प्रधान के विरुद्ध कार्यवाई की मांग की है। शिकायत में ग्रामीण समुल शेख, मोतीफुल शेख, कालू शेख, एबराज शेख, तंजीम शेख, हाजरा बीबी, मैरून खातून, नुरेखा बीबी, इसराफुल शेख, कालोनी बीबी आदि ने आरोप लगाया है।

## डीसी ने किया सदर अस्पताल का औचक निरीक्षण

### उपायुक्त ने अस्पताल में पहुंचे मरीजों से जाना सुविधाओ का हाल, साफ सफाई को देख हुए नाखुश

आवाज प्रतिनिधि

**साहिबगंज।** उपायुक्त हेमंत सती ने बुधवार को सदर अस्पताल का औचक निरीक्षण करने पहुंचे। उन्होंने निरीक्षण के क्रम में अस्पताल की साफ सफाई, दवाओं की उपलब्धता, मरीज पंजीकरण रजिस्टर, रोस्टर अनुसार लगाए गए चिकित्सकों एवं कर्मियों की ड्यूटी, उपस्थिति पंजी, मरीज वार्ड समेत अन्य व्यवस्था का निरीक्षण किया।

### साफ सफाई को देख आउटसोर्सिंग एजेंसी को लगाई कड़ी फटकार

निरीक्षण के क्रम में उपयुक्त ने ड्यूटी पर लगे ओपीडी एवं इमरजेंसी डॉक्टर के कार्यों व रोस्टर का अवलोकन कर उचित दिशा निर्देश दिया। साथ ही अस्पताल में साफ-सफाई को देख अप्रसन्नता व्यक्त करते हुए कार्य करने वाली आउटसोर्सिंग एजेंसी को कड़ी फटकार लगायी और कहा इस तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।



अस्पताल का औचक निरीक्षण करते उपायुक्त समेत अन्य

### टीम भावना से करें कार्य, मरीजों को न करें नजरंदाज

उपायुक्त ने चिकित्सकों को निर्देश दिया कि जिला में सुदूरवर्ती क्षेत्र व दूर दराज से आये मरीज अपना स्वास्थ्य जांच व ईलाज कराने सदर अस्पताल साहेबगंज आते हैं। उनका समुचित जांच व ईलाज हो यह सुनिश्चित किया जाय। उपायुक्त ने सदर अस्पताल के विभिन्न फ्लोर में इलाजरत मरीजों से हाल-चाल जाना और इलाज कराने पहुंचे मरीजों से पूछताछ कर मिलने वाली सुविधाओं की जानकारी ली। मरीजों ने बताया कि सदर अस्पताल में समय पर उन्हें सारी सुविधाएं प्राप्त हो रहीं हैं। कई मरीजों में कुछ शिकायतें भी की। जिसे सुधरवाने का भरोसा उपायुक्त ने दिया। निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने महिला वार्ड, प्रसव कार्यालय, एसएनसीयू में महिलाओं व नवजात शिशु की हालत देखी और महिलाओं व बच्चों की स्थिति की जानकारी लेते हुए डॉक्टर को बेहतर तरीके से महिलाओं व नवजात शिशुओं का समुचित इलाज करने का निर्देश दिया।

### व्यवस्था को देख डीसी ने जताई नाराजगी

निरीक्षण के क्रम में उपायुक्त द्वारा रक्त कोष वार्ड, ओपीडी, एसएनसीयू, प्रसव वार्ड, एमटीसी, डायलिसिस,जांच केंद्र, पंजीकरण केंद्र, आईपीडी, दवा स्टॉक के साथ विभिन्न वार्डों का निरीक्षण कर आवश्यक व उचित दिशा निर्देश दिया गया। उन्होंने चिकित्सकों को समय पर अस्पताल में उपस्थित होने तथा टीम भावना के साथ कार्य करते हुए बेहतर सेवाएं जनता को उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने शुरू होने से पहले ही मॉड्यूलर ओटी की बुरी हालत देख नाराजगी जताई। उन्होंने उप विकास आयुक्त को निर्देशित करते हुए कहा कि संबंधित पदाधिकारी एवं एजेंसी से स्पष्टीकरण लिया जाए और 15 दिनों के अंदर सारी व्यवस्था दुरुस्त कराएं।

## लोबीन हेंब्रम ने विजय हांसदा के विरुद्ध खोला मोर्चा

**कहा, अंजाम जो भी हो मैं लडूंगा निर्दलीय चुनाव**



चुनावी दौरा करते लॉबिन हेंब्रम और उनके समर्थक

आवाज प्रतिनिधि

**बरहेट/साहिबगंज।** बुधवार को बोरियो के झामुम विधायक लोबिन हेंब्रम ने लोकसभा के चुनावी दौरा में बरहेट क्षेत्र के पचकठिया संथाली के मांझी टोला पहुंचे, जहां उन्होंने झामुम के लोकसभा उम्मीदवार विजय हांसदा के विरुद्ध मोर्चा खोलते हुए, ग्रामीण मतदाताओं को बताया कि झारखंड में झामुमो की सरकार ने जितने भी वादे किए थे। उसमें से झारखंडी के हितों का कोई वादा पूरा नहीं किया। चाहे वह स्थानीय नीति हो, नियोजन नीति हो, सीएनटी एक्ट या एसपीटी एक्ट हो। इसके साथ ही कहा कि वर्तमान सांसद विजय हांसदा के प्रति क्षेत्र की जनता में नाराजगी है और लोग विजय हांसदा को नहीं चाह रहे हैं। इसको लेकर कई बार पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को अवगत कराया, लेकिन वे नहीं माने। श्री हेंब्रम ने कहा कि मैंने कई बार कहा कि विजय हसदा के अलावा किसी अन्य को राजमहल लोकसभा से उम्मीदवार बनाया जाए और एकमात्र सीट को बचाया जाए। लेकिन मेरी बातों को दरकिनार किया गया। श्री हेंब्रम ने कहा कि वे लोगों से राय मस्वीरा ले रहे हैं। इतना ही नहीं उन्होंने सबों के बीच घोषणा करते हुए कहा कि वह राजमल लोकसभा से निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में चुनाव लड़ेंगे, परिणाम चाहे जो हो।

# बंद घर को चोरों ने बनाया निशाना, 16 भरी सोने की जेवरात समेत कैश चुराया

आवाज प्रतिनिधि



जांच करते पुलिस।

**पाकुड़ :** मुफस्सिल थाना क्षेत्र अंतर्गत काबिलपुर गांव के अब्दुल हकीम के बंद घर में मंगलवार रात को भीषण चोरी होने का मामला सामने आया है। अज्ञात चोरों ने अब्दुल हकीम के बंद घर में चोरी को अंजाम दिया है। गृहस्वामी के अनुसार घर के अलमीरा सहित विभिन्न जगह में रखे लगभग 16 भरी सोने की जेवरात एवं 62 हजार नकद राशि चोरों ने चोरी की। इस संबंध में पीड़ित गृहस्वामी अब्दुल हकीम से जानकारी लेने पर उन्होंने कहा की पूरे परिवार किसी कार्यक्रम में रिश्तेदार के घर जानकीनगर गए हुए थे। रात में घर पर कोई नहीं था। इसका फायदा उठा कर चोरों ने चोरी की घटना को अंजाम दिया है। उन्होंने कहा बुधवार सुबह स्थानीय लोगो द्वारा खबर दिया कि आपका घर में चोरी हो गया है। जब घर पहुंचे और अंदर गया तो देखा कि रूम का कपड़ा सहित अन्य सामान इधर उधर बिखरा पड़ा है। अलमीरा की तरफ नजर पड़ा तो देखा अलमीरा टूटा हुआ है। अच्छे से देखने पर पता चला कि उसमें रखे 16 भरी सोने की गहना और 62 हजार रूपए कैश नहीं है। उन्होंने कहा घटना की सूचना स्थानीय पुलिस थाना को दिया गया। कुछ देर बाद पुलिस पहुंचकर जांच पड़ताल की। घर के कुछ दूरी में एक अन्य घर में लगे सीसीटीवी कैमरा को पुलिस ने खंगाला। इधर थाना प्रभारी संजीव झा ने बताया कि शाम 6 बजे तक इस मामले में गृहस्वामी कोई आवेदन थाना में जमा नहीं किया है, जिस कारण मुकदमा दर्ज नहीं किया गया। उन्होंने कहा बावजूद इसके पुलिस अपनी तहकीकात जारी रखा है।

## नगरी पंचायत में संध्या चौपाल के माध्यम से मतदान करने को ले किया जागरूक



नगरी पंचायत में रात्रि चौपल करते अधिकारी।

आवाज प्रतिनिधि

**कंडहित :** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त श्रीमती कुमुद सहाय के निर्देश पर जामताड़ा जिले में स्वीप के माध्यम से मतदाताओं को जागरूक किया जा रहा है।इसी क्रम में मतदाताओ को जागरूक करने के उद्देश्य से बुधवार जिला के कुंडहित प्रखंड के नगरी पंचायत के नगरी उत्क्रमित उच्च विद्यालय में प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं अंचल अधिकारी के नेतृत्व में संध्या चौपाल का आयोजन किया गया. इस दौरान आम मतदाताओ को मताधिकार का प्रयोग करने के लिए शपथ भी दिलाई गई.संध्या चौपाल में लोकसभा चुनाव में निश्चित रूप से मतदान करने की अपील की कहा कि लोकतंत्र को जीवित व जागृत बनाये रखने में मतदान अति आवश्यक है. जिला में लोकसभा चुनाव के निमित सातवें चरण मे मतदान होना सुनिश्चित है, इस दिन एक एक मतदाताओं को सारे काम छोड़कर सबसे पहले मतदान करना है. मतदान के लिए दूसरे को भी प्रेरित कर बूथ तक ले जाना है. परिवार या गांव में एक भी मतदाता वोट डालने से नहीं चुके इस पर भी ध्यान द्रिरत रखने की जरूरत है. वहीं कहा कि जिला निर्वाचन पदाधिकारी के द्वारा इसबार के चुनाव में 80 प्रतिशत से अधिक मतदान का लक्ष्य रखा गया है. लक्ष्य को हासिल करने के लिए सभी का मतदान करना जरूरी है.इस मौके पर सभी संबंधित उपस्थित थे।

## सीएस ने दी मलेरिया से बचने की टिप्स



प्रेस कांफ्रेंस करते सीएस।

आवाज प्रतिनिधि

**पाकुड़ :** विश्व मलेरिया दिवस की तैयारियों को लेकर शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पाकुड़ में बुधवार को सिविल सर्जन डॉ मंटू कुमार टेकरीवाल ने प्रेसवार्ता कर विश्व मलेरिया दिवस से संबंधित जानकारी दी। सिविल सर्जन डॉ मंटू कुमार टेकरीवाल ने कहा कि मलेरिया की रोकथाम एवं उसके बचाव के लिए अपने आसपास पानी को जमा न होने दें। जमे हुए पानी में कीटनाशक, जला हुआ मोबिल, किरासन तेल डालें। जिससे मच्छर प्रजनन न कर सके। पानी की टंकी को ढक कर रखें। फ्रिज, कूलर व अन्य बर्तनों का पानी सप्ताह में एक दिन अवश्य सुखा लें। घरों के अंदर कीटनाशक का छिड़काव करें एवं मच्छरदानी का प्रयोग करें। उन्होंने कहा कि 25 अप्रैल को विश्व मलेरिया दिवस मनाया जाता है। इस दिन मलेरिया को नियंत्रित करने, उसके उन्मूलन के वैश्विक प्रयास के बारे में और लोगों में जागरूकता बढ़ाने के लिए इसका आयोजन किया जाता है। भारत में संक्रमण के 65% प्लाजमोडियम वाइवैक्स तथा 35 प्रतिशत प्लाजमोडियम फैल्सीपैरम के कारण होता है। छोटे बच्चों एवं गर्भवती महिलाओं में इस रोग के प्रति प्रतिकार क्षमता अत्यंत कम होती है। इसके कारण माता मृत्यु, मृत शिशुओं का जन्म, नवजात शिशुओं का वजन अत्यधिक कम होना एक प्रमुख समस्या है।

**मलेरिया का प्रमुख लक्षण**

- **ठंड के साथ बुखार आना (कंपकंपी)**
- **उल्टी होना या उल्टी जैसा लगना**
- **शरीर में ऐठन एवं दर्द, शिर दर्द।**
- **चक्कर आना तथा थोड़ी देर में पसीने के साथ बुखार उतरना।**
- **लीवर के असामनता के कारण रक्त शर्करा में कमी होना, जिससे हाइपोग्लाइसिमिया के लक्षण प्रकट होते हैं।**

## डायरिया से पीड़ित लोगों की स्थिति में हो रही है सुधार, कुछ लोगों को किया डिस्चार्ज

आवाज प्रतिनिधि



इलाजरत डायरिया पीड़ित मरीज।

**नाला :** नाला प्रखंड अंतर्गत मोहनपुर कासीडंगाल में डायरिया से विगत दिन कई लोग प्रभावित थे वहीं नाला मेडिकल टीम के अथक प्रयास से स्थिति में नियंत्रण पाया गया है चिकित्सकों के अनुसार डायरिया पीड़ित मरीज की स्थिति में बेहतर सुधार हो रहा है। मालूम हो कि प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ० लियाकत अंसारी, सर्जन डॉ देवानंद प्रकाश, डॉ अरविंद कुमार की देखरेख में डायरिया पीड़ित सभी मरीजों की समुचित इलाज की जा रही है। कल की अपेक्षा डायरिया पीड़ित मरीजों में काफी सुधार आया है। चिकित्सकों के परामर्श के अनुसार कुछ मरीजों को सकुशल डिस्चार्ज कर घर भेजा गया। समाचार भेजे जाने तक 7 डायरिया पीड़ित मरीज चिकित्सारत थे। चिकित्सकों का कहना है कि कुछ ही घंटे में इन सबों को डिस्चार्ज कर दिया जाएगा। मालूम हो कि इस प्रकार एकाएक गांव में डायरिया का प्रकोप फैलने से ग्रामीणों में जहां भय का माहौल है वहीं जिज्ञासा भी बनी हुई है। इस संबंध में प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ लियाकत अंसारी ने कहा कि दूषित पानी तथा फूड पोयजनिंग के कारण यह संक्रमण फैल गया है। उन्होंने कहा कि गांव की सहिया एवं अन्य स्वास्थ्य कर्मियों को निरंतर ग्रामीणों पर निगाह रखने तथा आवश्यक परामर्श एवं दवा उपलब्ध कराते हुए मेडिकल टीम को सलाह दी गई है साथ ही स्वच्छता के विभिन्न नियमों का अनुपालन करने का भी सुझाव दिया गया है।

मौके पर अस्पताल में एमटीएस अहमद रजा प्रवेज, एएनएम लोबन डुंगडुंग, अर्पिता दे, मेनका वर्मा,भीम हाजरा,रंजीत भट्टाचार्य, सईद अंसारी,संतोष कुमार,श्रवण कुमार आदि स्वास्थ्य कर्मी के अलावे पीड़ित के परिजन भी मौजूद थे।

### अनियंत्रित बाइक पलटा, तीन लोग घायल

**लिट्टीपाड़ा (आवाज़) :** थाना क्षेत्र के लिट्टीपाड़ा-अमड़ापाड़ा मुख्य सड़क पर बरमसिया गांव के समीप बुधवार को मोटरसाइकिल दुर्घटना में तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गया. जानकारी के अनुसार पाकुड़ कालिदापुर के परोलबोना निवासी शकल मरांडी (37 वर्ष), लिट्टीपाड़ा नवाडीह निवासी बिकाश मुर्मू (30 वर्ष) व लिट्टीपाड़ा मधुबन निवासी मुन्शी मुर्मू (28 वर्ष) तीनो एक ही मोटरसाइकिल पर सवार होकर किसी काम से लिट्टीपाड़ा से अमड़ापाड़ा जा रहे थे, कि बरमसिया गांव के समीप तेज रफ्तार मोटरसाकिल का संतुलन बिगड़ने से दुर्घटनाग्रस्त हो गया. जिससे मोटरसाइकिल में सवार तीनो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए. ग्रामीणों द्वारा घटना की सूचना पुलिस को दिया गया. सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच सड़क किनारे पढ़े तीनो घायलों को उठाकर सामुदायिक स्वास्थ केंद्र ले गया. जहा डॉ मुकेश बेसरा, डॉ आनन्द के द्वारा प्राथमिक उपचार कर बेहतर इलाज के लिए तीनों को पाकुड़ रेफर कर दिया।

## गोड्डा टीम क्वार्टर फाइनल में प्रवेश

आवाज प्रतिनिधि



खिलाड़ी के साथ अतिथि।

**गोड्डा :** गांधी मैदान में जेएससीए के तत्वाधान में चल रहे अंडर 16 अंतर जिला क्रिकेट टूनार्मेंट में गोड्डा वेन्यू में आज अंतिम मैच खेला गया।गोड्डा ने गिरिडीह को 7 विकेट से पराजित कर अपनी चौथी जीत दर्ज करते हुए क्वार्टरफाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली।आज के जीत के बाद गोड्डा टीम अपने ग्रुप में शीर्ष पर पहुंच गई है।गिरिडीह की टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया किंतु हर्षित दुबे और राजा अंसारी की घातक गेंदबाजी के सामने 48 ओवर में सिर्फ 102 रन पर ऑल आउट गई।कुमार दीपेश ने 18 रन की पारी खेली।दोनो गेंदबाजों ने 4-4 विकेट प्राप्त किया।जवाब में गोड्डा की टीम ने सिर्फ 12 ओवर में 3 विकेट के नुकसान पर 116 रन बनाकर आसानी से मैच जीत लिया।गौरव यादव ने 41 रन,हर्षित दुबे ने नाबाद 33 रन एवं आदित्य सिंह ने नाबाद 25 रन की पारी खेली।लीग का अंतिम मैच कल देवघर में खेला जाएगा।कल के मैच के बाद इस ग्रुप से क्वार्टरफाइनल में पहुंचने वाली दूसरे टीम का फैसला होगा। मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार स्कोरर गजेंद्र कुमार के द्वारा गोड्डा के हर्षित दुबे को ट्रॉफी एवं 5000 की नकद राशि प्रदान की गई। जेएससीए के पर्यवेक्षक अजय यादव,अंपायर धर्मेंद्र कुमार,रूपेश कुमार,स्कोरर गजेंद्र कुमार को संघ के अध्यक्ष एच एम बोदरा,उपाध्यक्ष अमित बोस,संयोजक संजीव कुमार कोषाध्यक्ष सनोज कुमार ने सम्मानित किया।इस अवसर पर मुकेश मंडल, अवधेश, सन्नी, ऋषि, विजय, सूरज, बबलू,प्रभु,आकाश सहित अन्य सदस्य उपस्थित थे। क्वार्टर फाइनल मुकाबला 27 अप्रैल को खेला जायेगा।

## यज्ञ हवन आहूति आदि कर्मकांड महाराज जी के सानिध्य में जारी



आवाज प्रतिनिधि

**नाला :** पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार वर्धनडंगा ग्राम सोलोआना की ओर से श्री निताई गौरांग महाप्रभु आंखड़ा वर्धनडंगा के तत्वावधान में सात दिवसीय श्रीमद्भागवत ज्ञान यज्ञ के दौरान प्रतिदिन वृन्दावन के गोड़ीय वैश्नव आचार्य गोस्वामी श्री राजेश किशोर महाराज के सानिध्य में प्रतिदिन महाराज श्री के द्वारा नारायण कवच गजेन्द्र मोक्ष श्री सक्त से हवन आहुति आदि धार्मिक कर्मकांड पूर्ण किए जा रहे हैं। सुबह से ही यज्ञ मंडप में भक्तों का तांता लगा रहता है। लोग सुबह से यज्ञ मंडप में जाकर हवन में शामिल हो रहे हैं। इन दिनों इस श्रीमद्भागवत ज्ञान यज्ञ अनुष्ठान को लेकर पूरे क्षेत्र के लोग नियम निष्ठा तथा सात्विक नियमों का पालन कर रहे हैं। इस धार्मिक अनुष्ठान में ग्राम सोलोआना के सभी सदस्यों के अलावे आस पास तथा दूर दराज से संत महात्मा एवं भक्त जनों का आवागमन का सिलसिला जारी है।

## कुलडंगाल सहित विभिन्न जगहों में सहिया और सहिया साथी की हुई बैठक



बैठक में मौजूद सहिया एवं सहिया साथी।

आवाज प्रतिनिधि

**नाला :** विभाग द्वारा दिए गए निर्देश के आलोक में बुधवार को नाला सीएचसी अन्तर्गत कुलडंगाल सहित विभिन्न उप स्वास्थ्य केंद्रों में सहिया एवं सहियासाथी की क्लस्टर बैठक हुई। मालूम हो कि कुलडंगाल उप स्वास्थ्य केंद्र में आयोजित बैठक की अध्यक्षता बीटीटी अंजु माजी ने की वहीं मालडिहा में आयोजित बैठक की अध्यक्षता सहिया साथी मान कुमारी घोष ने की।इसके अलावा डाहिनघाटी में बैठक की अध्यक्षता सहिया साथी सरस्वती गोरांई ने की। इस क्रम में आईडीए, नियमित टीकाकरण, एचबीवाईसी, एचबीएनसी की प्रगति समीक्षा की गई इसके अलावा परिवार नियोजन आदि पर चर्चा की गई। वहीं वर्तमान में चल रहे भीषण गर्मी एवं लू से बचने के लिए भी विभिन्न सावधानी बरतने तथा विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा की गई साथ ही लोकसभा चुनाव को लेकर सत प्रतिशत मतदान कराने के लिए सभी कर्मियों को अपने-अपने क्षेत्र में जागरूकता कार्यक्रम चलाने के लिए भी निर्देशित किया गया। इसके अलावे एनडीडी, आईएफए सीरप से संबंधित चर्चा की गई और आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। इस अवसर पर कुलडंगाल उप स्वास्थ्य केंद्र में आयोजित बैठक में सहिया साथी हाय रानी पाल ,रेखा कर, तरूलता मंडल, राधिका मोहली आदि मौजूद थे।

वहीं मालडीहा उप स्वास्थ्य केंद्र की बैठक में सहिया साथी मान कुमारी घोष, सहिया श्रावणी दास, वंदना घोष, लतिका गोराई ,कल्पना गोराई, मुन्ना मंडल आदि मौजूद थे। वहीं डाहिनघाटी की बैठक में बीटीटी बलदेव मरांडी, सरस्वती गोराई आदि मौजूद थे ।

## दो घंटे तक फंसे ट्रेन के रेल यात्रियों को लुत्फुल हक ने पिलाई बोतलबंद पानी

आवाज प्रतिनिधि



यात्रियों को पानी उपलब्ध कराते समाजसेवी।

**पाकुड़ :** पाकुड़-फरक्का के बीच तिलभीठा रेलवे स्टेशन पर दो घंटे तक खड़ी ट्रेन में फंसे यात्रियों को समाजसेवी लुत्फुल हक ने बोतलबंद शीतल पानी पिलाकर प्यास बुझाने का काम किया। लुत्फुल हक ने तकरीबन एक हजार बोतलबंद शीतल पानी यात्रियों को उपलब्ध कराया।

दरअसल बुधवार को पश्चिम बंगाल के फरक्का बैराज में एक लकड़ी लदी ट्रक में अचानक आग लग गई। इससे न केवल सड़क मार्ग प्रभावित हुआ बल्कि रेल रूट पर भी खासा असर पड़ा। आगलगी की घटना की वजह से ट्रेनों के परिचालन पर कुछ घंटों के लिए रोक लगा दी गई। इस दौरान तिलभिठा स्टेशन में हैदराबाद एक्सप्रेस ट्रेन को करीब 2 घंटे तक खड़ा किया गया। तेज गर्मी के कारण हाहाकार मच गया। यह स्टेशन छोटी है, जिस कारण पेयजल की व्यवस्था उतना खास नहीं है। इसलिए यात्रियों को पेयजल के लिए काफी परेशानियों से गुजरना पड़ रहा था। आग उगलती तेज धूप और गर्मी के वजह से ट्रेन में बैठे यात्रियों की मानों जान निकल रही थी। इनमें बुजुर्ग और बच्चें भी शामिल थे। पानी के अभाव में यात्रियों का गला सूख रहा था। किसी तरह का कोई उपाय नहीं होता देख, कुछ यात्रियों ने फोन घुमाना शुरू किया। इसी बीच समाजसेवी लुत्फुल हक को सूचना मिली कि यात्रियों को पीने के पानी की सख्त जरूरत है। पानी के लिए यात्रियों का बहुत बुरा हाल है। सूचना मिलते ही समाजसेवी लुत्फुल हक बिना वक्त गंवाए सीधे तिलभीठा स्टेशन पहुंचे। उन्होंने बाजार से बोतलबंद शीतल पानी मंगाकर यात्रियों को मुहैया कराया। उन्होंने स्थानीय लोगों के सहयोग से यात्रियों को पानी बोतल पहुंचाया। ट्रेन के हर डिब्बे में जाकर यात्रियों को पानी बोतल उपलब्ध कराया। इसमें स्थानीय कलाम शेख, याकूल शेख सहित अन्य युवाओं ने लुत्फुल हक के इस नेक काम में हाथ बंटाने में सहयोग किया। इधर ट्रेन में बैठे यात्रियों ने पानी मिलने से राहत की सांस ली और समाजसेवी लुत्फुल हक का आभार जताया। उल्लेखनीय है कि लुत्फुल हक समाजिक कार्यों में बढ़-चढ़कर भाग लेते हैं।

## बाबा रामदेव ने एक बार फिर बनाया मूर्ख !

सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर बाबा रामदेव ने एक माफीनामा प्रकाशित करवाया है। रिट याचिका संख्या 645/2022 के संदर्भ में सर्वोच्च न्यायालय द्वारा जो आदेश दिया गया था, उसकी अवज्ञा करने पर उन्होंने सुप्रीम कोर्ट के निर्देश पर जो माफीनामा प्रकाशित कराया है, उसे देखने से प्रतीत होता है कि उन्होंने सुप्रीम कोर्ट से माफी मांगी है। पतंजलि आयुर्वेद द्वारा जो विज्ञापन फर्जी दावे कर प्रकाशित कराए गए थे। तब उन विज्ञापनों में तरह-तरह की फर्जी दावे किए गए थे। मौजूदा माफीनामा वाले विज्ञापन में ना तो उनका उल्लेख किया गया है और ना ही पतंजलि आयुर्वेद द्वारा फर्जी दावे कर जिनको ठगा गया है, उनसे ही माफी मांगने का कोई उल्लेख किया गया है। पतंजलि आयुर्वेद लिमिटेड द्वारा वर्षों से प्रकाशित विज्ञापनों में जो झूठे दावे किए गए थे। उसके लिए अभी भी माफी नहीं मांगी गई है। बाबा रामदेव की कंपनी पतंजलि आयुर्वेद लिमिटेड, बाबा रामदेव, आचार्य बालकृष्ण ने जो माफीनामा प्रकाशित कराया है। उसमें केवल सुप्रीम कोर्ट के आदेशों का पालन नहीं करने पर माफी मांगी गई है। दरअसल 22/11/2023 को संवाददाता सम्मेलन आयोजित कर सुप्रीम कोर्ट के आदेश को जो चुनौती उन्होंने दी थी, उसके लिए उन्होंने सुप्रीम कोर्ट से क्षमा मांगी है। सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद भी छोटा सा विज्ञापन, जिसमें किसी किस्म के तथ्यों का उल्लेख ही नहीं था। कुछ विज्ञापन के माध्यम से पहले सुप्रीम कोर्ट को धोखा देने की कोशिश की। सुप्रीम कोर्ट ने जब अपनी नाराजगी जताई, उसके बाद जो थोड़ा बड़ा विज्ञापन जारी किया गया उसमें भी इस बात का उल्लेख नहीं है कि पतंजलि आयुर्वेद किस गलती के लिए किससे माफी मांग रही है। विज्ञापन में जो झूठे दावे किए थे। उसके बारे में कोई स्पष्टीकरण प्रकाशित नहीं किया गया है। ताकि उपभोक्ता और भक्त जिन्हें विभिन्न माध्यमों से ठगा गया वो जान सकें कि पतंजलि के विज्ञापन में झूठ परोसा गया था। उसके बारे में उपभोक्ता को जानकारी प्राप्त हो। बाबा रामदेव को सरकार का संरक्षण मिला हुआ है। बाबा रामदेव पतंजलि के उपभोक्ताओं और भक्तों को मूर्ख मानते हुए अभी भी धोखा देने का प्रयास कर रहे हैं। सुप्रीम कोर्ट के आदेशों का भी इस तरह से पालन कर रहे हैं, जिसमें सुप्रीम कोर्ट के आदेशों का क्रियान्वयन भी हो जाए और सही बात भी सामने नहीं आ पाए। पतंजलि द्वारा प्रकाशित दोनों विज्ञापन में उन्होंने उच्चतम न्यायालय की महिमा का सम्मान बनाए रखने का दावा किया है। पतंजलि आयुर्वेद ने उपभोक्ताओं के साथ जो छल किया है, उसके लिए उन्होंने अभी भी माफी नहीं मांगी है। सही मायने में विज्ञापनों में किए गए झूठे दावों के लिए उपभोक्ताओं से माफी मांगनी चाहिए थी। इसका स्पष्ट उल्लेख विज्ञापन में होना चाहिए था। बाबा के पास जो सामर्थ्य वर्तमान में है। उसको देखते हुए बाबा रामदेव से इससे ज्यादा की आशा उपभोक्ताओं को नहीं करनी चाहिए। ना ही सुप्रीम कोर्ट को बाबा रामदेव से करना चाहिए। बाबा ने सुप्रीम कोर्ट की महिमा और सम्मान को बनाए रखने के लिए अतुलनीय काम किया है। यही मानकर सबको चलना पड़ेगा। बाबा रामदेव शायद ऐसा ही सोचते हैं। यह विज्ञापन में साफ झलक रहा है। बहरहाल यह मामला अभी सुप्रीम कोर्ट में विचाराधीन है, बाबा रामदेव की पतंजलि आयुर्वेद लिमिटेड ने दूसरा विज्ञापन सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर प्रकाशित करा दिया है। सुप्रीम कोर्ट विज्ञापन को किस रूप में लेगा, कहना मुश्किल है। उपभोक्ताओं के साथ पतंजलि आयुर्वेद और बाबा रामदेव ने मॉडल बनाकर जो धोखाधड़ी और विश्वासघात किया है। पतंजलि के उत्पाद को लेकर जो फर्जी दावे किए हैं। उपभोक्ताओं और भक्तों को साधु के वेष में जिस तरह से लूटा है। उसके लिए अभी तक बाबा ने माफी नहीं मांगी है। सुप्रीम कोर्ट के फैसले और अवमानना की कार्रवाई के बाद भी बाबा रामदेव का अहंकार जरा भी कम नहीं हुआ है। वह अपने अहंकार को बनाए रखने के लिए लगातार हर संभव धोखा देने का प्रयास कर रहे हैं। इससे सभी हतप्रभ हैं।

## आपत्तिजनक हथियारों को लेकर दुनिया में भय

**– ललित गर्ग –**

शांति के तमाम उपायों के बीच दुनियाभर में सैन्य खर्च, शस्त्रीकरण एवं घातक हथियारों की होड़ किसी खतरे की घंटी से कम नहीं। शस्त्रीकरण के भयावह दुष्परिणामाअें से समूचा विश्व भयाक्रांत है, हर पल आणविक हथियारों के प्रयोग को लेकर दुनिया डर के साये में जी रही है। इसीलिये आज अयुद्ध, निशस्त्रीकरण एवं शांति की आवाज चारों ओर से उठ रही है। शक्ति संतुलन के लिये शस्त्र-निर्माण एवं शस्त्र संग्रह की बात से किसी भी परिस्थिति में सहमत नहीं हुआ जा सकता। क्योंकि इससे अपव्यय हो होता ही है, साथ ही किसी भी गलत हाथों से दुरुपयोग होने की बहुत संभावनाएं रहती है। ताजा घटनाक्रम को देखें तो एक ओर रूस और यूक्रेन आमने-सामने हैं, वहीं दूसरी तरफ इजरायल और ईरान के बीच तल्खी भी चरम पर है। चीन और ताइवान के बीच भी रह-रह कर युद्ध के बदल मंडरा रहे हैं। ऐसे माहौल में यह सवाल भी गूंजना स्वाभाविक है कि क्या सचमुच दुनिया तीसरे विश्व युद्ध की ओर बढ़ते हुए घातक हथियारों के उपयोग की प्रयोगभूमि बन रही है? सवाल दूसरे ओर भी हैं। स्टॉकहोम इन्टरनेशनल पीस रिसर्च इंस्टीट्यूट की हथियारों पर आयी ताजा रिपोर्ट ऐसे ही सवाल खड़े कर रही है। इसका संतोषजनक जवाब शायद ही मिले क्योंकि दुनिया सीधे-सीधे दो खेमों में बंट गई है। स्टॉकहोम की रिपोर्ट के आंकड़े चौंकाने वाले ही नहीं, डराने वाले हैं। शांति के तमाम उपायों के बीच दुनियाभर में सैन्य खर्च का बढ़ना एवं नये-नये हथियारों का बाजार गरम होना, चिन्ताजनक है। रिपोर्ट में खास बात यह है कि दुनिया में स्वर्धिक सैन्य खर्च करने वाले देशों में भारत चौथे नंबर पर बरकरार है। शांति एवं अहिंसा की भूमि पर हथियारों का जमावड़ा उसकी कथनी एवं करनी के भेद को उजागर कर रहा है। ये सवाल स्वाभाविक है कि जब प्रत्येक देश शाांति बनाए रखने की वकालत करता है फिर हथियारों की होड़ लगातार क्यों बढ़ रही है? भारत दुनिया का सबसे बड़ा हथियार आयातक देश बन चुका है। स्टॉकहोम की ओर से जारी रिपोर्ट में इसका खुलासा हुआ है। भारत ने बीते पांच साल में दुनिया में सबसे ज्यादा हथियार खरीदे हैं। इस रिपोर्ट में बताया गया है कि यूरोप का हथियार आयात 2014-18 की तुलना में 2019-23 में लगभग दोगुना बढ़ा है, जिसके पीछे रूस-यूक्रेन युद्ध बड़ा कारण माना जा रहा है। वहीं, इसके अलावा पिछले पांच वर्षों में सबसे ज्यादा हथियार एशियाई देशों ने खरीदे हैं। इस लिस्ट में रूस-यूक्रेन का युद्ध देश के रक्षा निर्यात को काफी प्रभावित किया है। इस कारण से पहली बार रूस हथियार निर्यात में तीसरे स्थान पर पहुंच गया है। तो वहीं, अमेरिका पहले और फ्रांस दूसरे नंबर पर है। पिछले 25 सालों में पहली बार, संयुक्त राज्य अमेरिका एशिया और ओशिनिया का सबसे बड़ा हथियार आपूर्तिकर्ता रहा। अमेरिका की हथियारों की होड़ एवं तकनीकीकरण की दौड़ पूरी मानव जाति को ऐसे कोने में धकेल रही है, जहां से लौटना मुश्किल हो गया है। अब तो दुनिया के साथ-साथ अमेरिका स्वयं ही इन हथियारों एवं हिंसक मानसिकता का शिकार है। अमेरिका दुनिया पर आधिपत्य स्थापित करने एवं अपने शस्त्र कारोबार को पनपाने के लिये जिस अपसंस्कृति को उसने दुनिया में फैलाया है, उससे पूरी मानवता कराह रही है, पीड़ित है। अमेरिका ने नई विश्व व्यवस्था (न्यू वर्ल्ड आर्डर) की बात की है, खुलेपन की बात की है लगता है ह्वविश्वमानवह्ल का दम घुट रहा है और घुटन से बाहर आना चाहता है। विडम्बना देखिये कि अमेरिका दुनिया का सबसे अधिक शक्तिशाली और सुरक्षित देश है लेकिन उसके नागरिक सबसे अधिक असुरक्षित और भयभीत नागरिक हैं। वहां की जेलों में आज जितने कैदी हैं, दुनिया के किसी भी देश में नहीं हैं। ऐसे कई वाकये हो चुके हैं कि किसी रेस्तरां, होटल या फिर जमावड़े पर अचानक किसी सिरफिरे ने गोलीबारी शुरू कर दी और बड़ी तादाद में लोग मारे गए। 2014 में अमेरिका में हत्या के कुल दर्ज करीब सवा चौदह हजार मामलों में अड़सठ फीसद में बंदूकों का इस्तेमाल किया गया था। एक तरफ अमरीका और उसके सहयोगी नाटो देश हैं तो दूसरी तरफ रूस-चीन का गठजोड़ है। तटस्थ रहने वाले देश भी गाहे-बगाहे अप्रत्यक्ष रूप से किसी न किसी खेमे की तरफ झुकाव प्रदर्शित करते रहे हैं। ऐसे में आखिरी उम्मीद संयुक्त राष्ट्र ही रह जाता है। जबकि संयुक्त राष्ट्र की शक्तियां एवं उद्देश्य कोरे दिखावे के हैं, समूची दुनिया इससे वाकिफ है। वह ऐसे किसी भी संकट में शांति प्रस्ताव पारित कर अपनी जिम्मेदारियों से इतिश्री कर पला झाड़ लेता है। वह न तो रूस-यूक्रेन के संघर्ष में और न ही इजरायल-फिलिस्तीन संघर्ष रोकने में कोई सार्थक भूमिका अदा कर पा रहा है। उसके कड़े से कड़े फैसले भी आखिर में महाशक्तियों के वीटो के सामने हथियार डाल देते हैं। दूसरे विश्वयुद्ध के बाद अस्तित्व में आया संयुक्त राष्ट्र कहने को तो दुनिया के देशों का सबसे बड़ा मंच है पर युद्धों को रोकने में उसकी भूमिका नगण्य है। ऐसे में दुनिया में बढ़ते हथियारों की होड़ एवं युद्ध की संभावनाओं को आखिर कौन-कैसे-किसको रोके? जाहिर है, ऐसी परिस्थितियों में तो हथियारों की होड़ बढ़ेगी ही। अमरीका एक तरफ युद्ध की तरफ बढ़ रहे देशों से शांति की अपील करने में सबसे आगे रहता है। लेकिन दूसरी तरफ अमरीकी हथियार कंपनियां तमाम देशों को खरबों रुपए के हथियार बेच रहीं है। इन कंपनियों के लिए तो युद्धकाल ही स्वर्णकाल होता है। ऐसे दौर में जब अधिकांश देश शिक्षा, रोजगार व सेहत के मोर्चे पर संकटों का सामना कर रहे हैं, हथियारों की इस होड़ को रोका ही जाना चाहिए। रूस एवं यूक्रेन के बीच लम्बे समय से चल रहा युद्ध भीषणतम तबाही एवं सर्वनाश का कारण बनता दिख रहा है। रूस द्वारा परमाणु हथियारों के इस्तेमाल किये जाने एवं यूक्रेन के द्वारा ह्वडर्टी बमह्ल का इस्तेमाल किये जाने की धमकियां, दुनिया के लिये डर का कारण बन रही है। भयंकर विनाश की आशंकाओं के बीच समूची दुनिया सहमी हुई है। यदि परमाणु हथियारों का उपयोग होता है तो यह मानवता के मूलभूत सिद्धांतों के खिलाफ होगा एवं दुनिया को अशांति की ओर अग्रसर करने वाला होगा। अब परमाणु हथियारों के इस्तेमाल का खतरा इसलिए बढ़ गया है कि यूक्रेन को इतने लंबे समय से झुकता न देख रूस का अहं चोट खा रहा है। हालांकि परमाणु हथियारों के दुष्परिणामों से दोनों देश अनजान नहीं हैं।

## आज का राशिफल

**मेष** : कुछ प्रतिकूल गोचर का क्षोभ दिन-भर रहेगा। सुबह-सुबह की महत्वपूर्ण सिद्धि के बाद दिन-भर उत्साह बना रहेगा। किसी लाभदायक कार्य के लिए व्ययकारक स्थितियां पैदा होंगी। प्रसन्नता के साथ सभी जरूरी कार्य बनते नजर आएंगे। मनोरथ सिद्धि का योग है। मेहमानों का आगमन होगा। शुभांक-3-6-8

**वृष** : स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। कुछ कार्य भी सिद्धि होंगे। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। सम्पत्ति से लाभ। शुभांक-4-6-8

**मिथुन**
महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध होंगे। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा। शुभांक-2-4-6

**कर्क**
धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। सुखदायी समय है। लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। बुद्धितत्व की सक्रियता से अल्प लाभ का हर्ष होगा। कुछ महत्वपूर्ण कार्य बनाने के लिए भाग-दौड़ रहेगी। सुखद समय की अनुभूतियां प्रबल होंगी। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। शुभांक-4-6-7

**सिंह**
मनोविनोद बढ़ेंगे। व्ययाधिक्य का अवसर आ सकता है। शुभ कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा। कामकाज की अधिकता रहेगी। लाभ भी होगा और पुराने मित्रों से समागम भी होगा। व्यवसायिक अभ्युदय भी होगा और प्रसन्नताएं भी बढ़ेगी। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। शुभांक-2-4-6

**कन्या**
धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होंगी। रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। शुभ कार्यों की प्रवृत्ति बनेगी और शुभ समाचार भी मिलेंगे। स्थान परिवर्तन की संभावना है। शुभांक-3-5-7

**तुला**
रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। शुभ कार्यों की प्रवृत्ति बनेगी और शुभ समाचार भी मिलेंगे। लाभकारी गतिविधियों में सक्रियता रहेगी। कार्यक्षेत्र में संतोषजनक सफलता मिलेगी। यात्रा का योग है। शुभांक-3-5-6

**वृश्चिक**
कुछ एकाग्रता की प्रवृत्ति बनेगी। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। शुभांक-4-5-7

**धनु**
जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। हित के काम में आ रही बाधा मध्याह्न पश्चात दूर हो जाएगी। परिवारजन का सहयोग काम को बनाना आसान करेगा। अपने काम आसानी से बनते चले जाएंगे। थोड़े प्रयास से कार्य सिद्ध होंगे। शुभ कार्य सम्पन्न होने से वातावरण आनन्द देने वाला बना रहेगा। शुभांक-2-4-6

**मकर**
मकर : परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। आर्थिक लाभ हेतु किये गए कार्यों का तत्काल प्रतिफल मिलेगा। बौद्धिक उलझनें बनी रहेंगी। लाभमार्ग प्रशस्त होगा। नवीन उद्योगों के अवसर बढ़ेंगे व अभिलाषाएं पूर्ण होंगी। शुभांक-1-3-5

**कुंभ**
मकर : परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। आर्थिक लाभ हेतु किये गए कार्यों का तत्काल प्रतिफल मिलेगा। बौद्धिक उलझनें बनी रहेंगी। लाभमार्ग प्रशस्त होगा। नवीन उद्योगों के अवसर बढ़ेंगे व अभिलाषाएं पूर्ण होंगी। शुभांक-1-3-5

**मीन**
मकर : परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। आर्थिक लाभ हेतु किये गए कार्यों का तत्काल प्रतिफल मिलेगा। बौद्धिक उलझनें बनी रहेंगी। लाभमार्ग प्रशस्त होगा। नवीन उद्योगों के अवसर बढ़ेंगे व अभिलाषाएं पूर्ण होंगी। शुभांक-1-3-5

## मतदाता सूची में नाम न हो तब भी कर सकते है मतदान!

**डॉ श्रीगोपाल नारसन**

देश मे पहले चरण का लोकसभा चुनाव मतदान 19 अप्रैल को हो रहा है।लोकसभा की 543 सीटों के लिए 97 करोड़ से अधिक मतदाता 10.50 लाख मतदान केंद्रों के माध्यम से विभिन्न चरणों मे मतदान कर सकेंगे।जिसके लिए चुनाव आयोग ने लगभग डेढ़ करोड़ चुनाव अधिकारियों की नियुक्ति की है।मतदान सहज रूप से मतदाताओं को आवश्यक सुविधाओं के साथ सम्पन्न कराया जा सके ,इसके लिए मतदान स्थल पर पेयजल सुविधा, शौचालय, व्हीलचेयर, रैंप, शेड,बिजली आपूर्ति, स्वयं सेवक प्रदत्त किये गए है।देश को मिली आजादी के बाद से अभी तक मतदान के विभिन्न चुनाव में विभिन्न तरीके अपनाये गए है। गांव स्तर से लेकर राज्य और केन्द्र स्तर तक अपना जनप्रतिनिधी चुनने के लिए जो तरीके अपनाये गए उनमें हाथ उठाकर अपना वोट डालने से लेकर ईवीएम वोटिंग मशीन तक का उपयोग मतदाताओं के लिए वरदान बना है। सन 1952 से लेकर साथ के दशक तक गांव में लोग अपना प्रधान व ग्राम सदस्यों का चुनाव हाथ उठाकर करते थे। तब न बैलट पेपर का झंझट था ,न वोटिंग मशीन की जरूरत थी, बस हाथ उठाओं और हो गया वोट । हरिद्वार जिले के गांव खुब्बनपुर निवासी मास्टर सुमन्त सिंह आर्य ने अपनी सरकारी नोकरी के दौरान चार बार ऐसे चुनाव कराये जब वोट बैलट के बजाए हाथ उठाकर दिया गया था। ग्राम सभाओं के ग्राम प्रधान व ग्राम सभा सदस्यो के चुनाव सन 1962 तक हाथ उठाकर ही कराये जाते थे। लेकिन जब हाथ उठाकर वोट देने के कारण लोगो के बीच आपसी राजनीतिक रंजिश बढने लगी तो हाथ उठाकर वोट देने की सरल व सुगम परम्परा को बन्द करना पडा। हालांकि आजादी के पहले तक तो हाथ उठाकर वोट डालने की परम्परा सामान्य थी। लेकिन तब भी कभी बडे सदनो के लिए हाथ उठाकर वोट डालने की प्रक्रिया को नही अपनाया गया।अपने जीवनकाल में स्वाधीनता सेनानी सत्यवती सिन्हा ने अपने अनुभव सुनाते हुए बताया था कि पहले लोग वोट का मतलब तक नही समझते थे । एक बार जब वे लोगो को एक पार्टी विशेष के पक्ष में वोट डालने के लिए कहने गई और उन्हे उस समय के चुनाव चिन्ह बैलो की जोडी के बारे में बताया तो गांव की महिलाओं ने वोट डालने के लिए मतदान केन्द्र पर जाने के बजाए खेतो में जाकर बैलो की जोडी के सामने पांच पांच पैसे चढा दिये और समझ लिया कि उन्होने मतदान कर दिया है। ग्राम प्रधान रह चुकी कमला बमोला का कहना है कि मतदान के लिए आज भी कई स्थानों पर लोगो को कई कई किमी तक पैदल जाना पडता है जो कि एक गलत व्यवस्था है। उन्होने माना कि चुनाव में काफी सुधार हुए है लेकिन अभी भी चुनाव धन बल की विकृति से मुक्त नही हो पाया है।गरीब व आम आदमी आज भी चुनाव लडने का साहस नही जुटा पाता। ऐसे में कैसे माना जाए कि लोग उस आम जनता में से चुन कर जा रहे है जिनकी संख्या कम से कम नब्ब फिसदी है।इसी कारण 90 प्रतिशत लोग आज भी चुनाव न लड पाने की हैसियत न होने के कारण चुनाव से दूर रह जाते है और जनप्रतिनिधी बनने से वंचित हो जाते है। इसी तरह अंतरराष्टीय खिलाड़ी डॉ आदेश कुमार शर्मा इस बात से दुखी है कि चुनाव मैदान में उतरे प्रत्याशी आज भी वोटरो को प्रलोभित कर वोट पाना चाहते है और जब ऐसे लोग चुनाव जीत जाते है तो चुनाव बाद 5 साल तक फिर वे क्षेत्र में नजर नही आते ऐसे प्रत्याशियो को नकारने पर वे जोर देते है । उन्होने चुनाव आयोग द्वारा चुनाव सुधार की दिशा में टी एन शेषन के समय की गई सख्ती का स्वागत किया था। उनकी सोच है कि चुनाव आयोग टीएन शेषन के समय से ही अच्छे रास्ते पर चलने लगा था परन्तु अब फिर उसकी विश्वनीयता ईवीएम पर सवाल उठने के कारण घटने लगी है ।एक बार विधायक या सांसद बनने पर उनकी आय मे कई सौ गुना वृद्धि कैसे हो जाती है इस पर भी ध्यान देने की आवश्यकता है।चुनाव आयोग द्वारा दिल्ली में पिछले चुनाव में मतदान के दिन कोई भी प्रत्याशी मतदान स्थल से 100 मीटर दूरी तक मतदाताओं को हाथ जोडकर नमस्ते तक नही कर पाया था,यह प्रावधान लोगो को बहुत पसंद आया है।जब आप वोट डालने मतदान केंद्र पर जाए और आपको पता चले कि आपका वोट किसी ने पहले ही डाल दिया है,ऐसी हालत में आप पीठासीन अधिकारी से टेंडर वोट डालने की सुविधा प्राप्त कर सकते है।यदि किसी मतदान केंद्र पर टेंडर वोट कुल मतदान का 40 प्रतिशत से अधिक हो जाए तो वहां पुनः मतदान कराया जाएगा।वही यदि आपका नाम मतदाता सूची में ही न हो तब आप धारा 49 ए के तहत पीठासीन अधिकारी से चुनौती वोट डलवाने का निवेदन कर सकते है।लेकिन यदि आपका नाम मतदाता सूची में न हो और आपके पास मतदाता पहचान पत्र भी न हो,तब भी धारा 8 के अंतर्गत कोई भी पहचान पत्र जिनमे पैन कार्ड,ड्राइविंग लाइसेंस, आधार कार्ड आदि दिखाकर मतदान कर सकते है।यानि मतदान करना प्रत्येक नागरिक का मूलभूत अधिकार है,इसलिए मतदान अवश्य करे।

## केरल पर भी सियासी जहर का असर.....

**राकेश अचल**

सर्वाधिक शिक्षित केरल पर भी नागपुरिया सियासत का जहर असर दिखाने लगा है। यहां के एक निर्दलीय वामपंथी समर्थक विधायक ने कांग्रेस के नेता राहुल गांधी को लेकर एक अत्यंत अमर्यादित टिप्पणी की है।इस टिप्पणी से राहुल गांधी पर तो कोई असर नहीं होगा लेकिन केरल की प्रतिष्ठा को धक्का अवश्य लग रहा है। माननीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के हिंदू - मुसलमान वाले बयानों पर केंद्रीय चुनाव आयोग की चुप्पी की वजह से राजस्थान से जो जहर फैलना शुरू हुआ वो अब केरल तक जा पहुंचा है। केरल के वामपंथी समर्थक नेता ने राहुल गांधी के डीएनए को लेकर अमर्यादित टिप्पणी की है। उन्हें राहुल के गांधी होने पर शक है। अनवर ने कहा कि वे बहुत नीचे गिर गए हैं। मुझे शक है कि राहुल गांधी का जन्म नेहरू परिवार में हुआ था। मेरे ख्याल से उन्हें अपने सरनेम में गांधी का भी इस्तेमाल नहीं करना चाहिए। अनवर ने यह बात राहुल गांधी के उस बयान के खिलाफ कही, जिसमें उन्होंने केरल के मुख्यमंत्री पर तंज कसते हुए कहा था कि दो मुख्यमंत्री जेल में हैं। केरल के मुख्यमंत्री के साथ ऐसा कैसे नहीं हो रहा? यह थोड़ा हैरान करने वाला है। राहुल के इस बयान से आईएनडीआईए ब्लॉक गठबंधन नेताओं, कांग्रेस और माकपा के बीच चल रहा मतभेद और बढ़ गया है। दुख की बात ये है कि केरल के मुख्यमंत्री पिनराई विजयन ने अनवर को डांटने के बजाय उनका कबचाव करते हुए कहा- राहुल को बोलते हुए सावधान रहना चाहिए। राहुल ने विजयन के खिलाफ कोई अभद्र टिप्पणी नहीं की थी।एक सामान्य बात कही थी।विजयन चूंकि वामपंथी हैं इसलिए उन्हें दूध का धुला होने का तमगा नहीं दिया जा सकता। बहरहाल इस समय देश की फिजा में चौतरफा जहर ही जहर है। अकेले भाजपा इसके लिए जिम्मेदार नहीं हैं।सभी राजनीतिक दलों में लगता है कि जहर फैलाने की होड़ लगी है। मौजूदा हालात में केंद्रीय चुनाव आयोग का निकम्मापन खुलकर सामने आ गया है। केंचुए के पास इतनी ताकत नहीं है कि वह बदजुबानी के लिए किसी को भी आंखें दिखा सके। उसके लिए अनवर हों या परम स्वतंत्र आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी सब बराबर हैं। केंचुआ केवल कांग्रेसियों को ही एडवाइजरी जारी कर सकता है, उन्हें चुनाव प्रचार करने से रोक सकता है। प्रधानमंत्री के खिलाफ की गई शिकायत पर संज्ञान लेने की हिम्मत केंचुए में है ही नहीं।

## अंकजाल - 7528

खाली स्थानों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर दाएँ से बाएँ एवं ऊपर से नीचे जोड़ना है जिसका सही उत्तर मटमैले रंग के खानों में दिया गया है.

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | 25 | 20 | 24 | ■ | 28 | 16 | 16 | 11 | ■ |
| 16 | 7 | | 6 | ■ | 4 | | 5 | | 18 |
| 18 | | 2 | | ■ | | 8 | | 5 | 25 |
| 13 | 3 | | 2 | ■ | 7 | | 4 | | 16 |
| 32 | | 7 | | 3 | | ■ | ■ | ■ | ■ |
| ■ | ■ | ■ | ■ | | 5 | | 5 | | 21 |
| 22 | | 9 | | 3 | ■ | 5 | | 2 | 13 |
| 18 | 5 | | 3 | | ■ | | 8 | | 23 |
| 23 | | 8 | | 4 | ■ | 6 | | 7 | 21 |
| ■ | 18 | 23 | 11 | 16 | ■ | 20 | 27 | 24 | ■ |

अंकजाल 7527 का हल

Jagrutidaur.com, Bangalore

## सूडोकू नवताल- 6772

✱✲✲✲✲ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 7 | 9 | 4 | 2 | | 6 | | 3 |
| | 6 | | 8 | | 7 | | 2 | |
| 4 | 1 | | | | 3 | 5 | 8 | |
| | 9 | 8 | 3 | | | | | |
| 7 | | 4 | | 5 | | 8 | | 1 |
| | | | | | 9 | 7 | 3 | |
| | 8 | 5 | 7 | | | | 4 | 6 |
| | 2 | | 9 | | 1 | | 5 | |
| 3 | | 1 | | 6 | 8 | 9 | 7 | |

Jagrutidaur.com, Bangalore

■ प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
■ प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
■ पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
■ पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकू नवताल -6771 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 9 | 5 | 1 | 3 | 7 | 2 | 4 | 6 |
| 7 | 3 | 2 | 6 | 5 | 4 | 1 | 8 | 9 |
| 1 | 6 | 4 | 8 | 9 | 2 | 7 | 5 | 3 |
| 5 | 7 | 3 | 4 | 2 | 9 | 6 | 1 | 8 |
| 4 | 2 | 8 | 5 | 6 | 1 | 3 | 9 | 7 |
| 6 | 1 | 9 | 3 | 7 | 8 | 5 | 2 | 4 |
| 3 | 5 | 1 | 9 | 4 | 6 | 8 | 7 | 2 |
| 2 | 4 | 6 | 7 | 8 | 5 | 9 | 3 | 1 |
| 9 | 8 | 7 | 2 | 1 | 3 | 4 | 6 | 5 |

## सड़कों पर कैसे थमे अराजकता!

**आर.के. सिन्हा**

यकीन मानिए कि किसी देश और वहां के लोगों को जानने के लिए आपको कोई बहुत घुमक्कड़ी करने की जरूरत नहीं है। आप जिस देश के समाज को जानना चाहते हैं, उसके एयरपोर्ट से उतरने के बाद वहां की सड़कों में चल रहे यातायात को देख भर लें। आपको सब कुछ पता चल जाएगा कि वहां का समाज कितना अनुशासन प्रिय है या अराजकता में कितना यकीन करता है। राजधानी दिल्ली की सड़कों से गुजरते हुए यहां पहली बार आने वाले शख्स को इतना तो पता ही चल जाता होगा कि इधर की सड़कों पर यातायात नियमों को मानना भी लोग अपनी शान के खिलाफ समझते हैं। बेशक, राजधानी दिल्ली की सड़कों का नजारा देखकर डर लगता है। दो पहिया चलाने वाले न जाने कितने ड्राइवर दिखाई देते हैं, जिन्होंने हेलमेट नहीं पहना होता है । बात यहीं खत्म नहीं होती। वे बेखौफ ड्राइवर भी भरपूर मात्रा में मिल जाते हैं जो अपनी मोटरसाइकिल या स्कूटी चलाते हुए लगातार मोबाइल पर बात भी कर रहे होते हैं या म्यूजिक सुन रहे होते हैं । यह बहुत साफ है कि ड्राइविंग करते समय मोबाइल फोन का उपयोग करने से दुर्घटना का खतरा भयंकर रूप से बढ़ जाता है। जिस इंसान को अपनी जान की ही चिंता नहीं होगी, वह यातायात के नियमों को क्यों मानेगा। दिल्ली पुलिस की साल 2022 की एक रिपोर्ट के अनुसार, राजधानी में सड़क दुर्घटनाओं में पैदल चलने वालों के बाद दोपहिया वाहन चालक दूसरे सबसे अधिक पीड़ित हैं। रिपोर्ट में उल्लेख किया गया है कि 2022 में 539 दोपहिया वाहन चालकों की मृत्यु हुई, जो 2021 में 459 थी। ज्यादातर मामलों में, यह दोपहिया वाहन भारी वाहनों की चपेट में आए, उसके बाद चार पहिया वाहन आए। दिल्ली में पंजीकृत दोपहिया वाहनों की भारी संख्या को देखते हुए, इन सवारों की भलाई के लिए एक सुरक्षित डिजाइन प्रणाली सुनिश्चित करना महत्वपूर्ण हो जाता है। दोपहिया वाहन चालकों की सुरक्षा को प्रभावित करने वाले सबसे महत्वपूर्ण कारकों में से एक है हेलमेट का उपयोग न करना। हालांकि हेलमेट पहनना दिल्ली में वाहन चालकों और पीछे बैठने वालों के लिए भी अनिवार्य है। दिल्ली ट्रैफिक पुलिस के आंकड़ों के अनुसार, बिना हेलमेट के गाड़ी चलाने के मामले हर साल बढ़ ही रहे हैं। इस साल 15 अप्रैल तक, पुलिस ने बिना सीट बेल्ट के गाड़ी चलाने या बिना हेलमेट के दोपहिया वाहन चलाने पर 20,822 चालकों पर जुर्माना किया है। 2023 में, हेलमेट नहीं पहनने पर 572,866 लोगों पर जुर्माना किया गया, जो पिछले वर्ष 212,440 की तुलना में 250 फीसद अधिक है।

याद रख लें कि हेलमेट पहनने का तरीका भी महत्वपूर्ण। अध्ययनों से पता चला है कि दिल्ली में हेलमेट पहनने वालों में से बहुत कम लोग इसे ठीक से बांधते हैं, जिससे दुर्घटना की स्थिति में सिर की गंभीर चोट लगने का खतरा बढ़ जाता है। कहने की जरूरत नहीं है कि ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जरूरत है। वे ऐसे लापरवाह लोग हैं जो अपनी जान के साथ-साथ दूसरों की जान से भी खिलवाड़ करते हैं क उन पुलिस वालों पर भी कठोर एक्शन लेना ही होगा जो यातायात नियमों को तोड़ने वालों से घूस लेते हैं और छोड़ देते हैं । अब कोई यह न कहे कि पुलिस महकमे में घूसखोर नहीं बैठे हैं। वहां घूसखोरों की कोई कमी नहीं है। क्या यह देश भूल गया है कि सड़क हादसों में ही केन्द्रीय मंत्री राजेश पायलट, दिल्ली के मुख्यमंत्री साहिब सिंह वर्मा, केन्द्रीय मंत्री गोपीनाथ मुंडे और मशहूर एक्टर जसपाल भट्टी को अपनी जान से हाथ धोना पड़ा था? इन हादसों में कितने लोग जीवन भर के लिए विकलांग हो जाते हैं, इसका तो कहीं से कभी कोई आंकड़ा मिल ही नहीं सकता। बहरहाल, लोगों को हेलमेट और सीट बेल्ट के महत्व के बारे में जागरूक करने के लिए लगातार अभियान चलाए जाने चाहिए। गुणवत्तापूर्ण हेलमेट और सीट बेल्ट की उपलब्धता सुनिश्चित करना भी जरूरी है। लोगों को मानक हेलमेट और सीट बेल्ट खरीदने के लिए प्रोत्साहित किया जाना चाहिए। इसके साथ ही सड़कों की खराब स्थिति, अपर्याप्त साइनेज और पैदल चलने वालों के लिए सुविधाओं की भारी कमी जैसे मुद्दों को दूर करने की आवश्यकता है। देखिए दिल्ली का तो यहां उदाहरण दे दिया गया। यातायात नियमों की तो सारे देश में अनदेखी हो रही है। यह अफसोसजनक स्थिति है। एक बात और कहने का मन कर रहा है क जब बात सड़कों के चौड़ीकरण, सौदर्यकरण और इनके विस्तार पर होती है तो पैदलयात्री के बारे में कोई नहीं सोचता। उसकी एक वजह यह भी है कि वह समाज का सबसे बेबस व्यक्ति है। वह गरीब है। उसकी आर्थिक-सामाजिक हैसियत कमजोर है। तो क्या इसलिए वो सड़क पर तड़प-तड़प कर मरने के लिए अभिशप्त है। क्या अमीरजादे सड़कों पर पैदलयात्रियों को कुचलते रहेंगे? पैदलयात्रियों का सड़कों पर कुचला जाना और यातायात के नियमों अनदेखी का सीधा संबंध है। कारों और दूसरे वाहनों की बिक्री को तो रोका नहीं जा सकता । लेकिन, सरकार कड़े उपाय करके पैदलयात्रिओं को राहत तो दे ही सकती है। फुटपाथों को फिर से कायम तो किया ही जा सकता है । सड़कों के किनारे जहां स्कूल, अस्पताल, मंदिर, मस्जिद आदि सार्वजनिक स्थान हों वहां तो अंडरपास या फुट ओवरब्रिज बनाए ही जा सकते हैं । कम से कम स्कूल की छुट्टी के समय एक ट्रैफिक का सिपाही तो तैनात हो ही सकता है । आज तो फुटपाथों की स्थिति यह हो गई है कि वहां पुलिस हफ्ते वसूल कर बाजार लगवा रही है कयह हर फुटपाथ पर आप देख सकते हैं कजरा सोचिए कि सड़क हादसों में मरने वालों में 50 फीसद 14-35 साल की उम्र के होते हैं। इनमें से बहुत सारे अपने परिवार के एकमात्र कमाने वाले सदस्य होते हैं। यूं तो सड़क हादसों के तमाम कारण गिनाए जा सकते हैं। पर 66 फीसद हादसों का कारण तेज रफ्तार से और लापरवाही पूर्वक वाहन चलाना है। तो इस पर हर हाल में नियत्रंण करना होगा। इसके लिए तेज वाहन चलाने वालों पर कठोर दंड लगाया जाना बिल्कुल सही माना जा सकता है। इस सवाल पर कोई बहस हो ही नहीं सकती। सड़क हादसों को रोकने के लिए नागरिकों और पुलिस को समान रूप से अपनी जिम्मेदारी को समझना होगा। सबका सहयोग नहीं रहेगा तो मौजूदा हालात में बदलाव संभव नहीं है।

# चुनाव को लेकर उपायुक्त ने सोनारायठाडी और सारवां प्रखंड के सेक्टर पदाधिकारियों के साथ बैठक की






**आवाज प्रतिनिधि। 24 अप्रैल**

**दुमका।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि सभी मतदान केंद्रों तक जाने के लिए रूट चार्ट बनाए गए हैं।निर्धारित रूट चार्ट का सत्यापन सेक्टर पदाधिकारी एवं सेक्टर पुलिस पदाधिकारी अपने स्तर से कर लें एवं किसी प्रकार की कोई कमी रहने पर अपने एईआरओ को अवगत कराएं।उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण में जो भी जानकारियां दी गयी हैं। मतदान दिवस के दिन उक्त जानकारियों के मदद से आप सभी अपने कर्तव्यों का निर्वहन बिना किसी गलती के कर सकेंगे।उन्होंने एईआरओ को होम वोटिंग हेतु रुट चार्ट बनाने का निदेश दिया।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने निदेश दिया कि सभी सेक्टर पदाधिकारी अपने सभी मतदान केंद्रों का भ्रमण कर मतदान केंद्रों पर उपलब्ध न्यूनतम मूलभूत सुविधाओं का अवलोकन कर लें।अगर किसी प्रकार की कोई कमी दिखाई दे तो तुरंत इसकी सूचना दें ताकि उक्त कमियों को ससमय दूर कर लिया जाय।कहा कि अपने सेक्टर से मतदान केंद्रों की दूरी की भी मैपिंग कर लें ताकि मतदान दिवस के दिन किसी प्रकार के संशय की स्थिति की उत्पन्न नहीं हो।उन्होंने कहा कि पूरे निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान भारत निर्वाचन आयोग द्वारा प्राप्त सभी निदेशों का अक्षरसः पालन हो,इसे सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि मतदान संपन्न होने के बाद सभी ईवीएम सुरक्षा बल की देख रेख में मतदान केंद्र से कलेक्शन सेंटर तक पहुँचाया जाएगा। बैठक में उप विकास आयुक्त, निदेशक डीआरडीए, जिला परिवहन पदाधिकारी, उप निर्वाचन पदाधिकारी सहित विभिन्न कोषांग के वरीय पदाधिकारी उपस्थित थे।

# दो दिवसीय जिला संतमत सत्संग को लेकर भूमि पूजन



**आवाज प्रतिनिधि। 24 अप्रैल**

**रामगढ़।** जिला संतमत सत्संग का 35वॉं वार्षिक अधिवेशन रामगढ़ प्रखंड के कांजों गांव में दिनांक 11एंव 12 मई दिन शनिवार एवं रविवार को होने जा रहा है । इस निमित्त 24/04/2024 को सतसंग स्थल पर भुमि पुजन कर धवजा रोहण किया गया। जिसमें पुसारो आश्रम से स्वामी अरण्यानंद भिक्षु बाबा एवं दुमका जिला मंत्री लोबीन चन्द्र मंडल,मोहन पंडित,लाल मोहन दास एवं समस्त ग्रामीण उपस्थित थे। इस आयोजन को लेकर पुरे कांजो समेत कई क्षेत्रों में उत्साह का माहोल देखा जा रहा है।

# रामगढ़ के कन्हारा में आग का कहर एक घर जलकर राख, दो को आंशिक क्षति

## भीषण अगलगी में घर में रखा सारा सामान खाक,जिंदा जल गयी घर में बंधी चार बकरियां



**आवाज प्रतिनिधि। 24 अप्रैल**

**रामगढ़।** लगभग सवा आठ बजे रामगढ़ प्रखंड के बंदरजोरा पंचायत के कन्हारा गांव में पंकज पंडित के घर में अचानक आग लग गई। तेज हवा के कारण आग ने शीघ्र ही प्रचंड रूप धारण कर लिया।जब तक आस-पास के लोग जुटते तब तक आग पूरे घर में फैल गई। आग की चपेट में आकर घर में रखी चौकी,पलंग,खाट,रुपए, अनाज,कपड़े,बर्तन,आलू,प्याज सहित सारा सामान जल कर राख हो गया।घर की वस्तुओं के साथ ही चार बकरियां भी जिन्दा जल गई।आग से पंकज पंडित को लगभग डेढ़ लाख रुपए का नुकसान हुआ है। जिस समय आग लगी उस समय घर के लोग पड़ोस में गए हुए थे। आग की सूचना पाकर जब तक घर के लोग तथा पड़ोसी पहुंचे तब तक आग पूरे घर में फैल गई थी।ग्रामीणों 100 नंबर डायल कर आग लगने की सूचना दी.सूचना के बाद पुलिस ने दुमका स्थित अग्निशमन विभाग को सूचना दी। किन्तु, फायर बिग्रेड के आने तक पंकज का घर राख हो चुका था।ग्रामीणों ने पंकज के पड़ोस में रहने वाले उसके भाई गुलशन पंडित तथा ब्रह्मदेव पंडित के घर का छप्पर उजाड़ कर आग को उनके घरों तक फैलने से रोका।छप्पर उजाड़ देने के कारण उन दोनों के घरों में आंशिक क्षति हुई जबकि पंकज पंडित का घर पूरी तरह से राख हो गया।

### शरारती तत्वों ने लगायी खेत में आग,दो सौ पौधे जलकर राख



**रानीश्वर :** टोंगरा थाना क्षेत्र के बांसकुली गांव में अज्ञात शरारती तत्वों ने खेत में आग लगा दी जिससे दो सौ पौधे जलकर राख हो गये।गांव के मिलन भंडारी ने यहां जमाबंदी संख्या 66 के दाग संख्या 1429 में दो सौ पौधे लगाए हैं ।वन विभाग से पौधा लाकर यहां प्लान्टेशन किया हैं। मंगलवार के अपराह्न में किसी अज्ञात में यहां आग लगा कर सभी पौधा को जला कर नष्ट कर दिया है। पीड़ित ने वन विभाग से क्षतिपूर्ति की मांग की है।

## रक्तदान कराकर वत्स सेवा समिति के अध्यक्ष चंचल सिंह ने बचाई मरीज की जान

# रक्तदान हैं महादान, इससे बड़ा कोई दान नहीं : संगीता कुमारी

**आवाज प्रतिनिधि। 24 अप्रैल**

**दुमका।** रक्तदान को महादान यूं ही नहीं कहा जाता, रक्तदान से कई मरीजों की जान तत्काल बचाई जा सकती है। वर्तमान में भले ही सभी लोग रक्तदान को लेकर इतने जागरूक न हो लेकिन दुमका जिले में कई ऐसे लोग हैं जो रक्तदान के महत्व को समझते हैं तथा अपना सर्वस्व समर्पण समाज की भलाई के लिए कर देते हैं। इसी में से एक नाम दुमका के रहने वाले रक्त वीर वत्स सेवा समिति के अध्यक्ष चंचल सिंह का है जिनकी सहायता से न जाने अब तक कितने ही मरीजों की जिंदगी बचाई जा चुकी है। बताते चलें कि दुमका के रहने वाले एक मासूम बालक जो जिंदगी और मौत के बीच जंग लड़ रहा था और रक्त के अभाव में शायद क्या होता कहना मुश्किल था लेकिन जैसे ही यह जानकारी चंचल सिंह को मिली तो इन्होंने तुरंत संगीता कुमारी से रात में ही संपर्क किया और मानवता की मिशाल के रूप में एक लड़की होकर भी रात में स्वयं ब्लड बैंक आकर चंचल सिंह के आग्रह पर रक्तदान कर नन्हें सी मासूम बच्चे की जान बचाने में अपनी भूमिका निभाई और समाज के लिए एक संदेश दिया कि आपातकाल समय में रक्तदान करने के लिए हमेशा तत्पर रहना चाहिए न धूप न रात तथा अस्पताल में चिकित्सकों के अनुसार उन्हें तुरंत एक यूनिट बी पॉजिटिव रक्त की आवश्यकता थी।मरीज के परिजन रक्त की व्यवस्था कर पाने में असमर्थ थे। अतः



मरीज के परिजन ने रक्तदान हेतु चंचल सिंह से संपर्क किया। रक्तदान के पश्चात संगीता कुमारी ने कहा की 18 वर्ष से अधिक उम्र के सभी लोगों को रक्तदान अवश्य करना चाहिए, लोगों की मदद करना ही मानवता का सबसे बड़ा धर्म है। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि रक्तदान करने से शरीर में किसी भी प्रकार का कोई प्रतिकूल प्रभाव नहीं पड़ता है।

# मतदान केंद्रों पर की गई एएमएफ की उपलब्धता की जांच



**आवाज प्रतिनिधि। 24 अप्रैल**

**रामगढ़।** प्रखंड विकास पदाधिकारी के द्वारा उत्क्रमित मध्य विद्यालय, चीनामड़पा क्लस्टर के अंतर्गत विभिन्न मतदान केन्द्रों पर एएमएफ की उपलब्धता की जांच की गयी। चीनामड़पा क्लस्टर पर कुल 5 शौचालयों में से 2 की साफ-सफाई नहीं होने पर उनके द्वारा संबंधित विद्यालय के सचिव को निर्देश दिया गया कि जल्द से जल्द शौचालयों की साफ-सफाई करायें। यद्यपि सोलर नल जल से जल की आपूर्ति क्लस्टर पर उपलब्ध है, फिर भी खराब गर्मी के प्रकोप को देखते हुए चापाकल को ठीक कराने का निर्देश पंचायत सचिव को दिया गया। जल जीवन मिशन से भी नल जल को क्लस्टर प्वाइंट तक पहुंचाने का निर्देश संबंधित विभाग के कनीय अभियंता को दिया गया। मतदान केंद्र संख्या 72, उत्क्रमित मध्य विद्यालय, बास्को तक पहुंचने के क्रम में 1 किलोमीटर तक की सड़क की स्थिति जीर्ण-शीर्ण है। इसे ठीक कराने का निर्देश संबंधित विभाग को दिया गया।

# बीडीओ ने कई आंगनबाड़ी केंद्रों व मनरेगा योजनाओं का किया औचक निरीक्षण

**आवाज प्रतिनिधि। 24 अप्रैल**

**रामगढ़:** प्रखंड विकास पदाधिकारी रामगढ़ द्वारा प्रखंड अंतर्गत विभिन्न आंगनवाड़ी केन्द्र,विद्यालय का औचक निरीक्षण किया गया। बताते चलें की अहले सुबह प्रखंड विकास पदाधिकारी द्वारा ६ू के निरीक्षण के दौरान बच्चों की उपस्थिति काफी कम पाई गई।प्रखंड विकास पदाधिकारी द्वारा सभी सेविका/सहायिका को समय से खोलने एवं बच्चो को समय से नाश्ता कराने का निर्देश दिया। निरीक्षण कै दोरान देखा गया आंगनबाड़ी केंद्रो का दयनीय अवस्था, आंगनबाड़ी केंद्रों में पढ़ने वाले बच्चे गंजी पहनकर केंद्र में पढ़ते देखा गया। कई आंगनबाड़ी केंद्रों में बच्चे की उपस्थिति कम देखा गया।इसके आलावा प्रखंड सह अंचल अधिकारी अभय कुमार के द्वारा मनरेगा योजना के अंतर्गत चल रहे बिरसा सिंचाई कूप



योजना का निरीक्षण किया उपस्थित ऋफ्र एवम बीपीओ को सिंचाई कूप की पूर्णता में प्रगति लाने को कहा।अधिकारी द्वारा बरसात के पूर्व सभी बिरसा सिंचाई कूप को पूर्ण करने हेतु निर्देश दिए गए। बीडीओ अभय कुमार के द्वारा अबुआ आवास योजना, पंचायतों में चल रहे 15वे वित्त योजना,ज्ञान केंद्र इत्यादि का निरीक्षण किया एवम आवश्यक निर्देश दिए गए।

# रानिबहाल के चड़क मंदिर में पूजा-अर्चना के लिए उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

## आस्था देख दंग रह जाते लोग, नंगे पांव आग में चल कर करते हैं चड़क बाबा को संतुष्ट

**आवाज प्रतिनिधि। 24 अप्रैल**

**दुमका:** बुधवार ग्यारह बैशाख बांग्ला पंचांग के अनुसार दुमका प्रखंड के रानिबहाल स्थित चड़क मंदिर में बिशेष पूजा-अर्चना की गई।मन्नत पूरी होने पर रानिबहाल पहुंचे श्रद्धालुओं ने पहले गांव के बड़ा पोखर में पवित्र स्नान किया। तत्पश्चात मान्यता के अनुसार शरीर में त्रिशूल नूमा बान घोपकर ग्राम परिक्रमा कर मंदिर पहुंचे एवं पूरे भक्ति भाव से पूजा-अर्चना की। मौके पर भक्तों ने नंगे पांव आग में चल कर चड़क बाबा को संतुष्ट कियोयहां पुजारी उदय राय के देखरेख में भक्तों ने बान लेकर ग्राम परिक्रमा की। पुजारी ने बताया कि बाबा चड़क नाथ भगवान शिव का ही रूप हैं।यहां चड़क की पूजा



भुइयां,घटवाल,मोहली,पाहाड़िया, संताल के साथ अन्य पिछड़ी जाति एवं अनुसूचित जाति के लोग करते हैं । बताते चलें कि अंग्रेज शासन काल में रानिबहाल क्षेत्र घना जंगल हुआ करता था।साथ ही यह इलाका राजनगर राजा के अधीन थोराजा ने यहां राजनगर से प्रजाओ को लाकर बसाया था।उसी समय राजा ने यहां मा दुर्गा,रक्षा काली की मंडित स्थापना कर पूजा पाठ शुरू कराया था। प्रजाओ के अनुरोध पर चड़क मेला शुरू किया गया था। यहां आदिवासी- गैर आदिवासी दोनों समुदाय के लोग एक साथ पूजा करते हैं।

इस बार लखिन्द्र मिर्धा, अजित मिर्धा, चुंडे सोरेन, सुनिराम,कमलेश हेम्ब्रम, मंसूर मुर्मू,बबुआ मिर्धा, कैलाश मिर्धा, बासु मिर्धा ने बान लेकर ग्राम परिक्रमा की।एक दिवसीय चड़क मेला के पावन अवसर पर चड़क मंदिर में पूजा-अर्चना हेतु श्रद्धालुओं की अपार भीड़ उमड़ी।

# स्वीप के तहत काठीकुंड प्रखंड में रक्त दान शिविर का आयोजन

**आवाज प्रतिनिधि। 24 अप्रैल**

**काठीकुंड।** लोकसभा निर्वाचन 2024 में दुमका जिले के सभी योग्य मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग कर लोकतंत्र के इस महापर्व को को पूरे उत्साह के साथ मनाएं इस हेतु जिला निर्वाचन पदाधिकारी के निदेश पर पूरे जिले में स्वीप के तहत विभिन्न मतदाता जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन का मतदाताओं को जागरूक किया जा रहा है। इसी क्रम में काठीकुंड प्रखंड मुख्यालय में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया इस शिविर में कुल 27 लोगों ने रक्तदान किया।उन्होंने कहा कि रक्तदान और मतदान दोनों ही एक बेहतर समाज के लिए जरूरी है।सभी लोग 1 जून को अपने घरों से निकलकर



मतदान करने अपने मतदान केंद्र अवश्य जाएं। दिनांक 25 अप्रैल को रामगढ़,27 अप्रैल को शिकारीपाड़ा,29 अप्रैल को सरैयाहाट,30 अप्रैल को जामा,2 मई को जरमुंडी,4 मई को मसलिया,6 मई को रानेश्वर एवं 8 मई को दुमका प्रखंड मुख्यालय में रक्त दान शिविर का आयोजन किया जाएगा।

# महागामा के विभिन्न मतदान केंद्रों का डीसी ने किया निरीक्षण

## केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल के ठहराव स्थल, आवासन और मतदान केंद्रों में पर्याप्त मूलभूत सुविधाओं का किया निरीक्षण

आवाज प्रतिनिधि

**गोड्डा :** लोकसभा आम निर्वाचन के सफल संचालन को लेकर उपलब्ध कराए जा रहे केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल (सीएपीएफ) के ठहराव स्थल, विद्यालय भवन की स्थिति के संबंध में जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त जिशान कमर के द्वारा अन्य पदाधिकारियों से जानकारी ली गई।

वहीं, इस क्रम में जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त ने महागामा लोकसभा क्षेत्र अंतर्गत महागामा विधानसभा क्षेत्र के मिडिल स्कूल लोगांय , आईटीआई लहठी, एवं इंटर कॉलेज महागामा के बूथ नंबर 61 62 एवं 63 मतदान केंद्रों का अधिकारियों साथ निरीक्षण किया। भ्रमण के क्रम में जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त ने विभिन्न मतदान केंद्रों में सफल आयोजन को लेकर उपलब्ध कराएं जाने बाले केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल (सीएपीएफ) के ठहराव स्थल, भवन का जायजा लिया गया और जरूरी दिशा निर्देश संबंधित पंचायत के मुखिया, विद्यालय के प्रधानाध्यापक को दिया। इसके अलावा उन्होंने मतदान केंद्र परिसर की साफ सफाई का निर्देश दिया। सीएपीएफ ठहराव स्थल वाले विद्यालय भवनों में आवश्यकता अनुरूप अतिरिक्त शौचालय निर्माण कराने को कहा गया। मतदान केंद्रों में बिजली, पंखा, पर्याप्त रौशनी के लिए लाइट, पानी, रैंप आदि की जांच करते हुए उन्होंने बताया कि जहां थोड़ी बहुत मरम्मति की आवश्यकता है, उसे अविलंब दुरूस्त करें। इस मौके पर अनुमंडल पदाधिकारी महागामा राजीव कुमार, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी चंद्रशेखर आजाद संबंधित प्रखंडों के प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं अंचलाधिकारी मौजूद थे।



पदाधिकारी को निर्देश देते डीसी जिशान कमर।

# छह माह से अलग रह रही दंपत्ति को दी विदाई



डीएलएसए ऑफिस में मौजूद लोग।

आवाज प्रतिनिधि

**गोड्डा :** जिला विधिक सेवा प्राधिकार के फ्रांट आफिस में एलएडीसी राहुल कुमार, पीएलवी नवीन कुमार झा, रश्मि व पूजा रानी ने सूझबूझ का परिचय देते हुए पिछले छह माह से अलग-अलग रह रही दंपत्ति ने एक साथ रहने का संकल्प लिया।

बोआरीजोर थाना क्षेत्र के रामकोल निवसी अनिल मोहली एवं देवदांड़ थाना क्षेत्र के निपनिया गांव की सुमित्रा मोहली की शादी 10 वर्ष पूर्व हुई है। इसमें एक दिन वर्ष का पुत्र भी है। अनिल मोहली बंग्लोर में रहकर मजदूर का काम करता है। उसकी मां एवं पिताजी का भी निधन हो चुका है। वह घर आता है तो शराब पीकर मारपीट करता रहा है।

इससे तंग आकर सुमित्रा मोहली ने जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के समक्ष आवेदन तक सकारात्मक कदम उठाने की मांग की थी। इस पर सुनवाई करते हुए दोनों पक्षों के बीच समझौता कराया और कड़ी हिदायत के साथ लड़का को भी फिलहाल कुछ दिन ससुराल में रहने की सलाह दी गई। इस फैसला से उभय पक्षों में खुशी देखी गई। सुमित्रा मोहली ने कहा कि इस फैसले से वे खुश है। बिना खर्च का सर से बड़ा झंझट समाप्त हो गया।

कहा कि 20 दिन बाद फिर खैरियत रिपोर्ट देने के लिए दोनों पक्षों को बुलाया गया है। एलएडीसी राहुल कुमार ने कहा कि फ्रांट आफिस में किसी भी प्रकार के वादों का निशुल्क निष्पादन होता है। यहां दोनों पक्षों को सुमझा-बुझाकर मामले का निष्पादन होता है। इसमें दोनों पक्षों की जीत होता है।

# मोजास्सिम आलम ने 92 प्रतिशत अंक लाकर विद्यालय का टापर बना

आवाज प्रतिनिधि



टॉपर छात्र मोजास्सिम आलम।

**हनवारा :** मैट्रिक के परीक्षा परिणाम में उच्च विद्यालय परसा के छात्रों ने भी परचम लहराया है। झारखंड अधिविद्य परिषद द्वारा आयोजित मैट्रिक परीक्षा 2024 के परीक्षा परिणाम में उच्च विद्यालय परसा ने 94.55 फीसदी परीक्षार्थियों ने सफलता प्राप्त की। इस बार कुल 302 परीक्षार्थी परीक्षा में सम्मिलित हुए थे। जिसमें 101 विद्यार्थी प्रथम श्रेणी, 150 द्वितीय श्रेणी से तथा 09 विद्यार्थी तृतीय श्रेणी से उत्तीर्णता प्राप्त की। वहीं विद्यालय के छात्र मोजास्सिम आलम ने 92 प्रतिशत अंक लाकर विद्यालय का टापर बना। जबकि लड्डू यादव ने 90 प्रतिशत अंक लाकर विद्यालय का सेकंड टॉपर बना। विद्यालय के इस परीक्षा परिणाम से जहां छात्राओं में खुशी है। रिजल्ट के बाद विद्यालय खुलने के बाद छात्र छात्राओं ने जमकर जश्न मनाया। वहीं शिक्षकों ने छात्रों एवं अभिभावकों के प्रति आभार जताया है। प्रधानाध्यापक नीलू सिंह ने बताया कि बच्चों की कड़ी मेहनत अभिभावकों के विश्वास एवं शिक्षकों की दिशा निर्देशन के कारण ऐसा परीक्षा परिणाम आ रहा है। काफी खुशी की बात है और यह सारा श्रेय बच्चों के कड़ी मेहनत पर जाता है व शिक्षकों को जाता है। मोजास्सिम आलम गुदड़ी में छिपा लाल निकला, मोजास्सिम आलम ने मैट्रिक परीक्षा परिणाम में 92%अंक लाकर न सिर्फ विद्यालय के साथ परिवार के लिए भी आश्चर्य की बात बताई जा रही है। साथ ही स्कूल के सभी शिक्षकों ने बारी बारी से सभी छात्र एवं छात्राओं को मिठाई बांट कर जश्न मनाया गया। इस मौके पर शिक्षक मु मुर्शीद, मंजूर आलम, गुलाम रब्बानी, वहाब कैसर एवं कर्मचारी ताहिर हुसैन सहित दर्जनों छात्र एवं छात्राएं उपस्थित रहीं।

# भाजपा मंडली ने विभिन्न गांव का किया दौरा

आवाज प्रतिनिधि

**पोड़ैयाहाट :** प्रखंड क्षेत्र के बिरनिया, गुम्मा, रंगानिया, मानिकपुर आदि गांव का दौरा किया और भाजपा के पक्ष में मतदान की अपील की।सांसद निशिकांत दुबे के पुत्र माहिकांत दुबे, पूर्व विधायक के पुत्र शुभम स्नेही , जिप सदस्य राघवेंद्र सिंह, भाजपा नेत्री लक्ष्मी चक्रवर्ती, बबलू सिंह, आशीष यादव,कमलकांत कुमार सूरज दत्ता बाबा भवेषानंद आदि मौजूद थे। इस दौरान सभी भाजपा मंडल ने कहा की क्षेत्र का विकास बोल रहा है और विकास करने वाले नेता को ही जनता चयन करेगी।वही सरैयाहाट प्रखंड के विभिन्न गांव का दौरा भाजपा नेता अशोक शर्मा, रोधिया पंचायत अध्यक्ष पिकी देबी ने रोण्डिया,रक्सा,गगरी,बंदरी,दिघी श्रेयहट गांव के लोगों के बीच संपर्क अभियान चलाया और भाजपा सरकार की उपलब्धियां को बताया।इस दौरान शर्मा ने कहा की भाजपा के प्रति लोगों का रुझान बढ़ता हुआ दिख रहा है।लोकसभा ही नहीं आने वाला विधानसभा चुनाव भी भाजपा के खाते में होगा अब जनता सब समझ चुकी है।



कार्यक्रम में मौजूद भाजपा कार्यकर्ता।

## टाटा मोटर्स फाइनेंस जूनियर प्रबंधक हिमांशु कुमार ने धोखेधाड़ी का मामला दर्ज

**पोड़ैयाहाट (आवाज) :** थाना कांड संख्या 48/24 के तहत धारा 406,420 के आरोपी प्रवेश पासवान को बनाया है। टाटा मोटर्स फाइनेंस जूनियर प्रबंधक हिमांशु कुमार ने लिखित आवेदन में उल्लेख किया है कि ट्रक वाहन को फाइनेंस पर आरोपी को दिया गया था। आरोपी के द्वारा ट्रक वाहन का इंजन नंबर एवं चेचिस नंबर स्क्रैच करवाकर न्यू नंबर अंकित करवाकर बिना किस्त दिए वाहन का परिचालन कर रहा था। इस संबंध में थाना प्रभारी विपिन कुमार यादव ने बताया कि टाटा मोटर्स फाइनेंस जूनियर प्रबंधक हिमांशु कुमार के लिखित आवेदन पर मामला दर्ज हुआ है पुलिस अग्रिम कार्रवाई कर रही है।

# मुख्य बाजार स्थित हनुमान मंदिर में धूमधाम से मना हनुमंत जन्मोत्सव

आवाज प्रतिनिधि

**गोड्डा :** हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर मंगलवार को मुख्य बाजार स्थित हनुमान मंदिर में पूरे विधि विधान के हनुमान जी की पूजा संपन्न कराई गई। वहीं पूजन में अजय पचेरिवाला, पप्पु गाडिया मौजीद थे और पूजन के बाद सभी ने मिलकर महाआरती किया। वहीं करीब एक क्विंटल बुंदिया और मेवा का भोग लगाया गया और केक काटकर धूमधाम से हनुमंत जन्मोत्सव मनाया गया। पूजा समापन होने के बाद मंदिर में उपस्थित लोगों व राहगीरों के बीच प्रसाद वितरण किया गया। मौके पर अजय पचेरीवाला, प्रदीप गाडिया, स्वेता गाडिया, रवि साह, आसुतोष जायसवाल, श्रवण अग्रवाल, हर्ष गाडिया, विकाश गाडीया, दीपक बजाज, अजय साह आदि भक्तगणों की उपस्थिति रही।

# डोर टू डोर चलाकर मतदाताओं को किया जा रहा जागरूक



आवाज प्रतिनिधि

मंडरो/साहेबगंजः साहिबगंज जिले में एक जून को लोकसभा चुनाव होना है। मंडरो प्रखण्ड के खैरवा पंचायत के रानीडीह गांव में अधिक से अधिक मतदान हो इस उद्देश्य से तहत गांव गांव तथा डोर टू डोर जागरूकता कार्यक्रम का विकास पदाधिकारी मेधनाथ उरांव द्वारा आयोजन किया गया। जिसमें 85+ आयु वर्ग के मतदाताओं, दिव्यांग मतदाताओं, नए मतदाताओं को मत के अधिकार के बारे में जानकारी दी गई। साथ ही मतदाता शपथ भी दिलाया गया। विभिन्न भीड़-भाड़ वाले मंडरो क्षेत्रों मे 2024 लोकसभा चुनाव में अधिक से अधिक संख्या में मतदान करने हेतु आम लोगों को प्रेरित किया गया। मौके पर जेएसएलपीएस के कर्मी पंचायत राज पदाधिकारी प्रेस चंद्र घोस, सुबोध कुमार, आदि लोग मौजूद थे।

# जमीन विवाद में चली लाठी, नौ लोग घायल, रेफर

आवाज प्रतिनिधि

**पोड़ैयाहाट :** थाना क्षेत्र के खरकचिया गांव में जमीन संबंधी विवाद में जमकर लाठी डंडे से मारपीट में नौ लोग घायल हुए हैं। सभी घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पोड़ैयाहाट लाया गया। इसके बाद स्वास्थ्य उपचार के बाद सभी घायलों को गोड्डा रेफर कर दिया। घायलों में नूर निशा बीबी, शाहरुख अंसारी, शहबाज अंसारी, सलामत अंसारी वहीं दुसरे पक्ष से जमाल अंसारी, आरिफ मियां, सिराजुद्दीन मियां, अमीरन मोसमात, कमालुद्दीन अंसारी का नाम शामिल है। घटना के संबंध में बताया जाता है कि बुधवार की सुबह विवादित जमीन पर जमाल अंसारी अपना घर बनाने के लिए नापी कर रहा था। इसी बीच सुलेमान अंसारी और उनके बेटे और भेगना ने आकर इन लोगों पर लाठी डंडे से अचानक मारपीट शुरू कर दिया। वहीं दूसरे पक्ष का कहना है कि जमीन संयुक्त रूप से है और जिस जगह जमीन वे लोग नाप रहा है उस जगह मेरा ईंटा पहले से गिरा हुआ है।हम लोग समझाने गए कि बिना हिस्सा किए अपने मन से कहीं पर भी घर मत बनाओ। जिनके हिस्से में जो जमीन जाएगा। उसी में घर बनाना है।इसी बात पर जमालुद्दीन अंसारी और उसके भाइयों ने उनके साथ मारपीट शुरू कर दिया। बचाने आए उनके लोगों के साथ भी मारपीट की।जिसमें दोनों पक्षों की ओर से 9 लोग मारपीट में घायल हो गए। सभी कोई पोड़ैयाहाट थाना पहुंचे।घटना के संबंध में थाना प्रभारी ने बताया कि उन लोगों को इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया है अभी तक कोई आवेदन मिला नहीं है। घटना की जानकारी है। दोनों पक्षों पर कानून संवत कार्रवाई की जाएगी।

## सुंदरपहाड़ी में गोली लगने से हुई मौत की जांच को ले अनुमंडल पदाधिकारी की अध्यक्षता में 03 सदस्यीय जांच कमेटी गठित

आवाज प्रतिनिधि

**गोड्डा :** 17 अप्रैल को सुन्दरपहाड़ी प्रखंड अंतर्गत ग्राम-बड़ा डांगापाड़ा के स्थानीय निवासी हरिनारायण पहाड़िया की मृत्यु गोली लगने के कारण हो गई थी। जिला दंडाधिकारी सह उपायुक्त जिशान कमर के निर्देश पर मामले की द्रॅ२३ी१ृ" (अदालती) जांच हेतु 03 सदस्यीय कमिटी वैद्यनाथ उरांव, अनुमंडल पदाधिकारी गोड्डा, मोनिका बास्की, कार्यपालक दण्डाधिकारी एवं सोमनाथ बनर्जी, प्रखंड विकास पदाधिकारी, सुन्दरपहाडी की दण्डाधिकारियों के रूप में प्रतिनियुक्ति करते हुए जांच कर एक सप्ताह के अंदर विस्तृत जांच प्रतिवेदन उपलब्ध कराने हेतु निदेशित किया गया है। उक्त के आलोक में अनुमंडल पदाधिकारी ने बताया कि दिनांक 17.04.2024 को स्व० हरिनारायण पहाड़िया की मृत्यु गोली लगने के कारण होने के संबंध में मामले की जांच एवं गवाही प्राप्त करने हेतु 02.05.2024 एवं 03.05.2024 को सुन्दरपहाड़ी प्रखंड कार्यालय के परिसर में प्रतिनियुक्त दण्डाधिकारियों द्वारा बयान प्राप्त किया जाएगा। उन्होंने ग्राम-बड़ा डांगापाड़ा प्रखंड सुन्दरपहाड़ी के सभी आम नागरिक, गवाह, संबंधित व्यक्ति एवं नजदीकी रिश्तेदार सुन्दरपहाड़ी से अनुरोध किया है कि उक्त तिथियों को सुन्दरपहाड़ी प्रखंड कार्यालय परिसर में उपस्थित होकर घटित घटना के संबंध में अपना बयान देंगे। बयान कलमबद्ध कराना सुनिश्चित कराएं, ताकि जांच पूरी हो सके।

# गिट्टी लदा दो हाईवा वाहन को खनन विभाग पुलिस पदाधिकारी ने पकड़ा मामला दर्ज

आवाज प्रतिनिधि

**पोड़ैयाहाट :** थाना क्षेत्र के हंसडीहा भागलपुर मुख्य मार्ग कमराढोल चेक पोस्ट से दो गिट्टी लदा हाईवा को खनन विभाग पदाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारी ने पकड़ा है। इसके बाद थाना कांड संख्या 50/24 के तहत धारा 414,34 भादवी 4/54 जेएमएमसी,4/21 एमएमडीआर एवं 9/13 झारखंड खनिज नियम 2017 खनन पदाधिकारी के लिखित आवेदन पर दर्ज किया है। इस संबंध में थाना प्रभारी विपिन कुमार यादव ने बताया कि जिला खनन विभाग पदाधिकारी के लिखित आवेदन पर मामला दर्ज किया गया है अग्रिम कार्रवाई की जा रही है।



थाना परिसर में रखा हाईवा वाहन।

# बाबूपुर प्राथमिक विद्यालय के शिक्षिका के तबादले पर ग्रामीण और छात्रों में आक्रोश

आवाज प्रतिनिधि

**पथरगामा :** बुधवार को पथरगामा प्रखंड अंतर्गत बाबूपुर प्राथमिक विद्यालय के शिक्षिका के तबादले की खबर मिलते ही ग्रामीण और बच्चों में काफी आक्रोश दिखा। बताते चले की कुछ दिन पूर्व ही शिक्षिका प्रियंका कुमारी का बाबूपुर विद्यालय में योगदान हुआ है जब से इन्होंने अपना कार्यभार संभाला है बच्चों के पठन-पाठन, अनुशासन, विधालय की साफ सफाई आदि व्यवस्था बदल गई है। इनके कुशल व्यवहार और कार्य से ग्रामीण काफी खुश थे। विद्यालय में बच्चों की संख्या भी बढ़ गई थी, अभिभावक भी बच्चे को स्कूल भेजने में काफी सहयोग कर रहे थे क्योंकि विद्यालय में अब पढ़ाई होने लगी थी। शिक्षिका प्रियंका कुमारी गांव के प्रत्येक घर घूम घूम कर बच्चों को स्कूल भेजने के लिए प्रेरित कर रही थी और उनके अथक प्रयास के बाद विद्यालय में बच्चों की संख्या काफी बड़ी और समय पर बच्चे आने भी लगे। पर जैसे ही विद्यालय सुचारू रूप से चलने लगा कि अचानक उनके तबादले की खबर से ग्रामीण आक्रोशित हो गए। ग्रामीणों के द्वारा हस्ताक्षर युक्त आवेदन जिला शिक्षा अधीक्षक को देकर अविलंब तबादले को रोकने की मांग कर डाली है साथ ही स्कूल के छोटे-छोटे बच्चे भी उन्हें नहीं जाने देना चाहते हैं। कुछ बच्चों ने कहा कि स्कूल में जितना आज सुख सुविधा मिल रहा है इससे पहले कभी भी हम लोगों को नहीं दिया जाता था। ग्रामीण भोला राय ने कहा कि शिक्षिका जब से आई है तब से हमारे बच्चे प्रत्येक दिन स्कूल जाने लगे हैं और बच्चों में शिक्षा का ग्रंथ भी बढ़ा है। ग्रामीण सुमन राय ने भी कहा कि शिक्षिका के व्यवहार से हमारे बच्चे काफी खुश हैं और स्कूल की सारी व्यवस्था भी पहले से अच्छी हो गई है इसलिए उनके तबादले को अविलंब रोक लगना चाहिए। सुमन राय ने कहा कि विद्यालय में काफी दिन बाद कोई शिक्षक आया है और उनका तुरंत में तबादला हो जाना यह हमारे बच्चों के लिए दुर्भाग्य होगा।

पथरगामा बाबूपुर प्राथमिक विद्यालय कि शिक्षिका प्रियंका कुमारी के तबादले के बाद छात्रों एवं अभिभावकों ने काफी नाराजगी जाहिर की है। ग्रामीणों ने जिला शिक्षा अधीक्षक के नाम आवेदन देकर अविलंब तबादले पर रोक की मांग की है। ग्रामीणों ने कहा कि काफी दिन बाद एक विद्यालय को अच्छी शिक्षिका मिली थी जो बच्चे के पढ़ाई एवं अनुशासन पर काफी ध्यान रखती थी। उन्होंने विद्यालय को अपना हमेशा मंदिर समझा और साफ सफाई भी हमेशा विद्यालय कर रखा करती है। जिला शिक्षा अधीक्षक एवं प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी से उनके तबादले पर रोक की मांग की है।



वरोध करते स्कूल के बच्चे।

# डीसी की अध्यक्षता में जिला तकनीकी समिति की हुई बैठक

## विभिन्न फसलों, सब्जी, मत्स्य पालन और पशुपालन को ले स्केल ऑफ फाईनांस से संबंधित दर निर्धारण का प्रस्ताव पर हुई चर्चा

आवाज प्रतिनिधि



बैठक में मौजूद उपायुक्त व अन्य।

**जामताड़ा :** जिला दंडाधिकारी सह उपायुक्त जामताड़ा कुमुद सहाय की अध्यक्षता में जिला तकनीकी समिति (स्केल ऑफ फाईनांस) की बैठक समाहरणालय सभागार में आहूत किया गया। बैठक में विभिन्न फसलों, सब्जी, मत्स्य पालन एवं पशुपालन हेतु स्केल ऑफ फाईनांस से संबंधित दर निर्धारण का प्रस्ताव पर समिति के सदस्यों के साथ विमर्श किया गया।इस दौरान बताया गया कि वित्तीय वर्ष 2024-25 हेतु प्रस्तावित मजदूरी दर में वृद्धि के फलस्वरूप स्केल ऑफ फाईनांस के सभी फसलों में अल्प मूल्य वृद्धि करते हुए प्रस्ताव तैयार किया गया है। जिसपर सभी सदस्यों द्वारा सहमति व्यक्त किया गया। वहीं बैठक में उपायुक्त ने सभी बैंक के सम्बद्ध प्रतिनिधियों को निदेशित किया कि किसानों को अनावश्यक रूप से बैंक शाखा द्वारा परेशान न करें एवं के०सी०सी० ऋण से ससमय संतृप्त करें। कहा कि कृषि मौसम आधारित होता है समय निकल जाने के बाद पूंजी उपलब्ध कराने पर भी उसकी भरपाई नहीं की जा सकेगी। इसके अलावा बैठक में पशुपालन एवं गव्य विकास विभाग के द्वारा गाय, बकरी, मुर्गी एवं बत्तख पालन तथा मत्स्य विभाग, जामताड़ा द्वारा मिश्रित मत्स्य पालन, मत्स्य बीज उत्पादन एवं जलाशय में केंज द्वारा मत्स्य पालन हेतु प्राप्त प्रस्ताव पर विमर्श करते हुए सर्वसम्मति से पारित किया गया। इस मौके पर उपरोक्त के अलावा परियोजना निदेशक जुगनू मिंज, जिला कृषि पदाधिकारी लव कुमार सहित बैंक प्रतिनिधि एवं अन्य उपस्थित थे।

# बीडीओ ने किया बुथ का निरीक्षण, कहा लोकसभा चुनाव में लापरवाही बर्दाशत नहीं


बूथ का निरीक्षण करते बीडीओ

आवाज प्रतिनिधि

**जामताड़ा :** बीडीओ प्रवीण चौधरी ने बुधवार को प्रखंड के सोनबाद, सुपायडीह, दक्षिणबहाल, उदलबनी सहित अन्य पंचायत का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंनें बुथ पर उपस्थित कर्मी व पदाधिकारियों को सख्त निर्देश दिया कि लोकसभा चुनाव में किसी प्रकार कि कोई लापरवाही किसी भी हाल में बर्दाश नहीं किया जायेगा। मौके पर उन्होंनें बुथ में उपलब्ध सुविधाओं का जायेजा लिया। कहा कि हर बुथ पर मतदाताओं को पानी, रैंप, वृद्ध मतदाताओं को बुथ तक लाने कि सुविधा कि जानकारी प्राप्त किया। बताते चले कि 80 प्लस के मतदाताओं को जिला प्रशासन के द्वारा घर से बुथ पर लाने का भी व्यवस्था किया गया है। इस बात को लेकर बीडीओ प्रवीण चौधरी पूरी तरह गंभिर है। उन्होंनें कहा कि 80 प्लस मतदाताओं के किसी प्रकार कि कोई परेशानी नहीं हो इस बात को आप लोग सुनिश्चित करें। मौके संबंधित पदाधिकारी व कर्मी मौजूद थे।

# करियर गाइडेंस के विषय पर वर्कशाप का आयोजन



वर्कशॉप में उपस्थित लोग।

आवाज प्रतिनिधि

**हनवारा :** मिल्लत कॉलेज परसा में मतदाता जागरुकता अभियान तथा करियर गाइडेंस के विषय पर वर्कशाप का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन प्रो० नसीम ने किया।वहीं अध्यक्षता प्रभारी प्राचार्य प्रो० अशरफ करीम की टीम ने की। मतदाता जागरूकता कार्यक्रम कालेज के इलेक्ट्रोलर लिटरेसी क्लब की ओर से आयोजित किया गया। प्रो नसीम ने मतदान के महत्व के विषय में, प्रो जावेद ने मतदान के इतिहास के बारे में तथा प्रो०अशरफ करीम ने मतदान से संबंधित शब्दावली की विस्तृत व्याख्या की। प्रो०संदीप कुमार ने मतदान में प्रचलित कुप्रथाओं के विषय पर चर्चा की। कार्यक्रम के अगले भाग के रूप में करियर गाइडेंस प्रोग्राम के तहत प्रो० जावेद ने कालेज की करियर गाइडेंस सेल की ओर से चलाए जा रहे रेमेडियल कोर्स के बारे में विस्तृत रूप से बताया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए प्रभारी प्राचार्य प्रो० अशरफ करीम ने विद्यार्थियों को अग्रतर शिक्षा के विभिन्न कोर्स के बारे में विस्तृत रूप से बताया तथा कहा कि किसी भी छात्र को किसी भी कोर्स में एडमिशन लेने से पहले उस कोर्स की पूरी जानकारी ले लेनी चाहिए। धन्यवाद ज्ञापन डॉ० ब्रह्मनाथ ने किया। अंत में छात्रों द्वारा मतदान संबंधित शपथ लेने के पश्चात कार्यक्रम का समापन हुआ। इस दौरान अब्दुल्ला, नदीम आदि उपस्थित थे।

# डीडीसी की अध्यक्षता में जल शक्ति अभियान को ले कैच द रैन कार्यक्रम की हुई समीक्षात्मक बैठक

## विभिन्न बिंदुओं पर हुई समीक्षा में उप विकास आयुक्त ने संबंधित अधिकारियों को दिए आवश्यक और अहम दिशा निर्देश

आवाज प्रतिनिधि


बैठक में मौजूद डीडीसी व अन्य।

**जामताड़ा :** उप विकास आयुक्त, जामताड़ा की अध्यक्षता में जल शक्ति अभियान के तहत ₹कैच द रैन₹ कार्यक्रम की समीक्षात्मक बैठक आहूत किया गया।

बैठक को संबोधित करते हुए उप विकास आयुक्त निरंजन कुमार ने इस संबंध में बताया कि सरकार के सचिव, जल संसाधन विभाग, झारखण्ड, रांची द्वारा जल शक्ति अभियानः कैच द रेन के संबंध में निदेश प्राप्त हुआ है।

जल शक्ति अभियानः कैच द रेन जिसका इस वर्ष के लिए मुख्य थीम ह्यह्यनारी शक्ति से जल शक्ति है, एवं यह अभियान नौ मार्च से 30 नवंबर तक चलाया जा रहा है। वहीं बताया गया कि दिसम्बर, 2023 को सम्पन्न तृतीय मुख्य सचिवों के सम्मेलन में पेयजल विषय पर चर्चा के दौरान मुख्य सचिव द्वारा अन्तर्गत निर्धारित कार्यों को निर्धरित समय-सीमा में पूर्ण करने हेतु प्रतिबद्धता व्यक्त की गई। अभियान के तहत पूर्व में केन्द्रित उद्देश्यों, विशेष उद्देश्यों के साथ-साथ वर्णित प्रतिबद्धताओं को भी अभियान में शामिल करते हुए अनुरोध किया गया है कि अभियान के अन्तर्गत सभी उद्देश्यों पर कार्य प्रारंभ करने हेतु आवश्यक कार्रवाई की जाय ताकि भविष्य के लिए नागरिकों की आजीविका, घरेलु एवं अन्य आवश्यकताओं के लिए पानी की उपलब्ध्ता सुनिश्चित किया जा सके। अभियान के अंतर्गत, परम्परागत जल निकायों के जीर्णाद्धार, जल निकायों से अतिक्रमण को हटाना, तालाबों एवं झीलों की सफाई तथा जल संभरण स्थलों का निर्माण एवं मरम्मत इत्यादि कार्यों को प्राथमिकता दिया जाना है। जिसके लिए जिला स्तर से समिति का गठन किया जाना है। जिसके लिए उन्होंने लघु सिंचाई को निदेशित किया कि भवन प्रमण्डल, विशेष प्रमण्डल, जामताड़ा एवं नगर निकाय के संबंधित अधिकारी को जिला स्तरीय समिति में सदस्य के रूप में नामित करने हेतु प्रस्ताव को उपलब्ध कराएं। बैठक में उपस्थित सभी विभागों के कार्यालय प्रधान को उन्होंने निदेशित करते हुए कहा कि जल शक्ति अभियानः कैच द रेन के तहत प्राप्त विभागीय निर्देश का दृढ़तापूर्वक अनुपालन सुनिश्चित करें। इस मौके पर कार्यपालक अभियंता पीएचडी, कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमण्डल, जामताड़ा, सहायक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, जामताड़ा, सहायक अभियंता, सिंचाई प्रमण्डल एवं अन्य संबंधित उपस्थित थे।

# प्रशिक्षित सहायक अध्यापक संघ का शिष्टमंडल जिला शिक्षा अधीक्षक से सहायक अध्यापकों के सुनायी अपनी समास्या


ज्ञापन सौपते झारखंड राज्य प्रशिक्षित सहायक अध्यापक संघ के सदस्य।

आवाज प्रतिनिधि

**जामताड़ा :** झारखंड राज्य प्रशिक्षित सहायक अध्यापक संघ का शिष्टमंडल जिला शिक्षा अधीक्षक राजेश कुमार पासवान से मुलाकात कर सहायक अध्यापकों के समास्याओं के सामाधान हेतु मेमोरेन्डम देकर आग्रह किया। इस मुलाकात में राज्य कमिटि के प्रदेश प्रधान सचिव मौजूद रहे और बुके देकर जिला शिमन कुमार ने जिला शिक्षा अधीक्षक से कहा कि सहायक अध्यापक नियमावली 2021 में वार्षिक वृद्धि 4% जनवरी माह में देने का प्रावधान है । लेकिन 2024 में जनवरी से 4% वार्षिक वृद्धि अभी तक नहीं दिया गया जो विभागीय लापारवाही को दशार्ता है । दुसरी सेवा पुस्तिका संधारण पर भी चर्चा हुई जिसपर जिला शिक्षा अधीक्षक ने इस पर कार्य करने की बात कही। जिन सहायक अध्यापकों का युक्तिकरण 30-35 किलोमीटर कर दिया गया है। उसके सामाधान हेतु चुनाव के बाद समय दिये हैं। इस शिष्टमंडलीय मुलाकात में जिलाध्यक्ष सब्बीर अंसारी, जिला सचिव दिलीप मंडल, शकील उज्जमा ,भरत स्वर्णकार, रंजीत महतो, निखिल मंडल आदि शामिल थे।

# हनुमान मंदिर प्राण प्रतिष्ठा को ले निकाली गई भव्य कलश शोभायात्रा

आवाज प्रतिनिधि


शोभायात्रा निकालते भक्तजन।

**जामताड़ा :** बुधवार को नारायणपुर बाजार में हनुमान मंदिर प्राण प्रतिष्ठा हेतु बड़े धूमधाम के साथ आयोजित भव्य कलश शोभायात्रा में भाजपा वरिष्ठ नेता वीरेंद्र मंडल बतौर मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित हुए। हनुमान मंदिर प्राण प्रतिष्ठा हेतु नारायणपुर बाजार स्थित शिव मंदिर से महादेव धाम मंदिर तक भक्ति पूर्ण माहौल में कलश यात्रा निकाली गई। इस भव्य कलश यात्रा में सैकड़ो की संख्या में नए वस्त्र धारण कर माताएं बहने माथे पर कलश लेकर और सभी श्रद्धालुजन हाथों में ध्वजा पताका लिए हुए और जय श्री राम के नारे लगाते हुए और डीजे पर भक्ति गीतों की धुन पर झूमते हुए कलश यात्रा में सम्मिलित हुए।

कलश यात्रा में सम्मिलित सभी माताए बहने ने पूरे विधि विधान मंत्रोचार के नारायणपुर स्थित महादेव धाम मंदिर के समीप जलाशय में जल भरकर पुण शिव मंदिर प्रांगण लाया। इस कलश यात्रा के दौरान भाजपा वरिष्ठ नेता वीरेंद्र मंडल भक्ति गीतों पर झूमते नजर आए। भाजपा वरिष्ठ नेता वीरेंद्र मंडल ने अपने संबोधन में कहा कि नारायणपुर बाजार में भव्य हनुमान मंदिर प्राण प्रतिष्ठा हेतु बड़े ही धूमधाम के साथ भक्ति पूर्ण माहौल में कलश शोभायात्रा निकाली गई। नारायणपुर बाजार स्थित शिव मंदिर प्रांगण से महादेव धाम मंदिर तक कलश यात्रा पहुंची। पूरे विधि विधान और मंत्रोचार के साथ सभी कलशो में जल भर गया, सभी माताए बहने ने कलश में जल भरकर शिव मंदिर प्रांगण लाए। इस कलश यात्रा में धार्मिक झांकियां भी सम्मिलित रही। जय श्री राम के नारे और डीजे पर भक्ति गीतों की धुन से पूरे नारायणपुर बाजार में भक्ति पूर्ण माहौल बना रहा । सभी नारायणपुर बाजार वासियों के सहयोग से भव्य हनुमान मंदिर का निर्माण करवाया गया है, हम सभी सनातनियों के लिए बड़े ही गर्व की बात है और गौरवान्वित होने का भी झण हैं। हनुमान मंदिर प्राण प्रतिष्ठा हेतु सभी नारायणपुर बाजार वासियों एवं आयोजक समिति के तमाम सम्मानित सदस्यों के प्रति आभार प्रकट करते हुए धन्यवाद एवं साधुवाद देता हूं। इस भव्य हनुमान मंदिर निर्माण हेतु सहयोग देने का भी सौभाग्य प्राप्त हुआ। मौके पर मनमोहन सिंह उर्फ पाठक सिंह, टीपू पोद्दार, पवन पोद्दार अमित रेखान, गौतम वैद्य, हरि मंडल, देवनारायण मंडल, छोटेलाल साह सहित सैकड़ो की संख्या में माताएं बहने एवं नारायणपुर वासी उपस्थित रहे।

उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय, देवघर
(जिला समाज कल्याण शाखा)
ई-मेलः-dswodeoghar@gmail.com / awc17monitoring@gmail.com

आम सूचना

बाल कल्याण समिति, देवघर के पत्रांक बा०क०स०/देवघर/31/2024, दिनांक 18.04.2024 द्वारा सूचित किया गया है कि निम्नलिखित विवरणी की बालिका का ब्यौरा व्यापक प्रसारित समाचार पत्रों में प्रकाशित किया जायः-

| क्र0 | ब्यौरा | फोटो |
|---|---|---|
| 1 | नामः- नहीं मालुम<br>उम्रः- 09 वर्ष लगभग<br>पिताः- अज्ञात<br>माताः- अज्ञात<br>रंगः- श्याम वर्ण<br>पताः- अज्ञात<br>लिंगः- स्त्री०<br>श्रेणीः- भूला भटका<br>बच्चा की स्थितिः- विशेष बालिका<br>वर्तमान निवासः- बाल गृह (लड़की), चरकी पहाड़ी, देवघर। |  |

उपर्युक्त बालिका बाल गृह (लड़की) चरकी पहाड़ी, देवघर में वर्तमान में देखरेख एवं संरक्षण में रह रहा है। उक्त बालिका से संबंधित माता-पिता/वैध अभिभावक/सगे संबंधी सूचना प्रकाशन के 30 दिनों के अंदर दावा हेतु उचित साक्ष्य के साथ निम्नलिखित पते पर सम्पर्क कर सकते हैं।

जिला बाल संरक्षण इकाई, देवघर।
DRDA, द्वितीय तल्ला, कमरा नं0 202
देवघर, झारखण्ड- 814112
सम्पर्क संख्या - 6201930442, 8210629276, 7739560251

जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, देवघर

PR 324077 Deoghar(24-25).D

# कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय में मलेरिया से बचाव को ले किया जागरूक

आवाज प्रतिनिधि



बैठक करते स्वास्थ्यकर्मी।

**जामताड़ा :** जिले में 25 अप्रैल को विश्व मलेरिया दिवस मनाया जायेगा. इस दौरान जिले के विभिन्न प्रखंडों के कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय में मलेरिया से बचाव को लेकर जागरूक किया गया. इस संबंध में विभाग की ओर से बुधवार को प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया. एसीएमओ डॉ कालीदास मरांडी ने बताया कि जामताड़ा जिले में मलेरिया एपीआई कम होने के कारण जामताड़ा जिला मलेरिया फ्री जोन है. लेकिन मलेरिया फैलाने वाले वाहक इनोफेलीज मच्छर मौजूद है. निकटवर्ती जिले दुमका, देवघर, गिरिडीह एवम निकटवर्ती राज्य पश्चिम बंगाल मलेरिया जोन है. अर्थात वहां से प्रवासी रोगी के आने के कारण हमारे जिले में मलेरिया प्रसार होने की संभावना बनी रहती है. जिले के स्वास्थ्य कर्मी जैसे एएनएम, एमपीडब्ल्यू, सहिया की ओर से लगातार बुखार पीड़ित लोगों का रक्त पट्ट संग्रह किया जाता है. ताकि मलेरिया रोगी मिलने के पश्चात रोग के प्रसारण एवम समुचित उपचार की जा सके. सभी सीएचसी एवम पीएचसी में इसकी मुफ्त सुविधा उपलब्ध है. फिर भी प्रारंभिक बचाव के लिए लोगों को घरों के आसपास जल जमाव नहीं होने देना चाहिए तथा मच्छरदानी का उपयोग करना चाहिए. यदि बुखार हो तो अपने निकटवर्ती सरकारी संस्थानों में रक्त जांच कराना चाहिए.मौके पर जिला मलेरिया पदाधिकारी डॉ डीसी मुंशी, भीबीडी सलाहकार रत्नेश शर्मा आदि थे।

जिला समादेष्टा का कार्यालय,
झारखण्ड गृह रक्षा वाहिनी, साहेबगंज

-: आवश्यक सूचना :-

महानिदेशक-सह-महासमादेष्टा, गृह रक्षा वाहिनी एवं अग्निशमन सेवा का कार्यालय झारखण्ड राँची का ज्ञापांक-820/ओ0टी0डी0, दिनांक-16.04.2024 द्वारा लोकसभा आम चुनाव 2024 डियूटी हेतु जिला इकाई के कुल प्रभावित बल के गृह रक्षकों मे से 70 % गृह रक्षकों को प्रतिनियुक्ति किये जाने हेतु आदेशित किया गया है।

अतः साहेबगंज जिला के प्रभावित बल के सभी गृह रक्षकों को सूचित किया जाता है कि, जिला समादेश्टा कार्यालय साहेबगंज मे लोकसभा चुनाव 2024 डियूटी हेतु तत्काल अपना आगमन दर्ज कराना सुनिश्चित करेंगे। चुनाव जैसे अति महत्वपूर्ण डियूटी मे शत-प्रतिशत भागीदारी अनिवार्य है। आगमन दर्ज नही कराने वाले गृह रक्षकों के विरूद्ध तत्काल नामांकन रद्द किये जाने की कार्यवाही प्रारम्भ कर दी जायेगी।

जिला समादेष्टा
झारखण्ड गृह रक्षा वाहिनी, साहेबगंज

PR 324076 District(24-25)#D

# बिहार : दूसरे चरण की 5 लोकसभा सीटों पर थम गया चुनावी प्रचार, 50 प्रत्याशी मैदान में

## किशनगंज, कटिहार, पूर्णिया, भागलपुर और बांका में होगा मतदान

**एजेंसी। 24 अप्रैल**

**पटना।** बिहार की पांच लोकसभा सीटों पर आज बुधवार (24 अप्रैल) शाम पांच बजे से चुनाव प्रचार थम जाएगा. दूसरे चरण के तहत पांच सीट किशनगंज, कटिहार, पूर्णिया, भागलपुर और बांका में 26 अप्रैल को मतदान होना है. इसके लिए आज शाम पांच बजे से चुनाव प्रचार थम गया. शांतिपूर्ण मतदान कराने के लिए चुनाव आयोग की ओर से पूरी तैयारी कर ली गई है. सभी पांच लोकसभा क्षेत्र में 50 प्रत्याशी मैदान में हैं. इनमें से तीन महिलाएं जबकि 47 पुरुष प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं. 16 प्रत्याशी निर्दलीय हैं. पांच प्रत्याशी जेडीयू से हैं जबकि कांग्रेस से तीन और आरजेडी से दो प्रत्याशी हैं. बहुजन समाज पार्टी पार्टी से चार प्रत्याशी मैदान में हैं. 20 ऐसे प्रत्याशी हैं जो छोटे दल से नाता रखते हैं. दूसरे चरण में एनडीए की ओर से सभी पांच सीटों पर जेडीयू के प्रत्याशी मैदान में हैं. इंडिया गठबंधन से कटिहार, किशनगंज और भागलपुर में कांग्रेस के प्रत्याशी चुनाव मैदान में है. पूर्णिया और बांका लोकसभा क्षेत्र से आरजेडी के प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं. मुख्य रूप से इंडिया गठबंधन और एनडीए में सीधी टक्कर मानी जा रही है. हालांकि पूर्णिया में पप्पू यादव को लेकर त्रिकोणीय मुकाबला देखने को मिल सकता है.



### पांच लोकसभा सीट के लिए बनाए गए 5436 मतदान केंद्र

बताया जाता है कि इन सभी पांच सीटों के लिए कुल 5436 मतदान केंद्र बनाए गए हैं. ग्रामीण क्षेत्रों में 4878 मतदान केंद्र हैं जबकि शहरी क्षेत्र में 558 मतदान केंद्र बनाए गए हैं. किशनगंज में 1007, कटिहार में 1025, पूर्णिया में 983, भागलपुर में 1072 और बांका में 1349 मतदान केंद्र बनाए गए हैं.

**वोटर्स के बारे में जानिए :** चुनाव आयोग की ओर से जो जानकारी दी गई है उसके अनुसार सभी पांच लोकसभा क्षेत्र में कुल 93,96,298 मतदाता हैं. इनमें 48,81,437 पुरुष मतदाता हैं जबकि 45,14,555 महिलाएं हैं. थर्ड जेंडर मतदाताओं की संख्या 306 है. इसमें पहली बार वोटिंग करने वाले 18 से 19 वर्ष के मतदाताओं की संख्या 1,37,773 है. 20 से 29 वर्ष के मतदाताओं की संख्या 20,86,853 है. 100 साल से ऊपर के 2379 मतदाता हैं. पांच लोकसभा क्षेत्र में सबसे अधिक भागलपुर में 1983031 मतदाता हैं. सबसे कम किशनगंज में 1829994 मतदाता हैं.

# उत्तर प्रदेश में थम गया दूसरे चरण के चुनाव प्रचार का शोर

**एजेंसी। 24 अप्रैल**

**लखनऊ।** लोकसभा चुनाव 2024 के दूसरे चरण में उत्तर प्रदेश की आठ लोकसभा सीटों पर बुधवार की शाम प्रचार का शोर थम गया। दूसरे चरण में आठ लोकसभा सीटों पर कुल 1,67,77,198 मतदाता अपने मताधिकार का उपयोग करेंगे। उत्तर प्रदेश में दूसरे चरण में कुल 91 प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला होना है। जिसमें गौतमबुद्ध नगर में 15 प्रत्याशी, मथुरा सीट में 15 प्रत्याशी, बुलंदशहर में 6 प्रत्याशी, अमरोहा में 12 प्रत्याशी, मेरठ में 8 प्रत्याशी, बागपत में 7 प्रत्याशी, गाजियाबाद में 14 प्रत्याशी और अलीगढ़ में 14 प्रत्याशी चुनाव मैदान में है। इन लोकसभा सीटों पर 26 अप्रैल की सुबह से बूथों पर मतदान होना है। निर्वाचन आयोग की टीमों ने मतदान कराने के लिए अपनी पूरी तैयारी कर ली है। वहीं विभिन्न राजनीतिक दलों ने भी अपने प्रत्याशियों की जीत सुनिश्चित कराने के लिए अपने बूथ एजेंटों से अंतिम दौर की बातचीत शुरू कर दी है। मतदान दिवस पर मतदाताओं को घरों से बाहर निकालने और मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए निर्वाचन आयोग की टीमें और सामाजिक क्षेत्र में कार्य करने वाली संस्थाएं अपील कर रही है। मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए आयोग की ओर से वोटर के बूथ की जानकारी आनलाइन एप के माध्यम से दी जा रही है। वहीं बूथ तक पहुंचने के लिए भी बूथ लोकेशन के नाम से मोबाइल ऐप की सुविधा दी गयी है।

### लोस चुनाव : अंतिम दिन उम्मीदवारों ने प्रचार में झोंकी ताकत, निकाले रोड शो

**मेरठ।** दूसरे चरण के 26 अप्रैल को होने वाले मतदान के लिए बुधवार शाम पांच बजे चुनाव प्रचार का समाप्त हो गया। प्रचार के अंतिम दिन उम्मीदवारों ने पूरी ताकत झोंक दी। मेरठ में भाजपा उम्मीदवार अरुण गोविल, सपा उम्मीदवार सुनीता वर्मा ने रोड शो निकाला तो बसपा उम्मीदवार देवव्रत त्यागी ने भी धुआंधार प्रचार किया। लोकसभा चुनाव में दूसरे चरण में 26 अप्रैल को पश्चिमी उत्तर प्रदेश की आठ सीटों पर मतदान होगा। इसके लिए बुधवार को चुनाव प्रचार का अंतिम दिन रहा। शाम पांच बजे तक सभी उम्मीदवारों ने धुआंधार चुनाव प्रचार किया और मतदाताओं को अपनी ओर लुभाने का प्रयास किया। मेरठ-हापुड़ सीट से भाजपा उम्मीदवार अरुण गोविल ने भाजपा के दिग्गज नेताओं के साथ रोड शो निकाला।

## खगड़िया में सड़क हादसा, ट्रक-बोलेरो में भीषण टक्कर, पिता-पुत्र समेत 3 की मौत

**पटना।** बिहार के खगड़िया जिले के मानसी थाना इलाके के एकनियां के पास दर्दनाक सड़क दुर्घटना हो गई. यहां बारात में शामिल होने के लिए आई एक बोलेरो और ट्रक के बीच भीषण टक्कर हो गई. जिसमें दो मासूम बच्चे समेत तीन की मौत हो गई. हादसे में तीन लोग घायल हो गए. इसमें दो बच्चों की मौत सदर अस्पताल में उपचार के दौरान हो गई. 32 साल के अमर कुमार की मौत इलाज के लिए बेगूसराय जाने के दौरान रास्ते में हो गई. मरने वालों में पिता, पुत्र और भतीजा शामिल हैं, जबकि तीन बाराती घायल हुए हैं जिनका सदर अस्पताल में उपचार जारी है. बताया जा रहा है कि सन्नी कुमार की शादी थी. बारात बांका से खगड़िया के शोभनी गांव आ रही थी.

बोलेरो पर दुल्हे का भाई अमर कुमार अपने पांच साल के बेटे शिबू कुमार ,2 साल के भतीजा राज कुमार समेत अन्य रिश्तेदारों के साथ सवार था. इसी दौरान एनएच 31 पर बोलेरो सड़क दुर्घटना का शिकार हो गई. इधर घटना के बाद से परिजनों में कोहराम मच गया है. मृतकों में सभी बांका जिला के रहने वाले हैं. घटना के बाद घटना स्थल पर कोहराम मच गया. बारात जाने की खुशी गम में तब्दील हो गई. मृतक की पहचान बांका जिला के पास करहरिया निवासी अमर कुमार, शिबू कुमार और आयुष राज के रूप में हुई है. जबकि घायलों में मोनी देवी और अभिषेक कुमार शामिल हैं.

# मनोज तिवारी के रोड शो के दौरान भाजपा प्रत्याशी का विरोध,लगे नारे

**एजेंसी। 24 अप्रैल**

**अररिया।** अररिया के सिकटी विधानसभा क्षेत्र के बरदाहा बाजार में भोजपुरी फिल्म के सीने स्टार मनोज तिवारी के रोड शो के दौरान भाजपा प्रत्याशी एवं निवर्तमान सांसद प्रदीप कुमार सिंह का लोगों ने विरोध किया और जमकर उनके खिलाफ नारेबाजी की। फुटानी चौक के समीप जब रोड शो के दौरान मनोज तिवारी का काफिला पहुंचा तो सड़क के किनारे नरेन्द्र मोदी जिंदाबाद,जय श्री राम के नारे के साथ प्रदीप सिंह मुदार्बाद के नारे लगाए।जिसको देखकर रोड शो कर रहे मनोज तिवारी का काफिला तेजी से निकल पड़ा,जबकि मनोज



तिवारी के साथ भाजपा के प्रत्याशी प्रदीप कुमार सिंह ,सिकटी विधायक विजय कुमार मंडल और अन्य भाजपा नेता शामिल थे।ग्रामीणों का कहना था कि प्रदीप कुमार सिंह चुनाव जीतने के बाद कभी गांव की ओर नहीं आए और न किसी सुख दुख में कोई सहायता दी।बड़ी संख्या में ग्रामीण शामिल थे। मौके पर मौजूद गणेश कुमार ने कहा कि पिछले बार चुनाव के बाद एमपी बनने के बाद अभी तक गांव में देखने के लिए भाजपा के प्रत्याशी नहीं पहुंचे।ग्रामीणों ने भाजपा अभ्यर्थी पर इलाके के विकास और अन्य कार्यों में दोहरी नीति के तहत भाजपा प्रत्याशी पर उपेक्षा करने का आरोप लगाया। ग्रामीणों ने स्पष्ट तौर पर कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से उन लोगों का कोई बैर नहीं है,लेकिन स्थानीय सांसद और भाजपा प्रत्याशी के उपेक्षित रवैया के कारण उसका बैर है,जिसको लेकर वेलोग विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं।


**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल सं०-1,गिरिडीह**
E-mail :eedwsd.giridih1@gmail.com

प्रेस विज्ञप्ति

ज्ञापांक–341 / दिनांक.–.23.04.2024

लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण प्रमंडल गिरिडीह / पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल संख्या–1, गिरिडीह से कुछ अभियंताओं ने अस्थायी अग्रीम प्राप्त की है, जिसका विवरण निम्न है–

| कमांक | सहायक / कनीय अभियंता के नाम | अस्थायी अग्रीम की राशि (रू0 में) |
|---|---|---|
| 1 | श्री कृष्णा प्रसाद सिन्हा | 10,000.00 |
| 2 | श्री बालमिकेश्वर प्रसाद | 93,388.00 |

उक्त अभियंताओं को सूचित किया जाता है कि अपने नाम के आगे अंकित अस्थायी अग्रीम राशि को यथाशीघ्र पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल संख्या–1, गिरिडीह कार्यालय में जमा कर दें।

कार्यपालक अभियंता
पेयजल एवं स्व0 प्र0 सं0–1,गिरिडीह

PR 324070 Drinking Water and Sanitation(24-25).D


# मुझे चारों ओर से फंसाने की रची जा रही है साजिश : तेजस्वी यादव

**एजेंसी। 24 अप्रैल**

**पूर्णिया।** राजद नेता एवं पूर्व डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव कहा कि यहां दो ही गठबंधन चुनाव लगे हैं । एक आईएनडीआईए गठबंधन और दूसरा एमबीए गठबंधन तीसरा यहां कोई नहीं है। मुझे चारों ओर से फसाने की कोशिश की जा रही है। मेरे सभी भाई बहन पर केस है। हर दो-तीन महीने में मेरे यह रेड की जाती है। बिहार में अकेले सबसे लड़ रहा हूं । आईएनडीआईए गठबंधन को मजबूत करने के लिए मैं लगातार नीतीश कुमार के साथ हर जगह घूमता रहा और गठबंधन को मजबूत करने का प्रयास किया। तेजस्वी यादव ने एनडीए गठबंधन पर आरोप लगाते हुए कहा कि 40 में से 39 सांसद इन लोगों के पास ही थे फिर भी विकास क्यों नहीं हुआ। तेजस्वी ने कहा कि हमारा गठबंधन बेरोजगारी, महंगाई, शिक्षा, चिकित्सा की बात करता है। सीमांचल सबसे गरीब इलाका है



बिहार का लेकिन सीमांचल का ही विकास नहीं हुआ हमें सीमांचल का विकास करना है। उन्होंने कहा सी इंडिया गठबंधन अपने ताकत के बल पर विपक्षी गठबंधन को आगे नहीं आने देगा।

## उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य वाराणसी एयरपोर्ट पहुंचे, भाजपा नेताओं ने की अगवानी

**वाराणसी।** उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य और भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री सुनील बंसल बुधवार अपरान्ह वाराणसी एयरपोर्ट पर पहुंचे। पार्टी के जिलाध्यक्ष और एमएलसी हंसराज विश्वकर्मा के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने दोनों नेताओं का गर्मजोशी से स्वागत किया। एयरपोर्ट से राष्ट्रीय महामंत्री शहर के लिए रवाना हो गए। राष्ट्रीय महामंत्री सुनील बंसल केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह के कार्यक्रम में भाग लेंगे। गृहमंत्री अमित शाह शाम 06 बजे महमूरगंज स्थित मोतीझील मैदान में भाजपा कार्यकताओं को सम्बोधित करेंगे। इसके बाद वाराणसी लोकसभा क्षेत्र भाजपा के केन्द्रीय चुनाव कार्यालय का उद्घाटन करेंगे। इस दौरान प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ,भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र चौधरी भी मौजूद रहेंगे। दो दिवसीय काशी प्रवास में गृहमंत्री अमित शाह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के संसदीय क्षेत्र की चुनावी तैयारियों की जानकारी भी लेंगे।

## मेरठ में भीषण आग से 12 खोखे जलकर राख

**मेरठ।** मेरठ में गढ़ रोड पर मंगलवार की देर रात भीषण आग लगने से लगभग 12 खोखे जलकर राख हो गए। एक खोखे में लगी आग धीरे-धीरे अन्य खोखों में फैल गई। फायर ब्रिगेड की गाड़ियों ने जब तक आग बुझाई, तब तक सारे खोखे जल चुके थे। मेरठ शहर में गढ़ रोड पर होटल ब्रॉडवे इन के बराबर में स्थित पेट्रोल पंप के पास बड़ी संख्या में खोखे है। इनसे थोड़ी ही दूरी पर प्लास्टिक और पॉलीथीन बटोरने वाले लोगों की झुग्गियां बसी है। मंगलवार की देर रात एक खोखे में आग लग गई। हवा चलने के कारण आग आसपास स्थित खोखों तक फैल गई और आग ने भीषण रूप धारण कर लिया। देखते ही देखते आग की ऊंची लपटें उठने लगी और वहां पर लोग इकट्ठा होने लगे। लोगों ने फायर ब्रिगेड को आग लगने की सूचना देकर खुद भी आग बुझानी शुरू कर दी। लोगों की सतर्कता से आग पास ही स्थित झुग्गियों तक नहीं पहुंच पाई। फायर ब्रिगेड की गाड़ियों ने घंटों की मेहनत के बाद किसी तरह से आग पर काबू पाया, तब तक खोखे जलकर खाक हो चुके थे।


**कार्यालय जिला समादेष्टा, झारखण्ड गृह रक्षा वाहिनी, धनबाद**

**आवश्यक सूचना**

लोकसभा चुनाव–2024 हेतु झारखण्ड गृह रक्षा वाहिनी, मुख्यालय, राँची का ज्ञापांक– 820, दिनांक– 16.04.2024 के द्वारा प्रभावित बल के 70% गृह रक्षकों को लोकसभा चुनाव डियूटी हेतु प्रतिनियुक्त किया जाना है। अतः धनबाद जिला प्रभावित बल के सभी ग्रामीण / शहरी (महिला एवं पुरूष) गृह रक्षकों को सूचित किया जाता है कि लोकसभा चुनाव–2024 में विधि व्यवस्था संधारण हेतु कुल प्रभावित बल के 70% गृह रक्षकों को चुनाव डियूटि में लगाया जाना है। प्रभावित बल के सभी गृह रक्षकों को सूचित किया जाता है कि चुनाव कार्य हेतु (दिनांक– 06.05.2024 से दिनांक– 04.06.2024 तक) फुलवर्दी एवं आवश्यक सामग्री के साथ तैयारी हालत में रहेगें। साथ ही जिला समादेष्टा कार्यालय, धनबाद से सम्पर्क कर चुनाव डियूटी हेतु अपना आगमन दर्ज कराना सुनिश्चित करेंगें। चुनाव जैसे अति–महत्वपूर्ण डियूटी में आगमन दर्ज नहीं कराने वाले गृह रक्षकों पर नियमानुसार कठोर कार्रवाई की जाएगी।

पुलिस उपाधीक्षक (मु0–1)
–सह– जिला समादेष्टा
झारखण्ड गृह रक्षा वाहिनी
धनबाद

PR324058 Police (24-25)_D



**कार्यालय, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, धनबाद**

**''आम सूचना''**

**विशेष लोक अदालत संबंधित आवश्यक सूचना**

दिनांक 27.04.2024
स्थानः–व्यवहार न्यायालय परिसर, धनबाद
निःशुल्क, सुलभ एवं शीघ्र न्याय के लिए

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि झारखण्ड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार, रॉची के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकार, धनबाद में दिनांक 27.04.2024 को समय 07:30 बजे पूर्वाहन से कार्य समाप्ति तक विशेष लोक अदालत का आयोजन किया जायेगा।

➢ विशेष लोक अदालत का मुख्य उद्देश्यः–
  - एन0 आई0 एक्ट से संबंधित मामले
  - इलेक्ट्रिसिटी एक्ट के मामले

इस संबंध में किसी प्रकार की विस्तृत जानकारी हेतु आप किसी भी कार्य दिवस को 07:30 बजे पूर्वाहन से 12:30 बजे अपराह्न तक जिला विधिक सेवा प्राधिकार के कार्यालय, व्यवहार न्यायालय, धनबाद में संपर्क कर सकते हैं।

एचपी जनार्दनन, वरीय पुलिस अधीक्षक, सह सदस्य, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, धनबाद

माधवी मिश्रा, उपायुक्त,सह उपाध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, धनबाद

राम शर्मा, प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश, सह अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, धनबाद

निवेदक
निताशा बारला, सचिव,
जिला विधिक सेवा प्राधिकार, धनबाद

PR 324059 Law(24-25)#D


## बिहार राज्य पैरामेडिकल पारा डेंटल परीक्षा समिति का परीक्षाफल जारी

**सहरसा।** जिले के सोनवर्षा नगर पंचायत नारायण विहार सोहा स्थित रामचन्द्र विद्यापीठ पारामेडिकल एवं नर्सिंग कॉलेज के चेयरमैन डॉ रजनीश रंजन एवं प्राचार्य डॉ राजन कुमार सिंह ने संयुक्त रूप से पारामेडिकल परीक्षा 2022 का परीक्षाफल महाविद्यालय में जारी किया। मौके पर प्रेस को संबोधित करते हुए कहा कि स्वास्थ्य विभाग बिहार सरकार के परीक्षा नियंत्रक डॉ विशेश्वर प्रसाद के पत्रांक 327 दिनांक 22 अप्रैल 2024 को परीक्षाफल जारी किया गया,जिसमें सहरसा जिला के एक मात्र पारामेडिकल कॉलेज रामचन्द्र विद्यापीठ सोनवर्षा में नामांकित ड्रेसर कोर्स के कुल छब्बीस एवं डीएमएलटी के चार छात्र सत्र - 2021-22 में नामांकित थे, जिसकी परीक्षा बीते दिनों पारामेडिकल परीक्षा समिति एन एम सीएम पटना द्वारा सितम्बर 2023 में लिया गया था।जिसका परीक्षाफल अभी प्रकाशित हुआ है,जिसमें ड्रेसर के छब्बीस व डीएम एलटी के चार छात्रों ने सभी पत्रों में पास करते हुए महाविद्यालय सहित जिले का नाम रौशन किया है। मौके पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ राजन कुमार सिंह ने कहा यह मेरे महाविद्यालय का पहला रिजल्ट है और चेयरमैन सर के दिशानिर्देश एवं स्वर्गीय रामचन्द्र प्रसाद सिंह जी के आशीर्वाद एवं प्रताप से आज का यह सुखद क्षण हमें प्राप्त हो रहा है।उन्होंने कहा यह सिर्फ जिला ही नहीं ब्लकि राज्य स्तर पर बड़ी बात है।कहा जहां तक मेरी जानकारी है पारामेडिकल के क्षेत्र में शत प्रतिशत रिजल्ट देने वाला राज्य का अद्वितीय संस्थान रामचन्द्र विद्यापीठ है।

# फारबिसगंज में पीएम मोदी के आगमन को लेकर 'नो ड्रोन जोन' और रेड जोन घोषित

**एजेंसी। 24 अप्रैल**

**फारबिसगंज/अररिया।** फारबिसगंज में पीएम मोदी 26 अप्रैल को एक जनसभा को संबोधित करेंगे । इस बीच पीएम मोदी की रैली को देखते हुए डीएम अररिया और एसएसपी सुरक्षा ने फारबिसगंज हवाई अड्डा मैदान में नो ड्रोन जोन (अस्थायी रेड जोन) घोषित कर दिया गया है। वही, फारबिसगंज क्षेत्र सीमा से सटे होने कारण सुरक्षात्मक दृष्टिकोण से विधि व्यवस्था संधारण हेतु सभी आवश्यक कदम उठाये जा रहे हैं।

अररिया जिला पदाधिकारी इनायत खान एवं अररिया पुलिस अधीक्षक अमित रंजन ने बुधवार को संयुक्त रूप से प्रधानमंत्री का हवाई अड्डा, फारबिसगंज में प्रस्तावित सभा स्थल का निरीक्षण किया गया।

कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण के क्रम में जिलाधिकारी द्वारा बैरिकेटिंग, प्रवेश द्वार, निकासी द्वार हेलीपैड एवं सुरक्षा



व्यवस्था के कई बिन्दुओं पर संबंधित पदाधिकारियों को कई आवश्यक दिशा निर्देश दिए। मौके पर अनुमंडल पदाधिकारी फारबिसगंज, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी फारबिसगंज, विशेष कार्य पदाधिकारी सह अपर समाहर्ता आपदा, एसपीजी के अधिकारी एवं संबंधित पदाधिकारी गण उपस्थित थे।


**जिला समादेष्टा, झारखण्ड गृह रक्षा वाहिनी का कार्यालय, जामताड़ा**

**-: लोकसभा आम निर्वाचन-2024 ड्यूटी हेतु कॉल-अप आदेश :-**

महानिदेशक–सह– महासमादेश्टा, गृह रक्षा वाहिनी एवं अग्निशमन सेवा का कार्यालय, झारखण्ड राँची का ज्ञापांक–820 / ओ0टी0डी0, दिनांक– 16 / 04 / 2024 एवं गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग, झारखण्ड सरकार ज्ञापांक–2231, दिनांक–22 / 04 / 2024 के माध्यम से आसन्न लोकसभा आम निर्वाचन–2024 डियूटी में प्रतिनियुक्ति हेतु जिला के प्रभावी बल के 70 प्रतिशत गृह रक्षकों को दिनांक–06 / 05 / 2024 से 04 / 06 / 2024 तक (कुल– तीस दिनों के लिए) कॉल–अप किये जाने का आदेश प्राप्त है।

उक्त के आलोक में जामताड़ा जिला के प्रभावी बल के सभी गृह रक्षकों को आदेशित किया जाता है कि लोकसभा आम निर्वाचन – 2024 डियूटी में प्रतिनियुक्ति के निमित दिनांक– 28 / 04 / 2024 तक जिला समादेश्टा, झारखण्ड गृह रक्षा वाहिनी का कार्यालय, जामताड़ा में अपना–अपना आगमन दर्ज कराना सुनिश्चित करें।

चुनाव जैसे महत्वपूर्ण डियूटी के लिये ससमय आगमन दर्ज नहीं कराना झारखण्ड गृह रक्षा वाहिनी, मुख्यालय के आदेश की अवहेलना मानी जाएगी और वैसे गृह रक्षकों के विरूद्ध कठोर अनुशासनात्मक कार्रवाई हेतु अनुशंसा झारखण्ड गृह रक्षा वाहिनी मुख्यालय, राँची को प्रेशित कर दी जाएगी, जिसके लिये वे स्वयं जिम्मेदार होंगे।

इसे अति आवश्यक समझें।

अपर पुलिस अधीक्षक,
–सह– जिला समादेष्टा,
झारखण्ड गृह रक्षा वाहिनी,
जामताड़ा

PR 324075 Police (24-25)_D

# आतंकियों के मरने पर कांग्रेस बहाती है आंसू : पीएम नरेंद्र मोदी

**एजेंसी। 24 अप्रैल**

**सरगुजा।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के छत्तीसगढ़ दौरे का आज दूसरा दिन है। सरगुजा में आयोजित विजय संकल्प शंखनाद महारैली में पीएम मोदी ने कहा कि भाजपा सरकार ने छत्तीसगढ़ में भ्रष्टाचार और नक्सली हिंसा दोनों को काबू किया है। पीएम इस दौरान कांग्रेस पर जमकर बरसे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के इरादे नेक नहीं हैं। ये आतंकवादियों के मारे जाने पर आंसू बहाते हैं। पीएम मोदी ने कहा कि भाजपा ने जब मुझे प्रधानमंत्री पद का उम्मीदवार बनाया था, तब अंबिकापुर में ही आपने लाल किला बनाया था। कांग्रेस की टोली ने उस समय मुझ पर हमला बोल दिया था, बात का बवंडर बना दिया था। लेकिन मोदी लाल किले पर पहुंचा और राष्ट्र के नाम



संदेश दिया। आज अंबिकापुर क्षेत्र फिर वही आशीर्वाद दे रहा है-फिर एक बार मोदी सरकार। उन्होंने कहा कि कुछ महीने पहले मैंने आपसे छत्तीसगढ़ से कांग्रेस का भ्रष्टाचारी पंजा हटाने के लिए आशीर्वाद मांगा था, आपने मेरी बात का मान रखा और भ्रष्टाचारी पंजे को प्रदेश से साफ कर दिया। आज आप सब के आशीर्वाद से सरगुजा की संतान, आदिवासी समाज की संतान छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री के रूप में प्रदेश के सपने को साकार कर रहा है।

### कांग्रेस ने जनता का भरोसा खोया : पीएम मोदी

पीएम ने कहा कि जब मैं विकसित भारत कहता हूं, तो कांग्रेस वालों का और दुनिया में बैठी कुछ ताकतों का माथा गरम हो जाता है। अगर भारत शक्तिशाली हो गया, तो कुछ ताकतों का खेल बिगड़ जाएगा। अगर भारत आत्मनिर्भर बन गया, तो कुछ ताकतों की दुकान बंद हो जाएगी। इसलिए वो भारत में कांग्रेस और इंडी गठबंधन की कमजोर सरकार चाहते हैं। कांग्रेस ने जनता का भरोसा खो दिया है। कांग्रेस, हिंसा फैलाने वालों का समर्थन कर रही है, उन्हें शहीद बता रही है। इसी कांग्रेस की सबसे बड़ी नेता, आतंकवादियों के मारे जाने पर आंसू बहाती हैं। ऐसी ही करतूतों के कारण कांग्रेस देश का भरोसा खो चुकी है।

### कांग्रेस पर बरसे पीएम मोदी

पीएम ने कहा कि वर्षों पहले, कांग्रेस ने आंध्र प्रदेश में धर्म के आधार पर आरक्षण देने का प्रयास किया था। फिर कांग्रेस ने इसे पूरे देश में लागू करने की योजना बनाई। कांग्रेस ने कहा कि रउ/रळ और ओबीसी का जो कोटा है, उसमें से चुरा कर धर्म के आधार पर कुछ लोगों को आरक्षण दिया जाए। जब संविधान बन रहा था, तब बाबा साहेब आंबेडकर के नेतृत्व में तय किया गया था कि भारत में धर्म के अनुसार आरक्षण नहीं होगा। लेकिन वोट बैंक की भूखी कांग्रेस ने इन महापुरुषों की बातों की परवाह नहीं की, संविधान की पवित्रता की परवाह नहीं की और न ही बाबा साहेब आंबेडकर के शब्दों की परवाह की।

# मणिपुर में आईईडी ब्लास्ट से उड़ाया पुल

## लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण की वोटिंग से पहले बिगड़ा माहौल

**एजेंसी। 24 अप्रैल**

**कांगपोकपी।** मणिपुर में जातीय हिंसा प्रभावित कांगपोकपी जिले में राष्ट्रीय राजमार्ग-2 (एनएच-2) पर एक पुल में विस्फोट से वह आंशिक रूप से क्षतिग्रस्त हो गया, जिससे क्षेत्र में यातायात बाधित हो गया। अधिकारी ने बताया कि आईईडी विस्फोट मंगलवार (23 मार्च) रात करीब 12.45 बजे सपरमीना और कोउब्रू लेइखा के बीच पुल पर हुआ। इंप्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस (आईईडी) एक तरह का विस्फोटक है। यह विस्फोट ऐसे समय में हुआ है जब बाहरी मणिपुर के कुछ हिस्सों में लोकसभा चुनाव के लिए दूसरे चरण की वोटिंग होने हैं। 19 अप्रैल को पहले चरण के मतदान के दौरान मणिपुर के कुछ हिस्सों में हिंसा की घटनाएं सामने आई थी, जहां उपद्रवियों ने राज्य के एक मतदान केंद्र पर गोलीबारी की, जिससे दहशत और अशांति फैल गई। लोकसभा चुनाव के लिए पहले हुए पहले चरण के मतदान के बाद



### इंफाल को नगालैंड से जोड़ने वाले रास्ते बाधित

अधिकारी ने बताया कि इस विस्फोट में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। अधिकारी के अनुसार इस बलास्ट से पुल के दोनों छोर पर गड्ढे और दरारें देखी गईं। मणिपुर की राजधानी इंफाल को नगालैंड के दीमापुर से जोड़ने वाले पुल पर भारी वाहनों की आवाजाही रोक दी गई है। विस्फोट के कुछ मिनट बाद पुलिसकर्मी मौके पर पहुंचे और उन्होंने पुल की घेराबंदी की। अधिकारियों ने विस्फोट की घटना की जांच शुरू कर दी गई है। हालांकि सुबह कुछ बाइक पुल से गुजरे। इंफाल पश्चिम जिले में संघर्षरत दो समुदायों के ग्राम स्वयंसेवकों के बीच गोलीबारी के कुछ घंटों बाद पुल पर विस्फोट की यह घटना हुई। मणिपुर में पिछले वर्ष मई में मैतेई और कुकी जनजातियों के बीच हुए संघर्ष में 200 से अधिक लोग मारे गए हैं और हजारों लोग बेघर हुए हैं।

मणिपुर के मुख्य चुनाव अधिकारी (सीईओ) रामानंद नोंगमेइकापम ने घोषणा की थी कि आंतरिक मणिपुर लोकसभा क्षेत्र के 11 मतदान केंद्रों पर 22 अप्रैल को फिर से मतदान कराया जाएगा। पूर्वी इंफाल में कुछ बदमाशों की गोलीबारी में एक बुजुर्ग व्यक्ति भी घायल हो गए।

**प्रियंका गांधी का पीएम मोदी पर बड़ा हमला, बोलीं**

# देश की संपत्ति मुट्ठीभर लोगों को दी जा रही



**एजेंसी। 24 अप्रैल**

**चित्रदुर्ग।** कर्नाटक के चित्रदुर्ग में कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी ने जनसभा को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्र सरकार पर बड़ा हमला बोला है। प्रियंका गांधी ने कहा कि आज की तारीख में केंद्र सरकार देश की सारी संपत्ति केवल कुछ ही लोगों को दे रही है। प्रियंका गांधी ने कहा कि आज किसानों का कर्ज माफ नहीं किया जा रहा है लेकिन उद्योगपतियों का करोड़ों माफ हो रहा है। प्रियंका गांधी ने कहा कि देश के पब्लिक सेक्टर को जिस तरह से बडे। घरानों को दिया जा रहा है, वह पूरा देश देख रहा है। प्रियंका गांधी ने अपने संबोधन में विपक्ष दलों के खिलाफ जांच एजेंसियों की कार्रवाई से लेकर कांग्रेस के बैंक खाते सील किये जाने के मुद्दे तक को उठाया। इसी के साथ प्रियंका गांधी ने इलेक्टोरल बॉन्ड को लेकर भी मोदी सरकार पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि इलेक्टोरल बॉन्ड में गड़बड़ियों को देखते हुए सुप्रीम कोर्ट ने इसे गैर कानूनी करार दिया। सुप्रीम कोर्ट की फटकार के बाद सारा डाटा सामने आया।

### नाम क्यों छुपाया गया!, प्रियंका का सवाल

प्रियंका गांधी ने कहा कि इलेक्टोरल बॉन्ड ही नहीं बल्कि नोटबंदी के माध्यम से भी देश को धोखा देने का काम किया गया है। प्रियंका गांधी ने कहा कि इलेक्टोरल बॉन्ड और नोटबंदी से केवल काले धन को सफेद करने का काम किया। उन्होंने कहा कि इलेक्टोरल बॉन्ड काला धन पर रोक लगाने के लिए लाया गया तो उसमें दान देने वाले का नाम क्यों छुपाया गया।

### विपक्षी दलों के दो-दो सीएम जेल में

प्रियंका गांधी ने कहा कि आज विपक्षी दलों पर हमला किया जा रहा है। आज विपक्षी दलों के दो-दो सीएम जेल में हैं। उन्होंने कहा कि जब बीजेपी वाले संविधान बदलने की बात करते हैं तो उनकी बातों को गौर से सुनिये। प्रियंका गांधी ने कहा कि आज पूरा देश हैरान कि बीजेपी के लोग किस तरह की भाषा में भाषण कर रहे हैं।


### सरकार जनता का ध्यान भटका रही है

कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी ने बेरोजगारी और महंगाई के मुद्दे पर भी केंद्र सरकार पर जमकर प्रहार किया है। उन्होंने कहा कि देश में 45 साल में सबसे ज्यादा बेरोजगारी है। हमारे 70 करोड़ भाई-बहन बेरोजगार हैं। केंद्र में 30 लाख पद खाली हैं लेकिन उसे भरा नहीं जा रहा है। उन्होंने कहा कि एक तरफ बेरोजगारी, दूसरी तरफ महंगाई-आम लोगों का घर चलाना मुश्किल हो रहा है लेकिन हमारी सरकार देश की जनता का ध्यान भटकाने का काम कर रही है।

# वाम दल और कांग्रेस दोनों चुनावों में पीएफआई का समर्थन ले रहे हैं : शाह

**एजेंसी। 24 अप्रैल**

**अलाप्पुझा (केरल)।** बीजेपी के वरिष्ठ नेता एवं केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने केरल में कांग्रेस और सत्तारूढ़ वाम दल पर बुधवार को जमकर निशाना साधा और आरोप लगाया कि दोनों दल राज्य में लोकसभा चुनाव में जीत हासिल करने के लिए प्रतिबंधित संगठन पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएफआई) का समर्थन ले रहे हैं। अमित शाह ने आरोप लगाया कि पीएफआई की राजनीतिक शाखा सोशल डेमोक्रेटिक पार्टी ऑफ इंडिया (एसडीपीआई) ने खुले तौर पर केरल में कांग्रेस के नेतृत्व वाले संयुक्त लोकतांत्रिक मोर्चा



गृह मंत्री अमित शाह

(यूडीएफ) को अपना समर्थन देने की घोषणा की, वहीं वाम लोकतांत्रिक मोर्चा (एलडीएफ) पीएफआई पर प्रतिबंध पर चुप है। उन्होंने अलाप्पुझा लोकसभा क्षेत्र में भाजपा उम्मीदवार शोभा सुरेंद्रन के पक्ष में प्रचार किया।

### कांग्रेस-कम्यूनिस्टों ने आतंकवादियों को संरक्षण दिया : शाह

शाह ने चुनावी रैली में कहा, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी देश को पीएफआई जैसे संगठनों से बचाने के लिए काम कर रहे हैं। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि कम्युनिस्टों और कांग्रेस के शासन के दौरान राज्य में आतंकवादियों को संरक्षण मिला। शाह ने कांग्रेस और वाम दल पर भी हमला किया और कहा कि ये दल केरल और पश्चिम बंगाल में एक-दूसरे से लड़ने का दिखावा करते हैं जबकि देश के अन्य हिस्सों में वे साथ हैं।

### यह भाजपा का वक्त है : शाह

केन्द्रीय गृह मंत्री ने दावा किया कि दुनिया और भारत में कम्युनिस्ट खत्म हो गए हैं और इसी तरह देश में कांग्रेस का भी पतन हो रहा है। उन्होंने दावा किया, यह भाजपा का वक्त है। भाजपा नेता ने कहा कि इस बार का लोकसभा चुनाव मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने और केरल को हिंसा से मुक्त कराने के लिए है। उन्होंने दावा किया कि सभी सर्वेक्षणों से संकेत मिल रहे हैं कि पूरा केरल मोदी के साथ है। राज्य में 26 अप्रैल को मतदान होना है और आज प्रचार का आखिरी दिन है। शाह अलाप्पुझा रिक्रिएशन ग्राउंड के हेलीपैड पर एक हेलीकॉप्टर से पहुंचे और वहां से सड़क मार्ग से रैली स्थल पुन्नप्रा कार्मेल ग्राउंड गए।

# स्क्रैप माफिया रवि काना और उसकी साथी काजल थाईलैंड में गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** स्क्रैप माफिया और गैंगस्टर रवि नागर उर्फ रवि काना और उसकी महिला सहयोगी काजल झा को थाईलैंड में वहां की पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आधिकारिक सूत्रों मे इसकी पुष्टि की है। गौतमबुद्धनगर कमिश्नरेट पुलिस ने जनवरी 2024 में लुक आउट और रेड कॉर्नर नोटिस जारी किया था। यह नोटिस और रवि पर चल रहे मुकदमों का विवरण पुलिस ने थाईलैंड के साथ साझा किया था। इसी के आधार पर यह गिरफ्तारी होने की बात कही जा रही है। पुलिस रवि काना गिरोह के 14 सदस्यों को पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है। इसमें रवि काना की पत्नी मधु नागर भी शामिल है। इसके साथ ही 100 करोड़ से अधिक की संपत्ति को भी सीज कर चुकी है। चार बैंक खातों को भी फ्रीज किया जा चुका है। रवि काना के खिलाफ नोएडा के सेक्टर-39 में सामूहिक दुष्कर्म और बीटा-2 थाने में गैंगस्टर का मुकदमा दर्ज किया गया था। गैंगस्टर के मुकदमे में 16 सदस्य नामजद थे। रवि काना की पत्नी मधु को पुलिस फरवरी 2024 में दिल्ली एयरपोर्ट से गिरफ्तार किया था। पिछले महीने पुलिस ने रवि काना गैंग के खिलाफ जिला अदालत में 500 पन्नों की चार्जशीट दाखिल की थी। इसमें रवि काना को काले कारोबार का सरगना बताया गया और उसकी सहयोगी काजल झा को इसमें बराबर का हिस्सेदार बताया गया था।

# पिघलाकर बेचने जा रहे थे करोड़ों का सोना डीआरआई ने तस्करों को रंगे हाथ पकड़ा

मुंबई। राजस्व खुफिया निदेशालय ने सोने की तस्करी करने वाले एक गिरोह का मुंबई में भंडाफोड़ किया है और 10.48 करोड़ रुपये मूल्य की बहुमूल्य धातु, कैश एवं अन्य कीमती सामान जब्त किया। डीआरआई के एक अधिकारी द्वारा बुधवार को दी गई जानकारी के मुताबिक, सोमवार को दक्षिण मुंबई में उस जगह सर्च ऑपरेशन चलाया गया, जहां सोना को पिघलाने का काम किया जाता है। अधिकारी ने बताया कि यहां से दो अफ्रीकी नागरिक सहित 4 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार किए गए लोगों में अफ्रीकी नागरिक भी शामिल हैं। अधिकारी ने एक बयान में बताया कि उक्कको सूचना मिली थी कि मुंबई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के माध्यम से अफ्रीका से तस्करी कर लाये गए सोने से विदेशी प्रिंटिंग हटाने के लिए यहां झवेरी बाजार में पिघलाया जा रहा है और फिर इसे स्थानीय बाजार में भेजा जा रहा है। इस जगह की तलाशी के दौरान अधिकारियों ने 9.31 किलोग्राम सोना और 16.66 किलोग्राम चांदी जब्त की। बयान में कहा गया है कि उन्होंने संबंधित यूनिट ऑपरेटर और गैंग में लोगों को शामिल करने वाले एक सदस्य को पकड़ा है। इसमें बताया गया है कि यह सदस्य तस्करी के माल को इधर से उधर ले जाने, अफ्रीकी नागरिकों से तस्करी कर लाये गए सोने को एकत्र करने और सोने को पिघलाने के अपराध में संलिप्त है।

# केजरीवाल की सेहत को लेकर आप ने किया प्रदर्शन

**एजेंसी। 24 अप्रैल**

**नई दिल्ली।** तिहाड़ जेल में बंद दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी और इंसुलिन न देने के खिलाफ आम आदमी पार्टी डॉक्टर विंग और नेताओं प्रदर्शन किया। आप डॉक्टर विंग ने भाजपा के खिलाफ जमकर की नारेबाजी और जेल का जवाब वोट से देने के लिए लोगों को जागरूक किया। पूर्वी दिल्ली लोकसभा सीट से आप उम्मीदवार कुलदीप कुमार ने कहा कि भाजपा निष्पक्ष चुनाव से भाग रही है, तभी बिना सबूत और बरामदगी के दिल्ली के बेटे अरविंद केजरीवाल को जेल में रखा हुआ है। भाजपा बताए, मुख्यमंत्री की सेहत के साथ खिलवाड़ क्यों किया जा रहा है और 23 दिन तक उन्हें इंसुलिन




क्यों नहीं दी गई?। आप उम्मीदवार ने कहा कि भाजपा जेल के अंदर अरविंद केजरीवाल की हत्या करने की कोशिश कर रही है, दिल्ली की जनता इसका जवाब वोट से देगी। केजरीवाल ने दिल्लीवालों को मुफ्त बिजली, पानी, शानदार स्वास्थ्य, शिक्षा, महिलाओं को बस में सफर समेत कई सुविधाएं दी हैं।

**उत्तराखंड में उपभोक्ताओं को लगेगा करंट का झटका**

# 11% बढ़ सकती हैं बिजली की दरें

**देहरादून।** उत्तराखंड के लोगों की जेब ढीली होने वाली है। प्रदेश में बिजली की दामों में 8-10 प्रतिशत की बढ़ोत्तरी हो सकती है। उत्तराखंड विद्यत नियामक बोर्ड जल्द ही बिजली के रेट में बढ़त को लागू कर सकता है। यूपीपीसीएल की ओर से बिजली की दामों को 23 से 27 प्रतिशत बढ़ाने की मांग की थी, जिसे लगभग 10-11 प्रतिशत बढ़ाया जा सकता है। गर्मी बढ़ गई है। लोगों के घरों में कूलर, एसी, फ्रीज जैसे इलेक्ट्रॉनिक गैजेट के इस्तेमाल से बिजली की डिमांड बढ़ जाती है। ऐसे में बिजली विभाग की दोहरी मार लोगों पर पड़ने वाली है। यूपीपीसीएल ने इस मांग को बढ़ाने के लिए कुल बिजली खरीदने पर खर्च होने वाले पैसे का हवाला दिया था। यूपीपीसीएल के मुताबिक, हर साल 1281 करोड़ रुपए बिजली को खरीदने में खर्च होते हैं। उत्तराखंड विद्युत नियामक बोर्ड ने इस याचिका पर सुनवाई की और सभी हितधारकों से बातचीत के आधार पर इसका बिजली की नई दरें लागू करने का फैसला लिया है। आने वाले सोमवार तक राज्य में बिजली की नई दरें घोषित कर दी जाएंगी। बिजली विभाग नई दरें लागू करने के बाद इसके फिक्स चार्ज के बारे में भी जानकारी दे सकता है। बिजली विभाग के इस फैसले से राज्य के 27 लाख से ज्यादा उपभोक्ताओं को झटका लग सकता है। 19 अप्रैल को राज्य में लोकसभा आयोग ने चुनाव पूरा होने के बाद नई विद्युत दरें लागू करने की बाद कही थी। अप्रैल के आखिरी सप्ताह तक यह नई दरें लागू होने से राज्य के लोगों की जेबों पर असर देखने पड़ेगा।

# कर्नाटक सरकार ने मुसलमानों को ओबीसी लिस्ट में किया शामिल

**कर्नाटक।** कर्नाटक सरकार ने आरक्षण का लाभ देने के लिए मुसलमानों को पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) में शामिल किया है। इस मामले की जानकारी राष्ट्रीय पिछड़ा आयोग ने प्रेस रिलीज जारी करके दी। बुधवार (24 अप्रैल) को कर्नाटक सरकार के आंकड़ों का हवाला देते हुए पुष्टि की। राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग ने कहा कि कर्नाटक सरकार के आंकड़ों के अनुसार, कर्नाटक के मुसलमानों की सभी जातियों और समुदायों को राज्य सरकार के तहत रोजगार और शैक्षणिक संस्थानों में आरक्षण के लिए ओबीसी की सूची में शामिल किया गया है। श्रेणी 2-बी के तहत, कर्नाटक राज्य के सभी मुसलमानों को ओबीसी माना गया है। आयोग ने कहा कि श्रेणी-1 में 17 मुस्लिम समुदायों को ओबीसी माना गया है जबकि श्रेणी-2ए में 19 मुस्लिम समुदायों को ओबीसी माना गया है। एनसीबीसी के अध्यक्ष हंसराज गंगाराम अहीर के मुताबिक, कर्नाटक सरकार के नियंत्रणाधीन नौकरियों और शिक्षण संस्थानों में प्रवेश में आरक्षण के लिए कर्नाटक के सभी मुस्लिम धर्मावलंबियों को ओबीसी की राज्य सूची में शामिल किया गया है।

# सैम पित्रोदा के बयान से बैकफुट पर कांग्रेस !

**नई दिल्ली।** इंडियन ओवरसीज कांग्रेस के चीफ सैम पित्रोदा के विरासत टैक्स वाले बयान पर सियासी बवाल मच गया है। बुधवार (24 अप्रैल, 2024) को उनकी टिप्पणी की वजह से कांग्रेस को बैकफुट पर आना पड़ गया। यही वजह रही कि पार्टी ने सैम पित्रोदा के स्टेटमेंट से किनारा कर लिया। कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी ने बताया, आपका जो जीवन है, उसमें महंगाई आई है। उसे कम करने के लिए, रोजगार दिलाने के लिए, शिक्षा के संस्थान बनाने के लिए और स्वास्थ्य संबंधी सुविधाएं देने के लिए आजकल मंच पर यह चर्चा नहीं होती है, जो कि अभी हो रही है। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश बोले कि सैम पित्रोदा के विचार हमेशा भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के विचार को नहीं दशार्ते हैं। कई बार उनके जो विचार होते हैं, वे कांग्रेस का आधिकारिक रुख नहीं होते हैं। उनकी टिप्पणियों को सनसनीखेज बनाना और उन्हें संदर्भ से बाहर करना बीजेपी के दुर्भावनापूर्ण और शरारती चुनाव अभियान से ध्यान हटाने का जानबूझकर किया गया हताश प्रयास है।

**चारधाम यात्रा को लेकर श्रद्धालुओं में क्रेज**

# 14 लाख से अधिक लोगों ने कराया रजिस्ट्रेशन

**एजेंसी। 24 अप्रैल**

**केदारनाथ।** उत्तराखंड में चारधाम यात्रा शुरू होने की तारीखों का एलान हो चुका है। तो वहीं इस बार चार धाम यात्रा के लिए लोगों में क्रेज बढ़ता ही जा रहा है। हर दिन लाखों की संख्या में श्रद्धालुओं के रजिस्ट्रेशन हो रहे है। पिछले एक हफ्ते में ही 14 लाख से ज्यादा लोगों ने चार धाम यात्रा के लिए रजिस्ट्रेशन कराया है। चारधाम यात्रा के लिए ऑनलाइन पंजीकरण में तेजी बरकरार है। पंजीकरण का आंकड़ा 14 लाख के पार पहुंच चुका है। मंगलवार को हुए 74,503 पंजीकरण कराए गए जिस के बाद रजिस्ट्रेशन की संख्या 14 लाख के पार पहुंच चुकी है। ये आंकड़ा लगातार बढ़ता जा रहा है जब की चार धाम की यात्रा मई माह में शुरू होगी लेकिन चारधाम के लिए यात्रियों की संख्या में लगातार इजाफा हो रहा है. अब तक ये आंकड़ा 14 लाख को पार कर चुका है। अब तक यमुनोत्री के लिए 2,39,167, गंगोत्री के लिए 2,58,456, केदारनाथ के लिए 4,79,551, बद्रीनाथ के लिए 4,02,517 और हेमकुंड साहिब के लिए 20,997 पंजीकरण हो चुके है। चारधाम यात्रा के लिए टैक्सी, जीप, बस, मिनी बस के ग्रीन कार्ड बनाने की प्रक्रिया ने भी पकड़ी तेजी 300 से ज्यादा कार्ड बन



चुके हैं। 700 से ज्यादा आवेदन कतार में है। 2023 में चार धाम यात्रा में लगभग 55 लाख से ज्यादा यात्रियों ने चार धाम की यात्रा की थी। वहीं अब इस बार सरकारी आंकड़ों की अगर मानें तो यह संख्या बढ़ सकती है। इसको लेकर सरकार भी लगातार काम कर रही है. रजिस्ट्रेशन की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है पिछले 1 हफ्ते की अंदर ही ये संख्या 14 लाख को पार कर चुकी है. पर्यटन विभाग के अनुसार पिछले साल 55 लाख से अधिक तीर्थ यात्रियों ने चार धाम यात्रा की थी। इस बार ये संख्या बढ़ सकती है।

# देश के 9 राज्यों में भीषण गर्मी से लोग बेहाल

## अनंतपुर रहा सबसे गर्म, पंजाब-हरियाणा में बारिश का अलर्ट

**एजेंसी। 24 अप्रैल**

**नई दिल्ली।** देश के ज्यादातर हिस्सों में भीषण गर्मी पड़ रही है। मौसम विभाग के अनुसार, गंगीय पश्चिम बंगाल, उप-हिमालयी पश्चिम बंगाल, बिहार, ओडिशा, उत्तर प्रदेश, झारखंड, ओडिशा, तटीय आंध्र प्रदेश, यनम, रायलसीमा, तेलंगाना, कर्नाटक के अलग-अलग हिस्सों में 27 अप्रैल तक लू चलने की संभावना है। ओडिशा में 15 अप्रैल से और गंगीय पश्चिम बंगाल में 17 अप्रैल से लू की स्थिति बनी हुई है। मौसम



विभाग ने कहा कि अगले पांच दिनों के दौरान पूर्वी भारत और दक्षिण प्रायद्वीपीय भारत में लू चलने का पूर्वानुमान है।

### देश में अनंतपुर रहा सबसे गर्म स्थान

मौसम विभाग के अनुसार, पिछले 24 घंटे के दौरान यूपी के बुलंदशहर में 42 डिग्री सेल्सियस अधिकम तापमान दर्ज किया गया। जबकि प्रयागराज में 41.6, कानपुर में 41.2 और बस्ती में 41 डिग्री तापमान दर्ज किया गया। जबकि रायलसीमा के इलाके अनंतपुर में 43 .5 डिग्री तापमान दर्ज हुआ। वहीं ओडिशा, पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु, तेलंगाना और आंध्र प्रदेश के अलग-अलग हिस्सों में अधिकतम तापमान 41 से 43 .5 डिग्री दर्ज किया जा रहा है।

### दिल्ली में आज कैसा रहेगा मौसम

बता दें कि राष्ट्रीय राजधानी में मंगलवार को तेज हवाएं चलीं और कुछ इलाकों में हल्की बारिश हुई, जिससे लोगों को गर्मी से राहत मिली। मौसम कार्यालय के अनुसार बुधवार के आसमान में आंशिक रूप से बादल छाए रहेंगे और दिन में तेज हवाएं चलेंगी। अधिकतम और न्यूनतम तापमान क्रमश: 37 और 23 डिग्री सेल्सियस के बीच रह सकता है।

**ऑरेंज कैप**
विराट कोहली
आरसीबी
379 रन, 8 मैच

**पर्पल कैप**
जसप्रीत बुमराह
एमआई
13 विकेट, 8 मैच




**अंक तालिका**

| टीम | मैच | जीत | हार | एनआर | अंक | रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|---|
| राजस्थान | 8 | 7 | 1 | 0 | 14 | +0.698 |
| कोलकाता | 7 | 5 | 2 | 0 | 10 | +1.206 |
| हैदराबाद | 7 | 5 | 2 | 0 | 10 | +0.914 |
| लखनऊ | 8 | 5 | 3 | 0 | 10 | +0.148 |
| चेन्नई | 8 | 4 | 4 | 0 | 8 | +0.415 |
| गुजरात | 8 | 4 | 4 | 0 | 8 | -1.055 |
| मुंबई | 8 | 3 | 5 | 0 | 6 | -0.227 |
| दिल्ली | 8 | 3 | 5 | 0 | 6 | -0.477 |
| पंजाब | 8 | 2 | 6 | 0 | 4 | -0.292 |
| बेंगलुरु | 8 | 1 | 7 | 0 | 2 | -1.046 |

# दिल्ली ने गुजरात को दिया 225 रनों का लक्ष्य

## आईपीएल ऋषभ पंत और अक्षर पटेल ने खेली तूफानी पारी

**एजेंसी। 24 अप्रैल**

**नई दिल्ली।** आज आईपीएल 2024 के 40वें मैच में दिल्ली कैपिटल्स का सामना गुजरात टाइटंस से है। यह मुकाबला दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में खेला जा रहा है। दोनों टीमें जब पिछली बार भिड़ी थीं तो दिल्ली ने गुजरात को छह विकेट से हराया था। हालांकि, उसके बाद जहां दिल्ली सनराइजर्स से हार गई, वहीं गुजरात ने पंजाब के खिलाफ जीत हासिल की थी। आज के मैच में दोनों के बीच कड़ी टक्कर देखने को मिल सकती है। दिल्ली कैपिटल्स ने गुजरात टाइटंस के सामने 225 रन का लक्ष्य रखा है। दिल्ली ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में पांच विकेट गंवाकर 224 रन बनाए। कप्तान ऋषभ पंत ने 43 गेंद में पांच चौके और आठ छक्के की मदद से 88 रन की नाबाद पारी खेली। दिल्ली ने आखिरी पांच ओवर में 97 रन बनाए और एक विकेट गंवाया। पंत ने 20वें ओवर में गेंदबाजी करने आए मोहित शर्मा के ओवर



में 31 रन बटोरे। उन्होंने इस ओवर में चार छक्के लगाए और एक चौका भी जड़ा। दिल्ली ने एक वक्त 44 रन पर तीन विकेट गंवा दिए थे। इसके बाद अक्षर पटेल और पंत के बीच 113 रन की साझेदारी हुई। अक्षर 66 रन बनाकर आउट हुए। वहीं, पंत और ट्रिस्टन स्टब्स के बीच 18 गेंद में 67 रन की अटूट साझेदारी हुई। इसकी बदौलत दिल्ली ने विशाल स्कोर खड़ा किया है। दिल्ली को 157 के स्कोर पर 17वें ओवर में चौथा झटका लगा। नूर अहमद ने अक्षर पटेल को साई किशोर के हाथों कैच कराया। उन्होंने 43 गेंद में पांच चौके और चार छक्के की मदद से 66 रन की पारी खेली। फिलहाल ऋषभ पंत और ट्रिस्टन स्टब्स क्रीज पर हैं। पंत 18वें अर्धशतक के करीब हैं।

### स्कोर बोर्ड

| दिल्ली कैपिटल्स 224/4 (20 ओवर) | रन | गेंद | चार | छह |
|---|---|---|---|---|
| पृथ्वी शॉ के नूर अहमद बो वारियर | 11 | 7 | 2 | 0 |
| जेक फ्रेजर-मैकगर्क के नूर अहमद बो वारियर | 23 | 14 | 2 | 2 |
| अक्षर पटेल के साई किशोर बो नूर अहमद | 66 | 43 | 5 | 4 |
| शाई होप के राशिद खान बो वारियर | 5 | 6 | 1 | 0 |
| ऋषभ पंत नाबाद | 88 | 43 | 5 | 8 |
| ट्रिस्टन स्टब्स नाबाद | 26 | 7 | 3 | 2 |

**अतिरिक्त** (बा0,लेबा2,वा3,नोबा0,पी0) 5 रन कुल 20 ओवर में 4 विकेट पर 224 रन, **विकेटों का पतन:** 1-35, 2-36, 3-44, 4-157, **गेंदबाजी:** अजमतुल्लाह ओमरजई 4-0-33-0, संदीप वारियर 3-0-15-3, राशिद खान 4-0-35-0, नूर अहमद 3-0-36-1, मोहित शर्मा 4-0-73-0, शाहरुख खान 1-0-8-0, साई किशोर 1-0-22-0

### ऋषभ पंत और अक्षर पटेल ने जड़े अर्धशतक

ऋषभ पंत ने 34 गेंद पर आईपीएल करियर का 18वां अर्धशतक जड़ा। यह इस सीजन उनका तीसरा अर्धशतक रहा। 18 ओवर के बाद दिल्ली का स्कोर चार विकेट पर 171 रन है। फिलहाल ऋषभ पंत 57 रन और ट्रिस्टन स्टब्स पांच रन बनाकर बल्लेबाजी कर रहे हैं। अक्षर पटेल 66 रन बनाकर आउट हुए। वहीं, संदीप वॉरियर ने तीन विकेट झटके। दिल्ली के लिए तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करने उतरे अक्षर पटेल दमदार फॉर्म में नजर आ रहे हैं। उन्होंने गुजरात के खिलाफ अर्धशतक लगाया है। इसके लिए उन्होंने 37 गेंदों का सहारा लिया। यह उनके आईपीएल करियर का दूसरा पचासा है। वहीं, उनका साथ दे रहे ऋषभ पंत भी अर्धशतक की ओर बढ़ रहे हैं। 30 गेंदों में वह 47 रन बनाकर नाबाद खेल रहे हैं। दोनों बल्लेबाजों के लिए 90+ रन की साझेदारी हो चुकी है। 16 ओवर के बाद दिल्ली का स्कोर तीन विकेट पर 143 रन है। दिल्ली ने 12 ओवर के बाद तीन विकेट गंवाकर 105 रन बना लिए हैं। फिलहाल पंत 30 और अक्षर 33 रन बनाकर क्रीज पर हैं। दोनों के बीच 60+ रन की साझेदारी हो चुकी है। दिल्ली के तीनों विकेट संदीप वॉरियर ने झटके।

## आईपीएल : हैदराबाद में बल्ले-बल्ले या गेंदबाज करेंगे कमाल

# हैदराबाद-बेंगलुरु के बीच मैच आज

**एजेंसी। 24 अप्रैल**

**हैदराबाद।** हैदराबाद के राजीव गांधी स्टेडियम में एक और आईपीएल का मुकाबला खेला जाना है। इस बार मैच मेजबानी सनराइसर्ज हैदराबाद और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के बीच होना है। ये मैच 25 अप्रैल दिन गुरुवार को होगा। जहां एक ओर एसआरएच की टीम अच्छा प्रदर्शन कर प्लेऑफ में जाने की मजबूत दावेदार है, वहीं आरसीबी की कहानी करीब करीब खत्म है, लेकिन गुणा गणित के हिसाब से टीम अभी तक बाहर नहीं हुई है, ऐसे में ये मैच काफी ज्यादा अहम होने जा रहा है। इस बीच अगले मैच में हैदराबाद की पिच कैसी होगी, ये हम आपको बताएंगे, साथ ही ये भी जानकारी देंगे कि आरसीबी और एसआरएच के बीच हेड टू हेड आंकड़े कैसे हैं। आरसीबी और एसआरएच के बीच अब तक 24 मैच खेले गए हैं। इसमें से 13 दफा एसआरएच ने बाजी मारी है, वहीं 10 मैच आरसीबी ने अपने नाम किए हैं। इससे तो हैदराबाद का पलड़ा कुछ भारी नजर आता है। इस साल इससे पहले भी दोनों टीमें आमने सामने हो चुकी हैं, जिसमें हैदराबाद की टीम जीत दर्ज करने में कामयाब रही थी, अब दूसरा मैच होगा।




### एसआरएच बनाम आरसीबी पिच रिपोर्ट

हैदराबाद के राजीव गांधी स्टेडियम की पिच बल्लेबाजों को खूब रास आती है। ऐसे में अगर फिर से हाईस्कोरिंग मैच देखने के लिए मिले तो कोई बड़ी बात नहीं होगी। हैदराबाद ने जो 277 रनों का बड़ा स्कोर इस साल के आईपीएल में खड़ा किया था, वो इसी मैदान पर आया था। यहां का मैदान ज्यादा बड़ा नहीं है, इसलिए चौके और छक्के खूब देखने के लिए मिल सकते हैं। अगर टॉस की बात की जाए तो जो कप्तान इसे जीतेगा, वो हो सकता है कि पहले गेंदबाजी का फैसला करे। क्योंकि इस मैदान पर 40 मुकाबले बाद में बल्लेबाजी करने वाली टीम ने जीते हैं और केवल 32 मैच पहले बल्लेबाजी करने वाली टीम ने अपने नाम किए हैं।

### अंक तालिका में दोनों टीमों का हाल

अगर अभी की अंक तालिका में दोनों टीमों की स्थिति के बारे में बात की जाए तो हैदराबाद की टीम ने 7 में से 5 मैच जीते हैं और 10 अंक लेकर प्वाइंट्स टेबल में तीसरे स्थान पर है। उसके पास मौका होगा कि एक और मैच जीतकर केकेआर को पीछे कर सीधे दूसरे नंबर पर अपनी जगह सुरक्षित की जाए। उधर आरसीबी की टीम 8 में से अब तक केवल एक हीम मैच जीत पाई है और उसके पास केवल 2 अंक हैं। टीम की कोशिश होगी कि एक और मैच जीतकर वो पंजाब किंग्स के बराबर या उससे आगे निकले, ताकि कुछ संभावनाएं जीवित रहें। देखना होगा कि कौन सी टीम बाजी मारती है।

## यांग जुन क्सुआन ने महिलाओं की 100 मीटर फ्रीस्टाइल में बनाया राष्ट्रीय रिकॉर्ड

**एजेंसी। 24 अप्रैल**

**शेनझेन।** यांग जुन क्सुआन ने मंगलवार को नए रिकॉर्ड के साथ यहां चीन की राष्ट्रीय तैराकी चैंपियनशिप में महिलाओं की 100 मीटर फ्रीस्टाइल में स्वर्ण पदक जीता। यांग ने 52.68 सेकंड में स्वर्ण पदक जीता, और 52.90 के पिछले रिकॉर्ड को तोड़ दिया जो 2020 में ओलंपिक चैंपियन झांग युफेई ने बनाया था। 22 वर्षीय यांग ने कहा, मैं राष्ट्रीय रिकॉर्ड तोड़कर खुश हूं, लेकिन परिणाम मेरी अपेक्षा से थोड़ा धीमा है, मुझे उम्मीद है कि मैं दुनिया के शीर्ष स्तर के साथ प्रतिस्पर्धाकर सकूंगी। वू क्विंगफेंग दूसरे और चेंग युजी तीसरे स्थान पर रहीं। वू यांग के साथ आगे चल रहा थीं, लेकिन



यांग ने दौड़ जीतने के लिए दूसरे लैप में बढ़त बना ली। पुरुषों की 100 मीटर फ्रीस्टाइल फाइनल में, पैन झानले ने 46.97 सेकंड में अपना पांचवां स्वर्ण पदक जीता, जबकि वांग हाओयू और जी झिन्जी को क्रमशः रजत और कांस्य पदक मिला। पुरुषों की 200 मीटर ब्रेस्टस्ट्रोक फाइनल में, टैन हैयांग ने शुरू से ही बढ़त बनाते हुए 2:08.87 के समय के साथ रेस जीत ली, उसके बाद डोंग झिहाओ और यू जोंगडा रहे।

# चैंपियंस ट्रॉफी के लिए पाक नहीं जाएगी टीम इंडिया!




**एजेंसी। 24 अप्रैल**

**नई दिल्ली।** चैंपियंस ट्रॉफी 2025 पाकिस्तान की मेजबानी में खेली जाएगी। साल 2017 के बाद ये पहला मौका होगा जब चैंपियंस ट्रॉफी का आयोजन होगा। जहां 8 देशों के बीच इस ट्रॉफी के लिए मैच होगी। बता दें पाकिस्तान ने 1996 के बाद किसी भी आईसीसी प्रतियोगिता की मेजबानी नहीं की है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, भारतीय टीम इस टूर्नामेंट के लिए पाकिस्तान का दौरा नहीं करेगी। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड के सूत्रों ने आईएएनएस को बताया है कि टीम इंडिया अगले साल आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के लिए पाकिस्तान की यात्रा नहीं करेगी। साथ ही वेन्यू शिफ्ट भी हो सकते हैं, या फिर हाइब्रिड मॉडल का रास्ता भी चुना जा सकता है।

### पाकिस्तान से बाइलेट्रल सीरीज खेलने पर कही ये बात

पीसीबी के अध्यक्ष मोहसिन नकवी ने हाल ही में कहा था कि अगर भारत अगले साल आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी के लिए अपनी टीम पाकिस्तान भेजेगा तो पीसीबी उनके साथ बाइलेट्रल सीरीज खेलने के लिए तैयार है। हालांकि, बीसीसीआई के सूत्रों ने कहा कि बाइलेट्रल सीरीज भूल जाइए, टीम इंडिया चैंपियंस ट्रॉफी के लिए पाकिस्तान का दौरा भी नहीं कर सकती है। आयोजन स्थल में बदलाव हो सकता है या फिर हाइब्रिड मॉडल भी संभव है। सूत्रों ने आगे कहा कि भारतीय बोर्ड को यात्रा के लिए सरकार से अनुमति की आवश्यकता होगी, वर्तमान में पाकिस्तान के साथ हमारे संबंध भी अच्छे नहीं हैं। ऐसे में यह लगभग असंभव है।

### साल 2012-13 में खेली गई थी आखिरी बाइलेट्रल सीरीज

भारत और पाकिस्तान की टीमों के बीच आखिरी बार साल 2012-13 में सीरीज खेली गई थी, तब पाकिस्तान ने भारत का दौरा किया था और दोनों टीमों के बीच तब 2 टी20 और तीन मैचों की वनडे सीरीज खेली गई थी। उसके बाद से कभी भी ये दोनों देश आमने-सामने नहीं आए हैं। हालांकि दोनों देश लगभग हर आईसीसी टूर्नामेंट में एक-दूसरे का सामना करते हैं। वहीं, टीम इंडिया ने आखिरी बार पाकिस्तान का दौरा साल 2008 में किया था।

## पूर्व पहलवान नरसिंह यादव डब्ल्यूएफआई एथलीट पैनल के अध्यक्ष चुने गये

**एजेंसी। 24 अप्रैल**

**वाराणसी।** राष्ट्रमंडल खेलों के पूर्व स्वर्ण पदक विजेता नरसिंह पंचम यादव बुधवार को यहां भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) के एथलीट आयोग का अध्यक्ष चुना गया जिससे खेल की विश्व संचालन संस्था द्वारा अनिवार्य की गयी प्रक्रिया भी पूरी हो गयी। आयोग के सात स्थानों के लिए कुल आठ दावेदार दौड़ में थे और मतदान के बाद सात सदस्यों को चुना गया। इसके बाद उन्होंने आयोग के अध्यक्ष पद के लिए नरसिंह को चुना। 2016 ओलंपिक से पहले टीम के सदस्य नरसिंह सुर्खियों में आ गये थे जब ओलंपिक पदक विजेता सुशील कुमार ने उनके खिलाफ एक ट्रायल मुकाबले का अनुरोध किया था जबकि वह चोट के



कारण क्वालीफिकेशन टूर्नामेंट में नहीं खेल पाये थे। सुशील ने दिल्ली उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया और उनकी अपील खारिज होने के बाद पुष्टि हो गयी कि नरसिंह ही रियो ओलंपिक जायेंगे। लेकिन हैरानी की बात रही कि नरसिंह ओलंपिक से पहले करायी गयी दो डोप जांच में विफल हो गये थे जिससे खेल पंचाट ने उन्हें चार साल के लिए प्रतिबंधित कर दिया था।

## शूटिंग : सिफ्ट कौर समरा, नीरज ने 3पी में पहला ओलंपिक चयन ट्रायल जीता

**एजेंसी। 24 अप्रैल**

**नई दिल्ली।** एशियाई खेलों की चैंपियन और विश्व रिकॉर्ड धारक सिफ्ट कौर समरा यहां डॉ. कर्णी सिंह शूटिंग रेंज में बुधवार को महिलाओं की पहली 50 मीटर राइफल 3 पोजिशन (3पी) ओलंपिक चयन ट्रायल (ओएसटी टी1) में विजयी रहीं, जबकि पुरुषों की स्पर्धा में नीरज कुमार शीर्ष पर रहे। सिफ्ट का मुकाबला इन-फॉर्म आशी चोकसी से था, जो पहले 15 नीलिंग पोजिशन शॉट्स के बाद आगे चल रही थीं। इसके बाद वह प्रोन स्थिति में पूरी तरह से आगे बढ़ गईं और अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी पर 2.4 की बढ़त भी ले ली। अंत में, उन्होंने 466.3 अंक हासिल किये, जो आशी के अंक से 3.7 अधिक था। ओलंपियन अंजुम मौदगिल ने 449.2 अंकों के साथ तीसरा स्थान किया। निश्चल (433.6) और पेरिस कोटा धारक श्रियंका सदांगी (416.7) को क्रमशः चौथे और पांचवें स्थान से संतोष करना पड़ा। पुरुषों के 3पी स्पर्धा में फॉर्म में चल रहे निशानेबाज नीरज कुमार, जिन्होंने हाल ही में यूरोप में शानदार प्रदर्शन किया था, ने 462.2 के अंतिम स्कोर के साथ जीत हासिल की। ओलंपिक कोटा धारक और क्वालीफिकेशन टॉपर स्वप्निल कुसाले दूसरे स्थान पर रहे, जबकि ऐश्वर्या तोमर तीसरे स्थान पर रहे। छठे दिन 10 मीटर एयर राइफल और पिस्टल पुरुष और महिला प्रतियोगिताओं के क्वालिफिकेशन राउंड भी हुए। संदीप सिंह (634.4 अंक) और तिलोत्तमा सेन (632.4 अंक) ने क्रमशः पुरुषों और महिलाओं की 10 मीटर एयर राइफल में शीर्ष स्थान हासिल किया।

## ट्रायथलॉन चैंपियनशिप में भारत का प्रतिनिधित्व करेगा 33 सदस्यीय दल

**नई दिल्ली।** आदर्श मुरलीधरन सिनिमोल और प्रगन्या मोहन की अनुभवी जोड़ी नेपाल के पोखारा में एशिया ट्रायथलॉन कप के साथ 27 अप्रैल से शुरू होने वाली दक्षिण एशियाई ट्रायथलॉन चैम्पियनशिप में 33 सदस्यीय मजबूत भारतीय चुनौती की अगुआई करेगी। प्रगन्या ने पिछले चरण में अपना लगातार तीसरा दक्षिण एशियाई खिताब जीता था जबकि महिलाओं के ओवरआल वर्ग में नौंवा स्थान भी हासिल किया था। पिछले साल क्रमशः रजत और कांस्य पदक जीतने वाली महाराष्ट्र की संजना जोशी और मानसी मोहिते की जोड़ी भी 13 भारतीय महिला एथलीट की टीम का हिस्सा हैं। सेना के सिनिमोल 2022 के विजेता हैं और पिछले साल तीसरे स्थान पर रहे थे। वह 20 सदस्यीय मजबूत भारतीय चुनौती का नेतृत्व करेंगे। टूर्नामेंट में 750 मीटर तैराकी, 20 किमी साइकिलिंग और पांच किमी दौड़ शामिल है। तेलहेइबा सोरम, क्षेत्रीमयुम कबिदश सिंह, तुषार डेका, अनघ वानखड़े, पार्थ सांखला, अंगद इंगलेकर, अभिषेक मोदनवाल, अंकुर चाहर, पार्थ मिराज।

# आईएसएल सेफा-1 : मुंबई सिटी का अभियान थामने को लेकर सकारात्मक है एफसी गोवा

**एजेंसी। 24 अप्रैल**

**गोवा।** एफसी गोवा की टीम आज शाम इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) 2023-24 के दूसरे सेमीफाइनल के पहले चरण के मैच में मुंबई सिटी एफसी की मेजबानी करेगी। गोवा की टीम अपने प्लेऑफ मुकाबले में चेन्नइयन एफसी को 2-1 से हराकर सेमीफाइनल में पहुंची, इसके विपरीत, मुंबई को 15 अप्रैल को कोलकाता के साल्ट लेक स्टेडियम में निर्णायक लीग मुकाबले में मोहन बागान सुपर जायंट के हाथों 2-1 से हार मिली थी। उन्होंने दूसरे स्थान पर रहकर लीग चरण समाप्त



किया, जिससे सुनिश्चित हुआ कि वे सीधे सेमीफाइनल में खेलेंगे। सीजन दोबारा शुरू होने के बाद एफसी गोवा थोड़ा लड़खड़ाई थी। गोवा को सीजन के दूसरे भाग के पहले पांच मैचों में से तीन में हार का सामना करना पड़ा था। हालांकि, प्लेऑफ से पहले पांच मुकाबलों में से चार जीतकर वे तीसरे स्थान पर रहकर लीग अभियान समाप्त कर पाए। दूसरी ओर, मुंबई सिटी एफसी ने फरवरी में जमशेदपुर एफसी पर 3-2 से जीत के बाद खेले अपने नौ मैचों में से आठ में जीत हासिल की। लेकिन, मैरिनर्स हाथों के कोलकाता में कड़े लीग मुकाबले में हार के कारण उनके हाथ से लीग विनर बनने का मौका फिसल गया। एफसी गोवा ने 22 लीग मैचों में 45 अंक हासिल किए, जो लीग विनर्स मोहन बागान सुपर जायट से केवल तीन और मुंबई सिटी एफसी से दो अंक कम है।




## मार्केट सूचकांक

**भारतीय**

| | | |
|---|---|---|
| निफ्टी | 22402.40 | ▲ +34.40 |
| सेंसेक्स | 73852.94 | ▲ +114.49 |

**अमेरिका**

| | | |
|---|---|---|
| नैस्डेक | 15,822.11 | ▲ +125.47 |
| डाओ जोंस | 38,465.76 | ▼ -43.90 |

**यूरोप**

| | | |
|---|---|---|
| FTSE (BRITAIN) | 8,065.34 | ▲ +20.53 |
| CAC (FRANCE) | 8,124.56 | ▲ +18.78 |

**एशिया**

| | | |
|---|---|---|
| NIKKEI 225 (JAPAN) | 38,460.08 | ▲ +907.92 |
| शंघाई (CHINA) | 3,044.82 | ▲ +22.84 |

**कमोडिटी**

| | | |
|---|---|---|
| सोना 24 कैरेट/10 ग्राम प्रति | 71,001.00 | ▼ -28.00 |
| चांदी प्रति किलो | 80,619.00 | ▼ -59.00 |
| अल्यूमीनियम प्रति किलो | 0.00 | ▼ -226.05 |
| तांबा प्रति किलो | 844.75 | ▲ +7.15 |
| लेड प्रति किलो | 0.00 | ▼ -186.90 |
| जिंक प्रति किलो | 0.00 | ▼ -245.85 |
| मेंथा तेल प्रति लीटर | 0.00 | ▼ -950.00 |

**मुद्रा**

| | | |
|---|---|---|
| डॉलर प्रति रुपये | 83.3332 | ▲ +0.0496 |
| पाउंड प्रति रुपये | 103.6598 | ▼ -0.0691 |
| यूरो प्रति रुपये | 88.9010 | ▲ +0.0566 |
| दीनार प्रति रुपये | 270.5924 | ▲ +0.2310 |
| रियाल प्रति रुपये | 22.2185 | ▲ +0.0136 |
| ऑस्ट्रेलियन डॉलर प्रति रुपये | 54.1302 | ▲ +0.0895 |
| सिंगापुर डॉलर प्रति रुपये | 61.1938 | ▼ -0.00049 |
| दिरहम प्रति रुपये | 22.6822 | ▲ +0.0058 |

**क्रूड ऑयल**

| | | |
|---|---|---|
| डब्ल्यूटीआई क्रूड बैरल/ यूएस $ | 82.96 | ▼ -0.40 |
| ब्रेंट क्रूड बैरल/ यूएस $ | 88.16 | ▼ -0.26 |
| मरबन क्रूड बैरल/ यूएस $ | 88.77 | ▼ -0.15 |

### कैंसर के लिए चेतावनी जारी होने के बाद भारतीय मसालों पर बहस तेज

# 527 भारतीय उत्पादों में कैंसर फैलाने वाला केमिकल, यूरोपीय यूनियन को मिला सबूत

**एजेंसी। 24 अप्रैल**

**ब्रसेल्स:** भारत के मसालों की चर्चा यूं तो सदियों से पूरी दुनिया में होती रही है लेकिन इस बार ये जरा अलग वजह से सुर्खियों में बने हैं। भारतीय कंपनियों के चार मसालों में कैंसर पैदा करने वाला केमिकल मिलने के बाद सिंगापुर और हांगकांग में इसके इस्तेमाल को लेकर चेतावनी जारी की गई है। इसमें कहा गया है कि इन मसालों में एथिलीन ऑक्साइड नामक तत्व पाया गया है, जो कैंसर के लिए जिम्मेदार होता है। चेतावनी जारी होने के बाद भारतीय मसालों पर बहस तेज हो गई है। इस बीच एक नई जानकारी सामने आई है कि जिस एथिलीन ऑक्साइड की वजह से भारतीय मसालों के खिलाफ सिंगापुर और हांगकांग में एक्शन लिया गया है, यूरोप जाने वाले भारतीय उत्पादों में भी ये केमिकल रूटीन तौर पर पाया जाता रहा है। यूरोपीय फूड सेफ्टी अथॉरिटी की जांच में लगातार भारतीय उत्पादों में एथिलीन ऑक्साइड नामक पदार्थ मिलता रहा है, लेकिन इस केमिकल के इस्तेमाल में रोक के लिए यूरोपीय एजेंसी ने कोई उपाय नहीं किए। डेक्कन हेराल्ड की रिपोर्ट के अनुसार, सितम्बर 2020 से अप्रैल 2024 के बीच यूरोपीय यूनियन के अंदर खाद्य सुरक्षा प्राधिकरणों ने भारत से जुड़े 527 उत्पादों में एथिलीन ऑक्साइड की मात्रा पाई है। इन उत्पादों में अखरोट और तिल के बीज (313), औषिध और मसाले (60), खाद्य पदार्थ (48) और अन्य खाने वाले उत्पाद (34) शामिल हैं। इन उत्पादों में से 87 खेप को बॉर्डर से ही वापस भेज दिया गया जबकि अधिकांश को बाद में बाजार से हटा दिया गया।



**क्या है एथिलीन ऑक्साइड!**

एथिलीन ऑक्साइड एक रंगीन गैस होती है, जिसका इस्तेमाल पेस्टीसाइड के तौर पर किया जाता है। हालांकि, इस केमिकल को मूलरूप से मेडिकल उपकरणों को स्टर्लाइज करने के लिए बनाया गया था। बताया जाता है कि एथिलीन ऑक्साइड के संपर्क में आने से लिंफोमा और ल्यूकेमिया समेत दूसरे कैंसर होने का खतरा हो सकता है।

**332 उत्पादों का भारत से सीधा संबंध**

रैपिड अलर्ट सिस्टम फॉर फूड एंड फीड (फ्अरत्र्फ्) एक ऑनलाइन सिस्टम है, जो यूरोपीय देशों में खाद्य सुरक्षा के मानकों पर नजर रखती है। इसका डेटा बताता है कि 525 खाद्य उत्पादों और दो फीड उत्पादों में केमिकल पाया गया है। इनमें 332 उत्पाद ऐसे हैं, जिनका भारत से सीधा संबंध है, जबकि बाकी में दूसरे देशों को भी इसके लिए जिम्मेदार ठहराया गया है। रमैया एडवांस्ड टेस्टिंग लैब्स के सीओओ यूबिन जॉर्ज जोसेफ ने बताया कि एथिलीन ऑक्साइड के सीधे संपर्क के अलावा उपभोक्ता दो और केमिकल के प्रति संवेदनशील होते हैं। उन्होंने कहा, इनमें से सबसे खतरनाक एथिलीन ग्लाइकोल है, जिसकी कफ सिरप में मौजूदगी अफ्रीका में बच्चों की मौत की वजह बनी थी।

### जेपी मॉर्गन के सीईओ ने पीएम मोदी की की तारीफ

# प्रधानमंत्री ने भारत में किया शानदार काम : जेमी डिमन

**एजेंसी। 24 अप्रैल**

**नई दिल्ली।** भारत में मोदी ने किया शानदार काम, अमेरिका में भी ऐसी अप्रोच की जरूरत, जेपी मॉर्गन चीफ ने कह दी बड़ी बात फाइनेंशियल सर्विस कंपनी जेपी मॉर्गन चेज के मुख्य कार्यपालक अधिकारी जेमी डिमन ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भारत में सुधारों को आगे बढ़ाकर और समावेशी कार्यक्रमों के जरिये 40 करोड़ लोगों को गरीबी से बाहर निकाला है। इस तरह वे एक 'अविश्वसनीय' काम कर रहे हैं। डिमन ने मंगलवार को 'इकोनॉमिक क्लब ऑफ न्यूयॉर्क' के एक कार्यक्रम में मोदी सरकार के प्रदर्शन की तारीफ करते हुए कहा, "मोदी ने भारत में अविश्वसनीय काम किया है।.. उन्होंने 40 करोड़ लोगों को गरीबी से बाहर निकाला है।"

**बदलाव के लिए सख्त होना जरूरी :** उन्होंने कहा, "उनके पास एक अविश्वसनीय शिक्षा प्रणाली है, अविश्वसनीय इंफ्रास्ट्रक्चर है, वे पूरे देश को ऊपर उठा रहे हैं। ऐसा इसलिए हो रहा है, क्योंकि यह आदमी भी उतना ही सख्त है। मैं सोचता हूं कि बदलाव के लिए सख्त होना होगा। आप जानते हैं कि वह नौकरशाही के कुछ हिस्सों में बदलाव ला रहे हैं।"



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जेमी डिमन

**अमेरिका में भी ऐसी पहलों की जरूरत**

डिमन ने हाल के दिनों में मोदी द्वारा किए गए सुधारों की तारीफ करते हुए कहा, "उन्होंने यह असाधारण व्यवस्था शुरू की है कि हर नागरिक को हाथ, आंख या उंगली के जरिये चिह्नित किया जाता है। उन्होंने 70 करोड़ लोगों के लिए बैंक खाते खोले हैं। उनके भुगतान सीधे बैंक खातों में हस्तांतरित हो रहे हैं।" उन्होंने पुराने नौकरशाही ढांचों को तोड़ने के लिए मोदी को सख्त बताते हुए कहा, "हमें यहां (अमेरिका में) भी इस सख्ती की थोड़ी जरूरत है।" डिमन ने भारत की अप्रत्यक्ष कर व्यवस्था की भी तारीफ की और कहा कि इसने विभिन्न राज्यों द्वारा अपनाई गई कर प्रणालियों में अंतर से होने वाले भ्रष्टाचार को दूर किया है।

### 'भारत, यूएई 2030 तक 100 अरब अमेरिकी डॉलर के गैर-तेल व्यापार लक्ष्य को पार करने की राह पर'

**नयी दिल्ली।** सीईपीए परिषद के निदेशक अहमद अलजनेबी ने बुधवार को कहा कि मई 2022 में मुक्त व्यापार समझौते के लागू होने के बाद से भारत और संयुक्त अरब अमीरात के व्यापार में 15 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। दोनों देश 2030 तक गैर-तेल व्यापार में 100 अरब अमेरिकी डॉलर के लक्ष्य को पार करने की राह पर हैं। यूएई-भारत सीईपीए परिषद (यूआईसीसी) को जनवरी में वाइब्रेंट गुजरात शिखर सम्मेलन के मौके पर पेश किया गया था। दोनों देशों ने मई 2022 में व्यापक आर्थिक साझेदारी समझौते (सीईपीए) को लागू किया था। अलजनेबी ने कहा कि व्यापक आर्थिक साझेदारी समझौते (सीईपीए) पर हस्ताक्षर के बाद से यूएई-भारत व्यापारिक संबंध तेजी से बढ़े हैं। उन्होंने कहा, " एक मई 2022 को सीईपीए लागू होने के बाद से द्विपक्षीय व्यापार करीब 15 प्रतिशत बढ़ गया है। दोनों देश 2030 तक गैर-तेल व्यापार में 100 अरब अमरीकी डॉलर हासिल करने के लक्ष्य को पार करने की राह पर हैं।" अलजनेबी ने जयपुर में व्यापार गोलमेज बैठक में यह बात कही।

दवा, रत्न व आभूषण, पर्यटन, कपड़ा, नवीकरणीय ऊर्जा, मोटर वाहन कल-पुर्जों और स्वास्थ्य सेवा सहित विभिन्न क्षेत्रों के राजस्थान स्थित उद्यमों ने इस कार्यक्रम में हिस्सा लिया। इसे भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) के सहयोग से यूएई-भारत सीईपीए परिषद (यूआईसीसी) द्वारा आयोजित किया गया।

### कोटक महिंद्रा बैंक के खिलाफ आरबीआई की बड़ी कार्रवाई

# नए क्रेडिट कार्ड्स जारी करने पर लगाई रोक

**एजेंसी। 24 अप्रैल**

**नई दिल्ली।** कोटक महिंद्रा बैंक के खिलाफ बैंकिंग सेक्टर के रेग्यूलेटर भारतीय रिजर्व बैंक ने बड़ी कार्रवाई की है. आरबीआई ने कोटक महिंद्रा बैंक को ऑनलाइन या मोबाइल बैंकिंग चैनल्स के जरिए नए ग्राहक जोड़ने पर रोक लगा दी है. इसके अलावा आरबीआई ने कोटक बैंक के नए क्रेडिट कार्ड्स भी जारी किए जाने पर रोक लगाने का फैसला किया है. हालांकि आरबीआई ने कहा कि कोटक महिंद्रा बैंक अपने मौजूदा कस्टमर्स जिसमें क्रेडिट कार्ड कस्टमर्स भी शामिल हैं उन्हें सभी सर्विसेज उपलब्ध कराती रहेगी.





आरबीआई ने प्रेस रिलीज जारी कर बताया कि 2022 और 2023 के लिए भारतीय रिजर्व बैंक के आईटी एक्सामिनेशन के दौरान बैंक में कई प्रकार की कमियों को लेकर चिंता जाहिर की गई थी . कोटक महिंद्रा बैंक तय समय के भीतर इन चिंताओं का निराकरण करने में विफल साबित हुआ है. आरबीआई ने कहा कि रोबस्ट आईटी इंफ्रास्ट्रक्चर और आईटी रिस्क मैनेजमेंट फ्रेमवर्क के अभाव में बैंक के कोर बैंकिंग सिस्टम और उसके ऑनलाइन और डिजिटल बैंकिंग चैनल्स ने बीते दो सालों में कई दफा आउटेज का सामना किया है. इसी महीने 15 अप्रैल 2024 को भी सर्विसेज ठप्प पड़ गई थी जिससे बैंक के ग्राहकों को दिक्कतों का सामना करना पड़ा है.

आरबीआई के मुताबिक कोटक महिंद्रा बैंक अपने ग्रोथ के साथ आईटी सिस्टम्स को मजबूत करने में विफल रहा है. पिछले दो वर्षों में आरबीआई लगातार आईटी सिस्टम्स की मजबूती और इन दिक्कतों को दूर करने के लिए बैंक के टॉप मैनेजमेंट के साथ संपर्क में रहा है. लेकिन नतीजा संतोषजनक नहीं रहा है.

आरबीआई के मुताबिक बैंक के डिजिटल ट्रांजैक्शन के वॉल्यूम में जोरदार तेजी देखने को मिली है जिसमें क्रेडिट कार्ड्स से जुड़ा ट्रांजैक्शन भी शामिल है. इससे आईटी सिस्टम्स पर भार बढ़ा है. इसी वजह से आरबीआई ने कस्टमर्स के हितों को ध्यान में रखते हुए बैंक पर बिजनेस बंदिशें लगाने का फैसला किया है जिससे लंबी अवधि के आउटेज को रोका जा सके क्योंकि इससे बैंक के कस्टमर सर्विसेज तो प्रभावित होगी ही साथ में डिजिटल बैंकिंग और पेमेंट सिस्टम्स के फाइनेंशियल इकोसिस्टम को भी झटका लगेगा.

### सरकार ने हलाल प्रमाणपत्र देने वाले निकायों की मान्यता की समयसीमा तीन महीने तक बढ़ाई

**एजेंसी। 24 अप्रैल**

**नई दिल्ली।** सरकार ने हलाल प्रमाणपत्र देने वाले निकायों की मान्यता और निर्यात इकाइयों के पंजीकरण की समय सीमा तीन महीने बढ़ाकर चार जुलाई कर दी है. विदेश व्यापार महानिदेशालय ने पिछले साल मांस और मांस उत्पादों के लिए हलाल प्रमाणन प्रक्रिया के लिए नीति और शर्तों को अधिसूचित किया था. साथ ही मौजूदा निकायों को आई-सीएएस (भारत अनुरूप मूल्यांकन योजना) हलाल के लिए राष्ट्रीय प्रमाणन निकाय प्रत्यायन बोर्ड (ठअइउइ) से पांच अप्रैल, 2024 तक मान्यता लेने का निर्देश दिया था. डीजीएफटी ने एक अधिसूचना में कहा, 'हलाल प्रमाणन निकायों की मान्यता और निर्यात इकाइयों के पंजीकरण की समय अवधि तीन महीने यानी चार जुलाई, 2024 तक बढ़ा दी गई है.' विदेश व्यापार महानिदेशालय वाणिज्य मंत्रालय के अंतर्गत आता है. यह निर्यात और आयात से संबंधित मुद्दों को देखता है. दिशानिर्देशों के अनुसार मांस और उसके उत्पादों को हलाल प्रमाणित के रूप में निर्यात करने की अनुमति तभी दी जाती है, जब वे भारतीय गुणवत्ता परिषद के बोर्ड से मान्यता प्राप्त निकाय से मिले वैध प्रमाण पत्र वाली सुविधा में उत्पादित, प्रसंस्कृत और पैक किये जाते हैं. उन्हें एनएबीसीबी से मान्यता लेनी होगी. अधिसूचना के अंतर्गत आने वाले उत्पादों में मवेशियों का मांस, मछली, भेड़ और बकरियों का ठंडा मांस एवं इसी प्रकार के मांस उत्पाद आदि शामिल हैं.

### 2जी फैसला बदलने की कोशिश नहीं, केवल रक्षा, उपग्रह क्षेत्र के लिए नीलामी के बगैर आवंटन

**नयी दिल्ली।** सरकार दूरसंचार स्पेक्ट्रम आवंटन के लिए नीलामी को अहमियत देने के उच्चतम न्यायालय के फैसले में किसी भी तरह के बदलाव की कोशिश नहीं कर रही है। एक शीर्ष सूत्र ने बुधवार को यह बात कही। उच्चतम न्यायालय ने वर्ष 2012 के अपने फैसले में दूरसंचार स्पेक्ट्रम के आवंटन के लिए नीलामी को ही माध्यम बनाने का निर्देश दिया था। हालांकि उपग्रह संचार और रक्षा जैसे विशिष्ट क्षेत्रों को इसके दायरे में नहीं रखा गया था। सूत्र ने कहा कि सरकार ने पिछले साल 15 दिसंबर को शीर्ष अदालत में एक अर्जी दायर कर कुछ विशिष्ट क्षेत्रों को स्पेक्ट्रम आवंटन के संबंध में स्थिति स्पष्ट करने की गुहार लगाई थी। इसमें विशिष्ट उद्देश्यों वाले क्षेत्र जैसे उपग्रह संचार, रक्षा बलों और सार्वजनिक क्षेत्र की इकाइयों, मेट्रो या रेलवे संचालन के लिए नीलामी के बगैर स्पेक्ट्रम आवंटित करने को लेकर स्पष्टीकरण देने का आग्रह किया गया था। याचिका दिसंबर के अंत में संसद में दूरसंचार विधेयक को पारित करने से पहले दायर की गई थी। यह याचिका सोमवार को सुनवाई के लिए रखी गई। नये विधेयक में 19 छूटें दी गयी हैं। सूत्र ने अदालत के समक्ष याचिका आने के बाद उपजे विवाद को 'बेमतलब' बताते हुए कहा कि सरकार से 2जी फैसले को बदलने जैस सवाल किए जा रहे हैं।

# दो दिन की गिरावट के बाद फिर चढ़े सोने-चांदी के दाम

**एजेंसी। 24 अप्रैल**

**नई दिल्ली।** बीते दो दिनों से सोने-चांदी के भाव में आ रही गिरावट आज (24 अप्रैल) थम गई. मजबूत ग्लोबल ट्रेंड के बीच भारतीय सराफा बाजार में महंगा होने के बाद सोने की कीमत 72,600 रुपये प्रति 10 ग्राम के पार हो गया है. वहीं, चांदी का भाव 83,700 रुपये प्रति किलोग्राम से ज्यादा है. एचडीएफसी सिक्योरिटीज ने यह जानकारी दी है. दिल्ली सराफा बाजार में बुधवार को सोने का भाव 410 रुपये की तेजी के साथ 72,610 रुपये प्रति 10 ग्राम पर जा पहुंचा. इससे पहले के कारोबारी सत्र में सोना 72,200 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बंद हुआ था.

**आज कितने पर पहुंच गई चांदी! :** इसी तरह चांदी की कीमत 250 रुपये के उछाल के साथ 85,750 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर पहुंच गई. इससे पहले के कारोबारी सत्र में यह 83,500 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुआ था.



**विदेशी बाजारों में सोने की कीमत में तेजी**

अंतरराष्ट्रीय बाजार कॉमेक्स में हाजिर सोना 2,322 डॉलर प्रति औंस पर कारोबार कर रहा था, जो पिछले बंद भाव से 12 डॉलर अधिक है. इसके अलावा चांदी भी तेजी के साथ 27.10 डॉलर प्रति औंस पर कारोबार कर रही है. पिछले सत्र में यह 26.80 डॉलर प्रति औंस पर बंद हुई थी.

**कीमतों में तेजी जारी रहने के आसार**

सोने की कीमतों में हालिया उतार-चढ़ाव की वजह यह है कि अमेरिका में इकोनॉमी से जुड़े डेटा आने से पहले इनेवस्टर्स सावधानी बरत रहे हैं. हालांकि, गिरावट के बावजूद एनालिस्ट को गोल्ड की कीमतों में तेजी जारी रहने की उम्मीद है.

**मिस्ड कॉल से सोने का रेट जानना है बेहद आसान**

उल्लेखनीय है कि आप इन रेट्स को आसानी से घर बैठे पता लगा सकते हैं. इसके लिए आपको सिर्फ इस नंबर 8955664433 पर मिस्ड कॉल देना है और आपके फोन पर मैसेज आ जाएगा।

## ऑस्ट्रेलियन कोकिंग कोल का भाव (प्लेट के अनुसार)

| मेटालर्जिकल कोयला | रेट (एफ.ओ.बी ऑस्ट्रेलिया) | |
|---|---|---|
| पीक डाउन रिजन | 240 | यूएस डॉलर/प्रतिटन |
| प्रीमियम लो वोलाटाइल (PLV) | 240 | यूएस डॉलर/प्रतिटन |
| लो वोलाटाइल हार्ड कोकिंग कोल | 204 | यूएस डॉलर/प्रतिटन |
| लो वोलाटाइल पीसीआई (PCI) | 154.5 | यूएस डॉलर/प्रतिटन |
| मिड वोलाटाइल पीसीआई (PCI) | 149.5 | यूएस डॉलर/प्रतिटन |
| सेमी सॉफ्ट | 150 | यूएस डॉलर/प्रतिटन |

**कोक प्राइस**

| | ASH | CSR | Rate | *CFR India |
|---|---|---|---|---|
| सीएफआर इंडिया | 12.5% | 66/65 | 345 | यूएस डॉलर/प्रतिटन |
| सीएफआर इंडिया | 12.5% | 65/63 | 330 | यूएस डॉलर/प्रतिटन |
| सीएफआर इंडिया | 12.5% | 64/62 | 320 | यूएस डॉलर/प्रतिटन |
| सीएफआर इंडिया | 12.5% | 62/60 | 315 | यूएस डॉलर/प्रतिटन |

# भारतीय आईटी सेक्टर में लगातार दूसरे साल रेवेन्यू वृद्धि में कमी: क्रिसिल रेटिंग्स

**एजेंसी। 24 अप्रैल**

**नई दिल्ली।** भारतीय आईटी सेवा क्षेत्र में लगातार दूसरे साल राजस्व वृद्धि में नरमी देखी जा रही है। एक घरेलू रेटिंग एजेंसी ने बुधवार को कहा कि यूरोप और अमेरिका में प्रौद्योगिकी मद में खर्च में मामूली वृद्धि हुई है, जिसके कारण घरेलू आईटी सेवा कंपनियों का राजस्व में वृद्धि में नरमी है। क्रिसिल रेटिंग्स ने कहा कि उसे उम्मीद है कि वित्त वर्ष 2024-25 में यह क्षेत्र 5-7 प्रतिशत की दर से बढ़ेगा, जबकि वित्त वर्ष 2023-24 में छह प्रतिशत की वृद्धि हुई। इस उद्योग का कुल आकार 250 अरब अमेरिकी डॉलर आंका गया है और यह 50 लाख से अधिक प्रत्यक्ष रूप से रोजगार देता है। क्रिसिल के निदेशक आदित्य झावर ने कहा कि चालू वित्त वर्ष में भी प्रौद्योगिकी खर्च में नरमी जारी रहेगी, जिससे आईटी सेवा प्रदाताओं की राजस्व वृद्धि पर असर पड़ेगा। हालांकि, उद्योग का परिचालन लाभ मार्जिन 22-23 प्रतिशत पर स्थिर रहेगा। इसका श्रेय कर्मचारी लागत के विवेकपूर्ण प्रबंधन को दिया जा सकता है। एजेंसी ने कहा कि उच्च ब्याज दरों और ग्राहक बाजारों में आर्थिक नरमी के कारण वित्त वर्ष 2023-24 में बैंक, वित्तीय सेवाओं और बीमा (बीएफएसआई), खुदरा, प्रौद्योगिकी और संचार क्षेत्रों में कंपनियों के प्रौद्योगिकी मद में खर्च में मामूली वृद्धि हुई। झावर ने कहा कि बीएफएसआई और खुदरा क्षेत्रों से राजस्व वित्त वर्ष 2024-25 में 4-5 प्रतिशत की धीमी गति से बढ़ेगा।



**क्रिसिल रेटिंग्स ने कहा कि उसे उम्मीद है कि वित्त वर्ष 2024-25 में यह क्षेत्र 5-7 प्रतिशत की दर से बढ़ेगा, जबकि वित्त वर्ष 2023-24 में छह प्रतिशत की वृद्धि हुई।**

## धनबाद कोक/ कोयला मंडी

**हार्ड कोक की दर (रु/प्रति टन)**

**हार्डकोक की कीमत में गिरावट**

| | |
|---|---|
| 1नं0 | 11,000 |
| सेमी | 12,000 |
| लो एश 30% | 13,000 |

**पर्ल कोक का दर (रु/प्रति टन)**

| | |
|---|---|
| 58-60% FC | 12,000 |
| 65% FC | 14,500 |
| 70% FC | 16,500 |

नोट :*कर अतिरिक्त

**प्रमुख शहरों का धनबाद से भाड़ा (रु/प्रति टन)**


| | |
|---|---|
| रायपुर | 1650 |
| रायगढ़ | 1450 |
| हल्दिया | 1200 |
| कोलकाता | 1050 |
| विशाखापतनम | 2600 |
| होसपेट | 4200 |
| नागपुर | 2600 |
| फरीदाबाद | 3000 |
| बटाला | 3500 |
| अहमदाबाद | 2800 |
| पटना | 1500 |
| राजकोट | 3400 |
| रुड़की | 2650 |
| कटक | 1500 |
| दिल्ली | 3000 |
| चेन्नई | 3800 |
| राउरकेला | 1250 |

## रावी नदी के पानी पर भारत का अधिकार...

# पाकिस्तान ने संसद में पहली बार कबूला सच

**एजेंसी। 24 अप्रैल**

**इस्लामाबाद :** पाकिस्तान के संघीय कानून मंत्री आजम नजीर तरार ने कहा है कि भारत को एक संधि के तहत रावी नदी के पानी पर पूरा अधिकार है। उन्होंने कहा कि यह संधि पाकिस्तान को कानूनी रूप से बाध्य करता है कि वह पड़ोसी देश की जल आक्रामकता के खिलाफ अंतरराष्ट्रीय न्यायालय (आईसीजे) में न जाए। तरार ने नेशनल असेंबली (पाकिस्तानी संसद) में भारत के कार्यों पर चर्चा के लिए प्रस्तुत एक ध्यानाकर्षण नोटिस की कार्यवाही के दौरान कहा, पाकिस्तान और भारत के बीच एक जल संधि है। रावी नदी पर पानी का अधिकार भारत का है और हम इसमें हस्तक्षेप नहीं कर सकते।



### रावी के पानी से जम्मू कश्मीर की बदलेगी सूरत

*रिपोर्ट के अनुसार, रावी से जम्मू और कश्मीर को अब 1,150 क्यूसेक पानी मिलेगा जो पहले पाकिस्तान को आवंटित किया गया था। इस पानी का उपयोग कठुआ और सांबा जिलों में 32,000 हेक्टेयर से अधिक भूमि की सिंचाई के लिए किया जाएगा। सिंचाई और जलविद्युत उत्पादन के लिए महत्वपूर्ण शाहपुर कंडी बैराज परियोजना को पिछले तीन दशकों में कई चुनौतियों का सामना करना पड़ा है। हालांकि, अब यह पूरा होने वाला है।*

### भारत के खिलाफ कोर्ट में नहीं जा सकते : पाकिस्तान

*उन्होंने कहा, इस मुद्दे पर भारत के खिलाफ अंतरराष्ट्रीय न्यायालय का सहारा नहीं लिया जा सकता।₹ दोनों देशों के बीच 1960 में हस्ताक्षरित सिंधु जल संधि के तहत भारत रावी, सतलज और ब्यास नदियों के पानी पर दावा करता है। संसद के निचले सदन में नोटिस पेश करने वाले पीटीआई एमएनए जरताज गुल ने तरार पर कड़ा प्रहार करते हुए कहा कि आज कानून मंत्री ने रावी नदी पर भारत का अधिकार स्वीकार कर लिया है, जो खेदजनक है। गुल को जवाब देते हुए कानून मंत्री ने कहा कि कानूनी मुद्दों का राजनीतिकरण नहीं किया जाना चाहिए।*

### सिंधु जल संधि पर दोनों देशों ने 1960 में किए थे हस्ताक्षर

*कानून मंत्री ने कहा, इस [सिंधु जल संधि] पर दोनों देशों ने 1960 में हस्ताक्षर किए थे, हालांकि, भारत इससे बाहर निकलना चाहता है, लेकिन आईसीजे ने इसे बाहर निकलने से रोक दिया है। उन्होंने यह भी कहा कि हालांकि पाकिस्तान किशनगंगा पनबिजली परियोजना के मुद्दे पर सफल हुआ। द न्यूज इंटरनेशनल ने दावा किया कि भारत ने शाहपुर कंडी बैराज के पूरा होने के साथ रावी नदी से पाकिस्तान की ओर पानी का प्रवाह रोक दिया है। शाहपुर कंडी बैराज पंजाब और जम्मू-कश्मीर की सीमा पर स्थित है।*

# पाकिस्तानी आतंकियों के लिए कवच बना चीन का सीक्रेट वीटो

■ **भारत ने संयुक्त राष्ट्र में ड्रैगन को किया बेनकाब**

**एजेंसी। 24 अप्रैल**



**न्यूयॉर्क :** भारत ने चीन पर परोक्ष रूप से कटाक्ष करते हुए कहा है कि संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) की प्रतिबंध समितियों में प्रस्तावों पर लगाई गईं रोक एक प्रकार का 'छिपा हुआ वीटो' है और इसकी आड़ में पाकिस्तान स्थित वैश्विक आतंकवादियों को सूचीबद्ध करने जैसे मामलों पर परिषद के कुछ सदस्य देश कोई जिम्मेदारी नहीं लेंगे। संयुक्त राष्ट्र में भारत की स्थायी प्रतिनिधि एवं राजदूत रुचिरा कम्बोज ने मंगलवार को यह बात कही। रुचिरा कम्बोज ने एक बयान में कहा, ह्यह्यकिसी भी संस्थान के काम करने के तरीकों को उसके सामने आने वाली चुनौतियों का जवाब देना चाहिए। बढ़ती हुई चुनौतियों का मुकाबला करने में संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद का रिकॉर्ड काफी निराशाजनक रहा है।कम्बोज ने संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा 'वीटो पहल- संयुक्त राष्ट्र प्रणाली को मजबूत करना' प्रस्ताव को सर्वसम्मति से अपनाने की दूसरी वर्षगांठ के अवसर पर संयुक्त राष्ट्र महासभा में कहा कि सुरक्षा परिषद ने वीटो को छिपाने के लिए अपने कामकाज के तरीके का उपयोग किया।

### चीन ने आतंकियों पर प्रतिबंध के लिए लगाई है रोक

*रुचिरा कम्बोज ने कहा, हममें से जो लोग मंजूरी समितियों की कार्य प्रणाली और 'रोक और अवरोध' लगाने की इसकी परंपरा से परिचित हैं, वे जानते हैं कि ये उन मामलों पर एक प्रकार की छिपी हुई वीटो शक्ति हैं, जिन पर कुछ परिषद सदस्य कोई जिम्मेदारी नहीं लेंगे और उन्हें अपने निर्णयों की व्याख्या करने की आवश्यकता नहीं होती है। कम्बोज की यह टिप्पणी स्पष्ट रूप से चीन के संदर्भ में है। चीन ने सुरक्षा परिषद की 1267 अल कायदा प्रतिबंध समिति के तहत पाकिस्तान स्थित आतंकवादियों को नामित करने के लिए भारत और अमेरिका जैसे उसके सहयोगी देशों द्वारा पेश किए गए प्रस्तावों पर बार-बार रोक लगाई है।दो साल पहले, संयुक्त राष्ट्र महासभा में संकल्प 76/262 को अपनाया गया था जिसमें यह निर्णय लिया गया था कि 193 सदस्यीय महासभा के अध्यक्ष 15 देशों की सुरक्षा परिषद के एक या अधिक स्थायी सदस्यों द्वारा वीटो करने के 10 दिनों के भीतर एक औपचारिक बैठक बुलाएंगे। कम्बोज ने कहा कि संयुक्त राष्ट्र महासभा प्रस्ताव में परिषद के कामकाज के तरीकों की अपारदर्शिता को संबोधित करने और जवाबदेही तय करने की आवश्यकता को प्रतिबिंबित करने वाली भावना का स्वागत है। उन्होंने कहा, ह्यह्य इन प्रयासों के महत्व को पहचानते हुए, हम चाहेंगे कि इन प्रयासों को इस तरह से किया जाए जिससे उंगली उठाने के बजाय आम सहमति बनाने का माहौल बने।*

### इंडोनेशिया : प्रतिद्वंद्वियों की अपील खारिज होने के बाद प्रबोवो सुबियांतो निर्वाचित राष्ट्रपति घोषित

**जकार्ता (इंडोनेशिया)।** इंडोनेशियाई निर्वाचन आयोग ने बुधवार को एक समारोह में औपचारिक रूप से प्रबोवो सुबियांतो को निर्वाचित राष्ट्रपति घोषित किया। चुनावों में सुबियांतो की शानदार जीत को चुनौती देते हुए हारे हुए उम्मीदवारों ने देश के उच्चतम न्यायालय में अपील दायर की थी, जिसे अदालत ने खारिज कर दिया। शीर्ष अदालत द्वारा अपील खारिज किये जाने के बाद आयोग ने सुबियांतो को राष्ट्रपति घोषित किया। इंडोनेशिया के मौजूदा रक्षा मंत्री सुबियांतो ने 58.6 प्रतिशत मत या 9.6 करोड़ से अधिक मतपत्रों के साथ चुनाव में शानदार जीत हासिल की थी, जो अन्य दोनों उम्मीदवारों में से किसी एक को प्राप्त मत की तुलना में दोगुने से भी अधिक हैं। सुबियांतो के चुनावी प्रतिद्वंद्वियों ने बड़े पैमाने पर धोखाधड़ी और सरकार के व्यापक हस्तक्षेप का आरोप लगाया।

## जापान में 200 लोगों के साथ उड़ान भर रहे विमान से अचानक उठने लगा धुआं

**एजेंसी। 24 अप्रैल**

**टोकियो :** जापान में उस वक्त 200 यात्रियों की जान मुश्किल में पड़ गई, जब हवा में उड़ान भरते विमान से अचानक धुआं उठने लगा। विमान से धुआं उठते देख पायलट समेत क्रू मेंबर्स में पहले अफरातफरी मच गई। फिर विमान में सवार यात्रियों में हड़कंप मच गया। उल्लेखनीय है कि ऑल निप्पॉन एयरवेज (एएनए) के एक विमान में उड़ान के दौरान बुधवार को धुआं निकलते दखा गया, जिसके बाद उत्तरी जापान के शिन चिटोस हवाईअड्डे पर उसे सुरक्षित उतार लिया गया। सरकारी प्रसारक एनएचके ने यह जानकारी दी।इमरजेंसी लैंडिंग के बात यात्रियों की जान में जान आई।

### जनवरी में जापान में विमान बन गया था बर्निंग प्लेन

*इससे पहले जनवरी में भी एक विमान बर्निंग प्लेन बन गया था। यह घटना राजधानी टोकियो के हानेडा हवाई अड्डे पर हुई। इस दौरान जापान एयरलाइंस (जेएएल) की एक उड़ान और एक तट रक्षक विमान की टक्कर हो गई और उसमें आग लग गई। जेएएल के विमान से सभी 379 यात्रियों और चालक दल के सदस्यों को निकाल लिया गया और वे बच गए। तटरक्षक विमान का पायलट घायल हो गया और चालक दल के पांच सदस्यों की मौत हो गई थी।*

### अमेरिकी संसद से यूक्रेन इजराइल ताइवान और हिंद प्रशांत क्षेत्र के लिए 95.3 अरब डॉलर का पैकेज मंजूर

**वाशिंगटन ।** अमेरिकी संसद ने यूक्रेन और इजराइल को मदद देने तथा ताइवान समेत हिंद-प्रशांत क्षेत्र में अमेरिका और उसके सहयोगियों की सुरक्षा मजबूत करने के लिए 95.3 अरब अमेरिकी डॉलर का सहायता पैकेज देने के पक्ष में बड़ी संख्या में मतदान किया। संसद में मंगलवार रात को सहायता पैकेज को मिली मंजूरी से महीनों से जारी उस अनिश्चितता की स्थिति समाप्त हो गई कि क्या अमेरिका रूस के आक्रमण के खिलाफ यूक्रेन की मदद जारी रखेगा या नहीं। विधेयक के पक्ष में 79 और विरोध में 18 वोट पड़े। प्रतिनिधि सभा द्वारा पारित किया गया विधेयक राष्ट्रपति जो बाइडन के पास भेजा गया है। बाइडन ने एक बयान में कहा," मैं विधेयक पर हस्ताक्षर करूंगा जिससे यह कानून बने ताकि हम इसी सप्ताह से यूक्रेन को हथियार तथा साजो सामान भेज सकें।"उन्होंने कहा," रूस से लगातार बमबारी का सामना कर रहे यूक्रेन के लिए, ईरान से अभूतपूर्व हमलों का सामना करने वाले इजराइल के लिए , शरणार्थियों के लिए तथा गाजा, सूडान और हैती सहित दुनिया भर में संघर्षों और प्राकृतिक आपदाओं से प्रभावित लोगों के लिए,साथ ही हिंद प्रशांत क्षेत्र में सुरक्षा और स्थिरता चाहने वाले हमारे भागीदारों के लिए इसकी तत्काल आवश्यकता है।

## ईरान गैस पाइपलाइन के बाद चीन के सीपीईसी का नंबर !

■ **अमेरिकी धमकी से घबराया पाकिस्तान**

**एजेंसी। 24 अप्रैल**

**इस्लामाबाद :** ईरान के राष्ट्रपति इब्राहिम राईसी पाकिस्तान की यात्रा के बाद अब श्रीलंका के लिए रवाना हो गए हैं। ईरानी राष्ट्रपति के साथ बातचीत के दौरान बंद कमरे में पाकिस्तान ने गैस पाइपलाइन के मुद्दे को उठाया लेकिन सार्वजनिक रूप उसका जिक्र करने का साहस नहीं कर पाया। पाकिस्तान ने कहा कि वह ईरान के साथ व्यापार को 10 अरब डॉलर तक ले जाने की कोशिश करेगा। इस यात्रा से ठीक पहले पाकिस्तान में गैस पाइपलाइन का मुद्दा पूरी तरह से गरम था और माना जा रहा था कि कोई बड़ा ऐलान राईसी के साथ हो सकता है। हालांकि पाकिस्तान और ईरान दोनों ने ही इस मुद्दे पर चुप्पी साधे रखी है। वहीं अमेरिका ने साफ कह दिया है कि जो देश ईरान के साथ व्यापार करेगा, उसके खिलाफ प्रतिबंधों का खतरा रहेगा। अमेरिका की इस धमकी के बाद पाकिस्तान जहां सदमे में है, वहीं उसे चीन को लेकर भी बड़ा डर सता रहा है। पाकिस्तान के चर्चित अखबार डॉन ने अपने संपादकीय में शहबाज शरीफ सरकार को सलाह दी है कि उसे इस समस्या पर लंबी अवधि का नजरिया रखना चाहिए।




### चीन और अमेरिका में बढ़ रहा तनाव, फंसा पाकिस्तान

*दरअसल, ईरान ने पाकिस्तान की सीमा तक अरबों डॉलर खर्च कर-के पाइपलाइन बना दिया है लेकिन पाकिस्तान आनाकानी कर रहा है। ईरान ने धमकी दी थी कि अगर पाकिस्तान समझौते के तहत पाइपलाइन नहीं बनाता है तो वह कोर्ट में जाएगा और अरबों डॉलर का हजार्ना वसूलेगा। इस धमकी के बाद पाकिस्तान ने ऐलान किया कि वह पाइपलाइन को बनाएगा लेकिन अभी तक काम शुरू करने का साहस नहीं कर पाया है। पाकिस्तान की कोशिश थी कि वह ईरानी राष्ट्रपति के साथ मुलाकात में इसको लेकर कोई सहमति बनाई जाए।*

## ऑस्ट्रेलिया में हिंसक चरमपंथी विचारधारा को मानने के आरोप में सात किशोर गिरफ्तार

**एजेंसी। 24 अप्रैल**

**सिडनी ।** ऑस्ट्रेलियाई पुलिस ने पूरे सिडनी में छापेमारी कर हिंसक चरमपंथी विचारधारा को मानने के आरोप में सात किशोरों को बुधवार को गिरफ्तार किया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि 15 से 17 वर्ष की उम्र के ये सात लोग उस नेटवर्क का हिस्सा थे, जिसमें 15 अप्रैल को सिडनी के एक चर्च में बिशप को चाकू मारकर हमला करने का आरोपी 16 वर्षीय एक लड़का भी शामिल था। संयुक्त आतंकवाद-रोधी टीम ने बुधवार देर रात तक पांच अन्य किशोरों से पूछताछ की थी। न्यू साउथ वेल्स पुलिस उपायुक्त डेविड हडसन ने कहा कि 400 से अधिक पुलिस अधिकारियों ने दक्षिण-पश्चिम सिडनी में 13 तलाशी वारंट पर कार्रवाई की क्योंकि संदिग्धों को एक बड़ा खतरा माना गया था। हडसन ने पत्रकारों से कहा, "हम गिरफ्तार लोगों पर यह आरोप लगाएंगे कि ये हिंसक चरमपंथी विचारधारा को मानते थे। सिडनी स्थित एक चर्च में उपस्थित तीन श्रद्धालुओं और बिशप को चाकू मारकर घायल करने की घटना के बाद एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया था।



चास मेन रोड, चंद्रा टॉकीज के पास, फर्स्टक्राई स्टोर के बगल में चास
9263001480 / 9263001481

## बुर्ज खलीफा नहीं रह जाएगी दुनिया की सबसे ऊंची बिल्डिंग

# थाईलैंड ने बनाया 'आठवें अजूबे' का महाप्लान



**एजेंसी। 24 अप्रैल**

**बैंकाक :** आज के समय दुनिया की सबसे ऊंची बिल्डिंग बुर्ज खलीफा है। लेकिन अब इससे भी बड़ी बिल्डिंग बनाने का प्लान किया जा रहा है, जिसके आगे बुर्ज खलीफा भी बौना लगेगा। यह महत्वाकांक्षी योजना थाइलैंड में आकार लेगी। इस विशाल इमारत को बैंकॉक में उसी कंपनी की ओर से बनाया जा सकता है, जिसने दुबई में रेकॉर्ड तोड़ने वाला टावर बनाया था। थाई प्रधानमंत्री श्रेथा थाविसिन ने शुक्रवार को अपने एक्स अकाउंट पर चीनी और मध्य पूर्व की कंपनियों के साथ मीटिंग की डिटेल शेयर करते हुए घोषणा की।इस प्रोजेक्ट की सटीक ऊंचाई और लागत की स्पष्ट जानकारी नहीं है। लेकिन मेगास्ट्रक्चर कथित तौर पर बुर्ज खलीफा से दुनिया की सबसे ऊंची इमारत का खिताब छीन लेगा। इस टॉवर का नाम क्या होगा इसकी जानकारी नहीं है। लेकिन एक ही टॉवर में ऑफिस, होटल और एंटरटेनमेंट हब शामिल होंगे। इस परियोजना में एक मनोरंजन केंद्र, कसीनो, एक बड़ा वित्तीय केंद्र और डिपार्टमेंटल स्टोर शामिल होगा। बुर्ज खलीफा को एम्मार ग्रुप ने बनाया था।

### बिल्डिंग बनाने पर चल रही बातचीत

*एम्मार ग्रुप अब बुर्ज खलीफा से बड़ी बिल्डिंग बनाकर अपना खुद का रेकॉर्ड तोड़ सकता है। ब्लूमबर्ग की रिपोर्ट के मुताबिक सरकार के एक प्रवक्ता चाई वाचरोन्के ने बताया, 'पीएम ने उनके सामने एक चुनौती रखी कि वे यहां एक टावर बना सकते हैं, जो दुबई के टावर से भी ऊंचा हो। उन्होंने इस विचार को अस्वीकार नहीं किया है।' कंपनी के संस्थापक मोहम्मद अलब्बर ने कहा कि एक सुपर टॉवर की बातचीत अभी भी शुरूआती चरण में है। उन्होंने कहा कि इस परियोजना को सार्वजनिक रूप से कारोबार करने वाली फर्म की जगह निवेशकों के एक ग्रुप की ओर से विकसित किया जाएगा।*

### क्या है बुर्ज खलीफा की खासियत !

*बुर्ज खलीफा की बात करें तो इसकी ऊंचाई 828 मीटर है। यह दुनिया की सबसे ऊंची बिल्डिंग हैं। इसके दो ऑब्जर्वेशन डेक हैं, जिन्हें एट द टॉप के नाम से जाना जाता है, जो 124वीं और 148वीं मंजिल पर मौजूद हैं। यहां खड़े होकर पूरे दुबई का नजारा देखा जा सकता है। यह पहली बार नहीं है जब बुर्ज खलीफा से ऊंची बिल्डिंग बनाने की बात हो रही है। सऊदी ने भी दुनिया की सबसे ऊंची बिल्डिंग बनाने की कोशिश की थी, जिसका निर्माण अचानक रुक गया।*

वर्ष 6 अंक 12 अखबार के स्वामी आवाज प्रकाशन प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक - मुद्रक नवीन कुमार सिन्हा द्वारा आवाज प्रकाशन प्रा.लि. नवाडीह, बिरसा मुंडा पार्क के निकट, बी0 पोलिटेक्निक, धनबाद 828130 से मुद्रित एवं आवाज प्रकाशन प्रा. लि.ओम भवन, झौंसागढ़ी, दुमका रोड, नजदीक गौशाला, देवघर 814112 से प्रकाशित। संपादक - अमित कुमार सिन्हा। स्थानीय संपादक उदय शंकर खवाड़े* सम्पादकीय व विज्ञापन विभाग - 7319894441, फैक्स (06432) 240300 RNI No. JHAHIN/2019/78205 (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिये जिम्मेवार) E-mail - awazdesk@gmail.com